आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

आज
महर्षि नारद जयंती

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 107 | उज्जैन, रविवार 03 मई, 2026 | ज्येष्ठ कृष्ण 2 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### जंग रोकने का ईरानी ऑफर ट्रंप ने फिर ठुकराया

**तेल अवीव/तेहरान।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि वे ईरान को किसी भी हालत में परमाणु हथियार हासिल नहीं करने देंगे, क्योंकि यह पूरी दुनिया की सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा है। इसी वजह से अमेरिका को ईरान के खिलाफ जंग में उतरना पड़ा। ट्रम्प ने फ्लोरिडा में शुक्रवार को एक कार्यक्रम में कहा- अगर हम ऐसा नहीं करते, तो उनके पास परमाणु हथियार होता और इजराइल, मिडिल ईस्ट और यूरोप तबाह हो जाते। हम ऐसे पागलों के हाथ में परमाणु हथियार नहीं जाने दे सकते। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका ने मिडिल ईस्ट को एक परमाणु खतरे से बचा लिया है। ट्रम्प ने यह भी कहा कि उन्होंने जंग रोकने के लिए ईरान का ऑफर फिर से ठुकरा दिया है।

### ट्रम्प ने यूरोपीय यूनियन की कार-ट्रकों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने घोषणा की है कि अगले हफ्ते से यूरोपीय संघ से आने वाली कारों और ट्रकों पर टैरिफ बढ़ाकर 25% कर दिया जाएगा। ट्रम्प का कहना है कि यूरोपीय संघ पहले से तय व्यापार समझौते का पालन नहीं कर रहा है, इसलिए यह फैसला लिया गया है। हालांकि अगर यूरोपीय कंपनियां अमेरिका में ही कार और ट्रक बनाएंगी, तो उन पर कोई टैक्स नहीं लगाया जाएगा। ट्रम्प के मुताबिक, इस समय अमेरिका में कई नई ऑटोमोबाइल और ट्रक फैक्ट्रियां बन रही हैं, जिनमें 100 बिलियन डॉलर से ज्यादा का निवेश हो रहा है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका में इस तरह का निवेश और विकास पहले कभी नहीं देखा गया। इन फैक्ट्रियों में अमेरिकी लोगों को रोजगार मिलेगा।

पाकिस्तानी नेता नबील गबोल ने कहा

### मैं 'धुरंधर 3' बनाऊंगा



**मैं राकेश बेदी नहीं हूं, फिल्म से ऐसा जवाब दूंगा, जिसे आदित्य धर याद रखेंगे**

**मुंबई।** पाकिस्तानी पॉलिटिशियन नबील गबोल ने पाकिस्तान के ल्यारी इलाके पर आधारित एक फिल्म बनाने की बात कही। जिसका नाम ल्यारी का गब्बर होगा। सोशल मीडिया पर सामने आए एक वीडियो में नबील ने कहा कि अब मैं भारत को जवाब दूंगा, उन्होंने ल्यारी के खिलाफ धुरंधर 1 और धुरंधर 2 बनाई है। मैं उनको धुरंधर 3 बनाकर दूंगा, लेकिन उसका नाम धुरंधर नहीं होगा, बल्कि ल्यारी का गब्बर होगा। उन्होंने आगे कहा कि उन्होंने किससे पंगा लिया है? मुझसे। मैं कौन हूं? मैं नबील गबोल हूं, मैं राकेश बेदी नहीं हूं। मैं ऐसा जवाब दूंगा, जिसे आदित्य धर याद रखेंगे और मोदी, जिनके पैसों से आपने धुरंधर बनाई है, उन्हें भी पता चल जाएगा जब धुरंधर 3 आएगी। धुरंधर 5 दिसंबर 2025 को ग्लोबली रिलीज हुई थी। फिल्म में रणवीर सिंह के साथ संजय दत्त, अक्षय खन्ना, आर माधवन, अर्जुन रामपाल और सारा अर्जुन नजर आए थे। फिल्म आदित्य धर ने डायरेक्ट की थी। सैकनिल्क के अनुसार, धुरंधर ने भारत और अंतरराष्ट्रीय बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया और दुनियाभर में करीब 1,307 करोड़ रुपए कमाए। भारत में फिल्म का ग्रॉस कलेक्शन 1,005.85 करोड़ रुपए रहा, जबकि नेट कलेक्शन लगभग 840 करोड़ रुपए हुआ। विदेशी बाजारों में भी फिल्म को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला। ओवरसीज में इसने करीब 299.5 करोड़ रुपए कमाए। अमेरिका और कनाडा में 193.06 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई कर बाहुबली 2 का रिकॉर्ड भी तोड़ा। धुरंधर का दूसरा पार्ट ग्लोबली 19 मार्च 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुआ था। फिल्म की अब तक की कुल दुनिया भर में कमाई 1,780.76 करोड़ रुपए हो चुकी है। भारत में फिल्म का कुल नेट कलेक्शन 1,132.94 करोड़ रुपए और कुल ग्रॉस कलेक्शन 1,356.01 करोड़ रुपए तक हो गया है।

### जर्मनी से नाराज ट्रम्प ने 5000 सैनिक वापस बुलाए

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने जर्मनी से करीब 5 हजार सैनिक हटाने का फैसला किया है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के मुताबिक यह प्रक्रिया अगले 6 से 12 महीनों में पूरी होगी। यह कदम सीधे तौर पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज के बीच बयानबाजी के बाद सामने आया है। मर्ज ने पिछले महीने एक कार्यक्रम में कहा था कि अमेरिका के पास कोई अच्छी प्लानिंग नहीं है। उसे पता ही नहीं है कि वह इस जंग से बाहर कैसे निकलेगा। उन्होंने कहा कि ईरान बातचीत को टालने में माहिर है और अमेरिका को बिना नतीजे के इस्लामाबाद तक आना-जाना पड़ा। इससे अमेरिका को ईरान के सामने अपमानित होना पड़ा। इससे ट्रम्प नाराज हो गए थे। उन्होंने मर्ज को लेकर कहा कि वे बहुत खराब काम कर रहे हैं।

### आरबीआई के नए डिप्टी गवर्नर बने रोहित जैन, 3 साल का होगा कार्यकाल

**नई दिल्ली।** अपॉइंटमेंट कमेटी ऑफ द कैबिनेट यानी एसीसी ने रोहित जैन को भारतीय रिजर्व बैंक का नया डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया है। उनकी यह नियुक्ति 3 साल के लिए होगी, जो 3 मई या उसके बाद से प्रभावी मानी जाएगी। जैन वर्तमान डिप्टी गवर्नर टी रबी शंकर की जगह लेंगे, जिनका कार्यकाल आज समाप्त हो रहा है। रोहित जैन इससे पहले दिसंबर 2020 से आरबीआई में कार्यकारी निदेशक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे। कार्यकारी निदेशक के तौर पर जैन ने सुपरविजन विभाग (रिस्क, एनालिटिक्स और वल्नरेबिलिटी असेसमेंट) की जिम्मेदारी संभाली है। केंद्र सरकार ने पिछले महीने डिप्टी गवर्नर पद के लिए चार कार्यकारी निदेशकों का इंटरव्यू लिया था, जिसमें से जैन के नाम पर मुहर लगी है।

पलायन के 36 सालों के उपरांत कश्मीरी विस्थापितों को वापस कश्मीर लाने की कोशिशों पर

## 1,618 करोड़ खर्च हुए पर लौटे सिर्फ तीन कश्मीरी परिवार

एजेंसी ▸▸ जम्मू

पलायन के 36 सालों के उपरांत कश्मीरी विस्थापितों को वापस कश्मीर लाने की कोशिशों पर हजारों करोड़ का खर्चा किया जा चुका है पर कामयाबी फिलहाल कोसों दूर है। सरकारी दस्तावेज खुद कहते हैं कि पुनर्वास पैकेज के तहत जो 1618 करोड़ खर्च किए गए वे सिर्फ 3 कश्मीरी परिवारों को कश्मीर लौटाने में कामयाब हुए हैं।

दरअसल जम्मू कश्मीर प्रशासन ने सूचना का अधिकार के एक सवाल के जवाब में कश्मीरी प्रवासियों के लिए एक



पुनर्वास पैकेज का ब्योरा दिया है, जिसमें आवास, रोजगार और वित्तीय सहायता के घटक शामिल हैं।

राहत और पुनर्वास आयुक्त (प्रवासी) के कार्यालय द्वारा जारी जवाब के अनुसार, सरकार ने 2009 में कश्मीरी प्रवासियों की घाटी में वापसी और पुनर्वास के लिए एक पैकेज मंजूर किया था, जिसका वित्तीय परिव्यय 1,618.40 करोड़ था।

आरटीआई के जवाब में कहा गया है कि इस योजना में कई घटक शामिल हैं, जैसे आवास सहायता, ट्रांजिट आवास, नकद राहत जारी रखना, छात्रों के लिए छात्रवृत्तियां, रोजगार के अवसर, किसानों और बागवानों को सहायता, और ऋणों पर ब्याज माफी।

आवास घटक के तहत, पूरी तरह या आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त घरों के लिए 7.5 लाख की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है, जबकि जर्जर या अप्रयुक्त घरों के लिए 2 लाख प्रदान किए जाते हैं। इसके अलावा, उन लोगों के लिए ग्रुप हाउसिंग सोसाइटियों में घर खरीदने या बनाने के लिए 7.5 लाख का प्रावधान है, जिन्होंने संबंधित कानून लागू होने से पहले अपनी संपत्तियां बेच दी थीं।

जवाब में बताया गया है कि अब तक इस पैकेज के तहत घाटी में लौटने का विकल्प चुनने वाले परिवारों की संख्या बहुत कम है। रोजगार के मामले में, सरकार ने 6 हजार बेरोजगार विस्थापित युवाओं को नौकरियां देने का लक्ष्य रखा था, जिनमें से 5,880 नियुक्तियां की जा चुकी हैं, जबकि शेष पद भर्ती के विभिन्न चरणों में हैं।

### आवास इकाइयां बनाई जा रही

- ट्रांजिट आवास के संबंध में, जवाब में कहा गया है कि घाटी में कश्मीरी प्रवासी कर्मचारियों के लिए 6 हजार आवास इकाइयां बनाई जा रही हैं। 1 अप्रैल, 2026 तक, 4,118 इकाइयां पूरी हो चुकी हैं और 1,882 निर्माणाधीन हैं।
- दस्तावेज के अनुसार, सरकार ने प्रवासी संपत्तियों की सुरक्षा और संकट में बिक्री को रोकने के लिए कानूनी प्रावधान भी लागू किए हैं, जिसके तहत ज़िला मजिस्ट्रेटों को ऐसी संपत्तियों का संरक्षक नियुक्त किया गया है।
- आरटीआई का जवाब आगे स्पष्ट करता है कि दी गई जानकारी उपलब्ध रिकार्ड पर आधारित है और दस्तावेजों में दर्ज आंकड़ों से परे की व्याख्याओं तक इसका विस्तार नहीं है।

प्रदेश में भीषण गर्मी के दौर के बीच

## आंधी-बारिश के साथ ओले भी गिरे

### रायसेन में वेयरहाउस की छत उड़ी, सीहोर में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में रखी फसल भीगी





दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश में भीषण गर्मी के दौर के बीच आंधी-बारिश होने के साथ ओले भी गिर रहे हैं। शनिवार को दोपहर बाद भोपाल में बारिश हुई। रायसेन के कई गांवों में तेज आंधी चली। छुछार गांव में हरशिव वेयरहाउस की टीन की छत उड़ गई। 5 हजार मीट्रिक टन क्षमता वाले इस वेयरहाउस में सरकारी मूंग रखी है। बरेली और बाड़ी में किसानों का अनाज भीगने से सरकारी खरीदी प्रभावित हुई है।

सीहोर के इछावर, बोरदी, झालकी और भाऊखेड़ी में आंधी के साथ पानी गिरा। बोरदी में विनायक वेयरहाउस पर 2 किलोमीटर तक खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में रखी फसल भीग गई।

बालाघाट में दोपहर 1.30 बजे के बाद गरज-चमक के बाद तेज बारिश हुई। नगर पालिका परिसर में लगा एक पेड़ तेज हवा से गिर गया, जिसके नीचे एक बाइक दब गई। सीहोर में श्यामपुर रोड पर जाखाखेड़ी में पेड़ सड़क पर गिरा। ब्यावरा में आंधी से दुकानों के फ्लैक्स उड़ गए। पिपरिया में शाम करीब 4 बजे धूल भरी आंधी चली। हल्की बूंदाबादी भी हुई।

### बंगाल में 15 बूथ पर दोबारा वोटिंग

एजेंसी ▸▸ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में डायमंड हार्बर के 4 और मगराहाट पश्चिम के 11 बूथों पर शनिवार को दोबारा मतदान हुआ। साउथ 24 परगना में टीएमसी और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई। इस दौरान सुरक्षाबलों ने दोनों पक्षों को शांत कराया। वहीं डायमंड हार्बर के फालता में स्थानीय लोगों ने टीएमसी कार्यकर्ताओं पर हमला करने और पुलिस पर लाठीचार्ज करने का आरोप लगाया। लोगों ने बताया कि वोट डालने के बाद टीएमसी के लोगों ने उनके साथ मारपीट की और जब वे इसका शांति से विरोध कर रहे थे तो पुलिस ने उन पर लाठीचार्ज किया। कई लोगों को पैर में, सिर में और हाथ में चोट आई है। वहीं, टीएमसी ने आरोप लगाया कि मगराहाट के बूथ नंबर 127 पर सुरक्षाबलों ने हमारे कैंप में तोड़फोड़ की और कार्यकर्ताओं से मारपीट की।

आईईडी को डिफ्यूज करते समय ब्लास्ट

## चार जवान शहीद

### इसमें डीआरजी के इंस्पेक्टर और कॉन्स्टेबल शामिल

एजेंसी ▸▸ जगदलपुर

छत्तीसगढ़ के कांकेर-नारायणपुर बॉर्डर पर शनिवार को आईईडी ब्लास्ट में 4 जवान शहीद हो गए। फोर्स शनिवार सुबह कोरोसकोडा के जंगल में सर्च ऑपरेशन पर निकली थी। इसी दौरान नक्सलियों की बिछाई गई आईईडी को डिफ्यूज करते समय अचानक जोरदार धमाका हुआ।

मामला छोटेबेठिया थाना क्षेत्र का है। बताया जा रहा है कि धमाका इतना तेज था कि मौके पर मौजूद जवानों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। हादसे में घायल जवानों का तुरंत रेस्क्यू किया गया, लेकिन गंभीर चोटों के कारण 3 जवानों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घायल जवान परमानंद कोर्राम को बेहतर इलाज



के लिए रायपुर एयरलिफ्ट गया था, जहां इलाज के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। बस्तर रेंज के आईजी सुंदरराज पी. ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि, सर्च के दौरान सुरक्षाबलों को एक नक्सली डंप भी मिला है। सरेंडर कर चुके नक्सलियों से मिले इनपुट के आधार पर पिछले कुछ महीनों से लगातार आईईडी बरामदगी का अभियान चलाया जा रहा है। आज का अभियान भी उसी का हिस्सा था। इस दौरान हादसा हुआ।

## देशभर में करोड़ों मोबाइल पर एकसाथ अलर्ट मैसेज आया

### सरकार ने इमरजेंसी अलर्ट सिस्टम की टेस्टिंग की

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देशभर में शनिवार सुबह 11.45 बजे कई मोबाइल फोन पर एकसाथ सायरन की आवाज सुनाई देने लगी। स्क्रीन पर हिंदी-अंग्रेजी में एक मैसेज था। सायरन बंद हुआ तो मोबाइल पर मैसेज पढ़कर भी सुनाया गया। इससे कई लोग परेशान हुए, तो कई कन्फ्यूज।

यह मैसेज राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, यानी एनडीएम ने भेजा था। एनडीएम ने इमरजेंसी में लोगों तक सूचना पहुंचाने के लिए 2 मई को सेल ब्रॉडकास्ट अलर्ट सिस्टम का परीक्षण किया। शनिवार को देश के सभी राज्यों की राजधानियों और दिल्ली-एनसीआर में सभी मोबाइल फोन पर एकसाथ टेस्टिंग मैसेज भेजा गया। यह मैसेज हिंदी और अंग्रेजी के साथ सभी क्षेत्रीय भाषाओं में भी भेजा गया। मैसेज में बताया गया कि यह केवल परीक्षण है और इस पर कोई एक्शन लेने की जरूरत नहीं है।




देश को जल्द मिलेंगी हाइपरसोनिक मिसाइलें

## कोई डिफेंस सिस्टम नहीं रोक पाएगा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत ने युद्धों की बदलती रणनीति को देखते हुए अत्याधुनिक हाइपरसोनिक मिसाइल तकनीक पर काम तेज कर दिया है। डीआरडीओ प्रमुख समीर वी. कामत ने एक कार्यक्रम में बताया है कि देश जल्द हाइपरसोनिक ग्लाइड मिसाइल और हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल से लैस होगा।

इनकी रफ्तार सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल से दोगुनी होगी। इसकी खासियतों की वजह से दुनिया का कोई डिफेंस सिस्टम इन्हें रोक नहीं पाएगा। डीआरडीओ प्रमुख के अनुसार, ग्लाइड मिसाइल का पहला परीक्षण जल्द संभव है। स्क्रैमजेट इंजन पर आधारित क्रूज मिसाइल को लेकर भी बड़ी कामयाबी




मिली है। हाल ही में स्क्रैमजेट प्रोपल्शन का 1 हजार सेकंड से ज्यादा समय तक परीक्षण सफल रहा है। औपचारिक मंजूरी मिलने के 5 साल में इस मिसाइल प्रणाली को सेना के बेड़े में शामिल करने का लक्ष्य है। भारत एंटी-शिप मिसाइल भी विकसित कर रहा है। यह मिसाइल ब्रह्मोस की तुलना में और ज्यादा तेज होगी। इसके तीसरे चरण का परीक्षण इसी महीने किया जाना है।

रूस के पास जिरकॉन और किंजल हाइपरसोनिक मिसाइलें हैं। चीन के पास डीएफ-जेडएफ है, जो तैनात की जा चुकी हैं।

जबलपुर बरगी डैम हादसे में कार्रवाई

## क्रूज पायलट, हेल्पर व टिकट काउंटर प्रभारी निलंबित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जबलपुर

जबलपुर स्थित बरगी डैम हादसे में सरकार सख्त हो गई है। गंभीर लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। क्रूज पायलट और हेल्पर व टिकट काउंटर प्रभारी को निलंबित किया गया है।

मध्य प्रदेश के जबलपुर स्थित बरगी डैम हादसे में सरकार ने पहली सख्त कार्रवाई की है। अब गंभीर लापरवाही करने वाले कर्मचारियों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। क्रूज पायलट और हेल्पर व टिकट काउंटर प्रभारी को निलंबित किया गया है।

### दो बच्चों की लाश निकाली, अब तक 11 की मौत

मध्यप्रदेश के जबलपुर में क्रूज हादसे में शनिवार शाम करीब 6 बजे गोताखोरों ने दो बच्चों के शव बाहर निकाले। एक बच्चे की पहचान विराज पिता कृष्ण सोनी (6) के रूप में हुई। इसके साथ ही हादसे में मौतों का आंकड़ा बढ़कर 11 हो गया। 2 लोग अब भी लापता हैं। शनिवार सुबह से लापता 4 लोगों की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन शुरू हुआ था, लेकिन दोपहर में अचानक मौसम बिगड़ने से अभियान प्रभावित हो गया। तेज आंधी और हवाओं के कारण डैम में ऊंची लहरें उठने लगीं, जिससे सर्चिंग बार-बार रोकनी पड़ी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एक्स पर लिखते हैं कि जबलपुर के बरगी जलाशय में हुए दुखद क्रूज हादसे में लापरवाही बरतने वाले दोषियों पर सख्त कार्रवाई की गई है। क्रूज पायलट महेश पटेल, क्रूज हेल्पर छोटेलाल गोंड और टिकट काउंटर प्रभारी बृजेंद्र की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई हैं।

इसके अलावा, होटल मैकल रिसॉर्ट और बोट क्लब बरगी के मैनेजर सुनील मरावी को कार्य में लापरवाही बरतने के कारण निलंबित किया गया है, जबकि रीजनल मैनेजर संजय मल्होत्रा को मुख्यालय अटैच कर विभागीय जांच शुरू कर दी गई है।

पुणे में नानी के यहां गर्मी की छुट्टियां बिताने आई

## 4 साल की बच्ची से रेप और हत्या

### 65 साल का आरोपी गिरफ्तार, सीएम बोले- सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में होगी

एजेंसी ▸▸ पुणे

महाराष्ट्र के पुणे में शुक्रवार को एक व्यक्ति ने 4 साल की बच्ची से रेप के बाद पत्थर से कुचलकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने 65 साल के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस रिपोर्ट के मुताबिक, बच्ची पुणे के भोर तहसील में रहने वाली अपनी नानी के यहां गर्मी की छुट्टियां बिताने आई थी। भीमराव कांबले (आरोपी) शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे बच्ची को बहला-फुसलाकर अपने घर के पास बने तबेले में ले गया। वहां बच्ची से रेप करने के बाद उसकी हत्या कर दी।

महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री और एनसीपी (एसपी) नेता अनिल देशमुख ने मामले में आरोपी के लिए फांसी और मामला की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराने की मांग की थी। इसके बाद महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि सरकार इस मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराएगी और अपराधी के लिए फांसी की मांग करेगी।

### सुप्रिया सुले बोलीं- घटना मानवता को कलंकित करने वाली



- एनसीपी (एसपी) नेता और सांसद सुप्रिया सुले ने आरोपी को कठोर से कठोर सजा देने की मांग की। उन्होंने कहा कि यह घटना बेहद शर्मनाक और मानवता को कलंकित करने वाली है।
- शिवसेना की राष्ट्रीय प्रवक्ता शाइना एनसी ने कहा कि इस दरिंदगी समाज के लिए बड़ा सवाल खड़ा करती है। इस घटना को लेकर लोगों में भारी गुस्सा है। यह सिर्फ एक अपराध नहीं, बल्कि एक मासूम के खिलाफ सबसे क्रूर अत्याचार है।

### गांव वालों ने मुंबई-बेंगलुरु हाईवे पर चक्काजाम किया

घटना के बाद गांव के लोगों ने शुक्रवार रात विरोध प्रदर्शन किया और मुंबई-बेंगलुरु हाईवे पर चक्काजाम कर दिया। पुणे ग्रामीण पुलिस अधीक्षक संदीप सिंह गिल ने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया है कि इस मामले में 15 दिनों के भीतर चार्जशीट दाखिल कर दी जाएगी।

**तबेले से मिला बच्ची का शव-** काफी देर तक बच्ची घर नहीं लौटी, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। कुछ लोगों ने तबेले में भी बच्ची को तलाशा तो उसका शव बरामद हुआ। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की तलाश की तो एक फुटेज में आरोपी बच्ची को तबेले की ओर ले जाता हुआ नजर आया। पुलिस ने तुरंत भीमराव कांबले को हिरासत में ले लिया। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है।



Mob.9179280723
Mob.9179703509
405, शगुन टॉवर, अपना स्वीट्स, विजय नगर चौराहा, इंदौर
Gunjan Shrivastava

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शनिवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## सूत न कपास जुलाहों में लट्ठम-लट्ठा

अजीब तरह की कार्रवाई देखी और सूनी गई। मजदूरी कर जीवन ज्ञापन करने वालों के पास जेब में वैसे ही गिनती के पैसे रहते हैं उनमें से भी बेवजह जांच के नाम पर खर्च करवा दिए गए। सफर में सहयोग करना तो दूर की बात और समस्या के साथ संकट पैदाकर दिया और पैदा भी उसने किया जिसके पास गरीबों को पूरी मजदूरी मिले इस बात का ध्यान रखने की जिम्मेदारी है। खास तो यह रहा कि श्रम भी ऐसा किया गया कि बगैर आधार के ही पूरी छुक-छुक रूकवा दी गई। गर्मी के दिन और रात के समय छुक-छुक में बैठे लोगों के पसीने से बनियान तक गिली हो गई। नारी सब पे भारी की कहावत चरितार्थ हो गई। बगैर आधार, गवाह, सबूत के सब कुछ कर दिया। बेचारे गरीबों की जेब पर तरस भी नहीं आया। बेवजह रात भर जगाया वो अलग। वर्दी घर के दर्शन छोटी सी उमर में कई घंटों करवाए दिए। कुछ किस्मत वाले थे जिनके साथ उनके घर वाले भी दर्शन कर गए। कुछ के रिश्तेदारों ने भी साथ में ही कर लिए। इतने पर भी तरस नहीं आया जिम्मेदारी के बोध नहीं जागा मात्र कानूनी अधिकार का बोध रहा। नाश्ते और खाने में काम चलाया उसे लेकर भी सवाल उठना लाजिमी है। गरीब की वापसी में किसी ने जेब की जिम्मेदारी उठाकर छुक-छुक का किराया नहीं चुकाया। अंदाजा लगाया जाना चाहिए कहीं चोरी हो गई हो और वहां से गुजर रहे राहगिर को बगैर आधार उसके कपड़े खुलवाकर जांच की जाए। बाद में कमरे से बाहर लाकर छोड़ दिया जाए और कहा जाए की कुछ नहीं मिला। कुछ ऐसा ही उन बच्चों उनके पालकों एवं साथ जा रहे रिश्तेदारों के साथ हुआ। गजब की जांच और अजब जिम्मेदार। जांच से पहले सूचना का पर्याप्त आधार देखे बिना आखिर कैसे ये सब किया गया। कानूनी रूप से क्या इसे जायज ठहराया जा सकता है। गरीब की जोरू सबकी भाभी की तर्ज पर बच्चों उनके कुछ पालकों एवं रिश्तेदार कर भी क्या सकते हैं। गरीब की इज्जत के लिए कोई आवाज उठाने वाला नहीं बचा है। इन्हीं जिम्मेदारों के विभाग बता रहे हैं कि इनके विभागीय तमाम मंचों पर सतथ्य शिकायतों में इनके द्वारा कई शिकायतें/ सूचना लंबित हैं। खुसूर-फुसूर है कि जेम्स बांड बनने के चक्कर में घांसीराम के हालात बने हैं। छुक-छुक वालों ने तो गरीब से डबल किराया वसूल लिया और इनकी हंसी भी उड़ा रहे हैं। खास तो यह है कि भेदभाव और निजद्वेषता की स्थिति के साथ इनके काम स्वार्थ तक सिमट रहे हैं। गरीब की जेब पर जांच का जजियाकर डालकर उसकी बद्दुआ इन्हें प्रभावित करने वाली होगी। गीता के सार में जैसा कर्म करेगा वैसा फल देगा भगवान। आज नहीं कल तो देगा ही।

खुसूर फुसूर

## न्यूज कॉलम

### प्रतिकल्पा की 21वीं ग्रीष्मकालीन नृत्य कार्यशाला आज से

**उज्जैन।** प्रतिकल्पा सांस्कृतिक संस्था द्वारा आयोजित 21वीं ग्रीष्मकालीन नृत्य कार्यशाला का विधिवत शुभारंभ 3 मई, रविवार को शाम 6 बजे फ्रीगंज स्थित भारतीय ज्ञानपीठ में होगा। संस्कृति संचालनालय, मध्य प्रदेश के सहयोग से आयोजित यह कार्यशाला 17 मई तक चलेगी। इसमें शहर के कलाप्रेमियों को देश के ख्यातिप्राप्त विशेषज्ञों द्वारा शास्त्रीय, लोक और पाश्चात्य नृत्य शैलियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। संस्था की उपाध्यक्ष डॉ. अनिता चौधरी ने बताया कि संस्था पूरे वर्ष कथक का प्रशिक्षण देती है, लेकिन इस विशेष ग्रीष्मकालीन कार्यशाला में दक्षिण भारत की शास्त्रीय नृत्य शैली भरतनाट्यम, राजस्थानी व मालवी लोक नृत्य और वर्तमान ट्रेंड के अनुसार वेस्टर्न डांस का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस कार्यशाला का एक प्रमुख उद्देश्य महिलाओं को विशेष रूप से मंच पर लाना और उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करना है। भरतनाट्यम का प्रशिक्षण सयाजीराव यूनिवर्सिटी बड़ौदा के भरतनाट्यम नृत्य विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. स्मृति वाघेला और वरिष्ठ नृत्यांगना अरनी भक्त देंगी। अंतरराष्ट्रीय स्तर की नृत्य गुरु डॉ. पल्लवी किशन तथा नृत्य गुरु लोकेश सिंह तोमर मालवी और राजस्थानी लोक नृत्य सिखाएंगे। युवाओं के बीच लोकप्रिय वेस्टर्न, हिप-हॉप, कंटेंपरेरी और बॉलीवुड डांस का प्रशिक्षण यूफोरिया डांस स्टूडियो के डायरेक्टर सोनू जोसेफ द्वारा प्रदान किया जाएगा। इस कार्यशाला में भाग लेने के लिए कोई आयु बंधन नहीं रखा गया है, ताकि हर उम्र के लोग अपनी कला को निखार सकें। आयोजन को लेकर डॉ. शिव चौरसिया, कुमार किशन, डॉ. धर्मेंद्र सिंह, सुश्री शीला व्यास, डॉ. पुष्पा चौरसिया, मिलन गुप्ता और विजय भागचंदानी ने शहर के सभी कलाप्रेमियों से इस कार्यशाला का लाभ लेने का आग्रह किया है।

### निकास चौराहे से इंदौर गेट तक निकलेगा पैदल मार्च

# एलिवेटेड ब्रिज के विरोध में व्यापारियों के साथ कांग्रेस उतरेगी

**विरोध में देवासगेट क्षेत्र में एक-एक दुकानदार ने लगाए पोस्टर, बैनर**









दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ 2028 एवं शहर में आवागमन के लिए सुगमता को लेकर बनाए जाने वाले एलिवेटिंड ब्रिज का विरोध चल रहा है। व्यापारियों के विरोध के साथ अब कांग्रेस भी मैदान में खुलकर उतरने वाली है। इसकी पहल रविवार को कांग्रेस निकास चौराहे से इंदौर गेट तक पैदल मार्च निकालकर करेगी। वैसे ब्रिज को लेकर टेंडर जारी हो चुके हैं और शासन पक्ष की और से उच्च न्यायालय खंडपीठ में केविएट दायर की जा चुकी है।

आगर रोड से रेलवे स्टेशन होते हुए इंदौर गेट एवं निकास से इंदौर गेट के लिए बनाए जाने वाले एलिवेटेड ब्रिज को लेकर देवासगेट रेलवे स्टेशन क्षेत्र में विरोध जमकर हो रहा है। यहां एक भी ऐसा व्यवसायिक प्रतिष्ठान नहीं है जिसने विरोध का पोस्टर, बैनर नहीं लगाया हो। तकरीबन सभी दुकानदारों ने एक से लगाकर तीन-तीन पोस्टरों के हवाले से एलिवेटेड ब्रिज का विरोध जता रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि इससे सिर्फ दुकान का कुछ हिस्सा ही प्रभावित नहीं होगा बल्कि पुरी दुकान ही प्रभावित हो जाएगी। पूर्व सिंहस्थ 2004 में हमारे द्वारा अपनी जमीन दे दी गई है। स्वैच्छा से हमने त्याग कर दिया था। अब सामने के हिस्से में रेलवे की जमीन जो खाली पड़ी है उसे लिया जाए। इसके उल्ट रेलवे का यह हिस्सा सिंहस्थ में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या के आगे छोटा पड़ने की स्थिति साफ तौर पर देखी जा सकती है। पूर्व के चौड़ीकरण में रेलवे ने भी अपनी जमीन दी थी।

**18 माह में बनाएगी फर्म रवि इंफ्रा**

मकोड़ियाआम से हरिफाटक (फोरलेन) करीब 3.5 किलोमीटर एवं इंदौर गेट से निकास चौराहे तक लगभग 1.732 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड ब्रिज परियोजना करीब 416 करोड़ की योजना है। टेंडर में फर्म रवि इंफ्रा ने सबसे कम करीब 300 करोड़ की बोली लगाई है। दोनों ब्रिज को बनाने की अवधि 18 माह है। इसी फर्म के पास उज्जैन-इंदौर सिक्स लेन और हरिफाटक ब्रिज जैसे प्रमुख निर्माण कार्य पहले से हैं। टेंडर दस्तावेज जांच उपरांत कंपनी को वर्क आर्डर हो सकता है। पहला एलिवेटेड कॉरिडोर मकोड़ियाआम से हरिफाटक (फोरलेन) करीब 3.5 किलोमीटर लंबा यह मार्ग इंदिरानगर क्षेत्र से शुरू होकर इंदौर गेट होते हुए हरिफाटक तक पहुंचेगा। फोरलेन कॉरिडोर के नीचे सर्विस रोड रहेगा। दुसरा एलिवेटेड इंदौर गेट से निकास चौराहे तक लगभग 1.732 किलोमीटर लंबा यह ब्रिज पुराने शहर के घने बाजारों,नई सड़क, फव्वारा चौक और दौलतगंज के ऊपर से निकलेगा। इससे रोजाना लगने आवागमन समस्या का अंत होगा। इसका निर्माण जिला प्रशासन एवं क्षेत्रीय स्तर पर अन्यानेक प्रबंधन को लेकर चुनौती पूर्ण रहने वाला है। इसके चलते कई क्षेत्रों में 6-12 माह व्यवसायिक गतिविधियां सिमट सकती हैं।

**कांग्रेस का पैदल मार्च आज**

शहर कांग्रेस की बैठक में एलिवेटेड ब्रिज को लेकर व्यापारिक हित में विरोध का निर्णय लिया गया है। एलिवेटेड ब्रिज के विरोध में रविवार शाम 6 बजे निकास चौराहे से लेकर इंदौर गेट तक कांग्रेस पैदल मार्च निकालकर ज्ञापन सौंपने वाली है। कांग्रेस का स्पष्ट तर्क है कि शहर के प्रथम प्रमुख मार्ग पर इस ब्रिज की कोई आवश्यकता नहीं है। आगे जाकर यह महाकाल ब्रिज में मिल जाता है, जिससे वहां ट्रैफिक का अनावश्यक दबाव और अधिक बढ़ जाएगा।

# भूखी माता घाट पर चला सफाई अभियान

**महापौर मुकेश टटवाल ने किया श्रमदान, सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के तहत गाद हटाने, कचरा संग्रहण और धुलाई कार्य, नागरिकों से स्वच्छता बनाए रखने की अपील**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



आगामी सिंहस्थ महापर्व 2028 की तैयारियों तथा स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अंतर्गत चल रहे स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2025, जल गंगा संवर्धन अभियान एवं स्वच्छता में शक्ति, उज्जैन की भक्ति अभियान के तहत शनिवार 2 मई को भूखी माता घाट पर व्यापक सफाई अभियान एवं श्रमदान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महापौर मुकेश टटवाल की विशेष उपस्थिति रही।

नगर निगम उज्जैन द्वारा आयोजित इस अभियान में जनप्रतिनिधियों, निगम अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आईईसी टीम के 100 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया। सभी ने मिलकर घाटों की साफ-सफाई में सक्रिय भूमिका निभाई।

अभियान के दौरान अलग-अलग टीम बनाकर कार्य किया गया। टीमों द्वारा घाट पर जमी मिट्टी एवं गाद को फावड़ों की मदद से हटाया गया, घास साफ की गई, कचरा एकत्रित किया गया तथा फाइटर पंप मशीन से घाटों की धुलाई कर स्वच्छ बनाया गया।

नगर निगम ने शहरवासियों से अपील की है कि उज्जैन एक धार्मिक नगरी है, इसलिए घाटों पर गंदगी न करें और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सत्यनारायण चौहान, एमआईसी सदस्य रजत मेहता, कैलाश प्रजापत, जितेंद्र कुवाल, डॉ. योगेश्वरी राठौर, अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, संदीप शिवा, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, संजेश गुप्ता, सहायक आयुक्त राघवेंद्र सिंह पालिया, प्रवीण मुकाती, पवन कुमार सहित निगम के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### श्रद्धालुओं को गर्मी से राहत देने के लिए

# महाकाल मंदिर परिसर में लगाया फोगिंग सिस्टम



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

बीते एक हफ्ते से उज्जैन में तापमान 40 डिग्री के ऊपर बना हुआ है। ऐसे में लोग जरुरी कामों के लिए ही घरों से निकल रहे हैं। हीट वेव के बाद भी महाकाल के भक्तों की श्रद्धा कम नहीं हुई। इतनी भीषण गर्मी में भी महाकाल मंदिर में रोजाना एक लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।

इन भक्तों को गर्मी से बचाने के लिए महाकाल मंदिर समिति ने पहली बार महाकाल लोक में फोगिंग सिस्टम लगाया है। फिलहाल इसको मानसरोवर से त्रिनेत्र तक डेमो के रूप में इंस्टाल करवाया गया है। अगर ये कारगर रहा तो पूरे महाकाल लोक और मंदिर परिसर में भी इसे लगाने की योजना है।

# गोवर्धन सागर से रेलवे स्टेशन, इंदौर गेट मार्ग तक हटाए ठेले-गुमटियां

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



नगर निगम द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों और मार्गों से अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में शनिवार को गोवर्धन सागर क्षेत्र में अस्थायी ठेले, गुमटियां एवं काउंटर हटाए गए। यह कार्रवाई नगर निगम की रिमूवल गैंग द्वारा की गई।

इसके साथ ही देवास गेट से रेलवे स्टेशन होते हुए इंदौर गेट तक भी अतिक्रमण हटाने की मुहिम चलाई गई, जिससे यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने में मदद मिल सके। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। साथ ही शहरवासियों और व्यापारियों को चेतावनी दी गई है कि प्रमुख मार्गों और चौराहों पर किसी प्रकार का अवैध अतिक्रमण या ठेले-गुमटियां न लगाएं, अन्यथा जप्ती की कार्रवाई भी की जाएगी।

### सीवरेज कार्य के बाद अभिषेक नगर की सड़क बदहाल, रहवासियों के लिए रोजाना परेशानी

# मरम्मत के अभाव में उबड़-खाबड़ मार्ग बना मुसीबत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



नानाखेड़ा क्षेत्र के अभिषेक नगर में सीवरेज लाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़क अब स्थानीय रहवासियों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। कार्य पूरा होने के बाद संबंधित विभाग द्वारा न तो गड्ढों का ठीक से भराव किया गया और न ही सड़क की मरम्मत करवाई गई, जिससे पूरा मार्ग उबड़-खाबड़ स्थिति में बना हुआ है।

क्षेत्रीय लोगों के अनुसार, सीवरेज लाइन डालने के दौरान सड़क को पूरी तरह खोदकर बड़े-बड़े गड्ढे कर दिए गए थे। इस कारण कई दिनों तक मार्ग पर आवाजाही भी बाधित रही। हालांकि काम पूरा होने के बाद उम्मीद थी कि सड़क को पूर्व स्थिति में ठीक कर दिया जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

रहवासियों का कहना है कि गड्ढों में सिर्फ मलबा डालकर छोड़ दिया गया है, जिससे सड़क समतल नहीं हो पाई। ऐसे में दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को रोजाना दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के समय स्थिति और अधिक खराब होने की आशंका जताई जा रही है।

लोगों ने बताया कि शहर के अन्य हिस्सों में इसी तरह के कार्यों के बाद सड़क मरम्मत कर दी गई है, लेकिन अभिषेक नगर के इस हिस्से की अब तक अनदेखी की जा रही है। रहवासियों ने जिम्मेदार विभाग से जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि आवागमन सुगम हो सके।

### आबकारी विभाग ने मनमानी कीमत वसूली रोकने के लिए नई व्यवस्था लागू की

# उज्जैन जिले में अब शराब दुकानों पर क्यूआर कोड होगा अनिवार्य

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



धार्मिक शहर उज्जैन में भले ही शराब की बिक्री पर प्रतिबंध हो और इसके चलते दुकानें नहीं है लेकिन जिले के अन्य इलाकों में संचालित होने वाली शराब की दुकानों पर अब क्यूआर कोड अनिवार्य रहेगा। पूरे प्रदेश के साथ ही जिले में भी यह व्यवस्था लागू हो रही है।

शराब की दुकानों पर मनमानी कीमत वसूली रोकने के लिए आबकारी विभाग ने नई व्यवस्था लागू की है। अब प्रदेश की सभी शराब दुकानों पर ई-आबकारी पोर्टल से जनरेट किया गया क्यूआर कोड लगाना अनिवार्य होगा। इसे स्कैन करते ही ग्राहकों के मोबाइल पर संबंधित जिले की शराब की अधिकृत रेट लिस्ट खुल जाएगी।

आबकारी विभाग को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ दुकानों पर शराब एमआरपी से ज्यादा कीमत पर बेची जा रही है, जबकि कुछ जगह न्यूनतम निर्धारित मूल्य (एमएसपी) से कम दर पर बिक्री की जा रही थी। इसे गंभीर अनियमितता मानते हुए विभाग ने सख्ती बढ़ा दी है।

वर्तमान में प्रदेश भर में कुल 3553 शराब दुकानें संचालित हैं, जहां अक्सर ग्राहकों से एमआरपी एमआरपी से ज्यादा वसूली वसूली की शिकायतें आती रहती हैं। दुकानों पर सेल्समैन और ग्राहकों के बीच होने वाले विवादों को खत्म करने के लिए ही ही हर दुकान पर क्यूआर कोड अनिवार्य किया गया है। मध्य प्रदेश से पहले उत्तर प्रदेश और दिल्ली जैसे राज्यों में भी शराब की बोतलों और दुकानों पर क्यूआर कोड व बारकोड की व्यवस्था लागू की गई है, जिससे न केवल असली-नकली शराब की पहचान हो जाती है। आबकारी आयुक्त दीपक सक्सेना ने कहा कि इस व्यवस्था से उपभोक्ता खुद मौके पर ही शराब की सही कीमत की जांच कर सकेंगे। यदि कोई दुकान संचालक तय दर से अधिक या कम कीमत पर शराब बेचता पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें लाइसेंस निरस्त करना भी शामिल है। विभाग ने सभी जिलों को निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक दुकान पर पांच क्यूआर कोड लगाए जाएं। इनमें से कुछ प्रमुख स्थानों पर लगाए जाएंगे, ताकि ग्राहक आसानी से स्कैन कर सकें। अतिरिक्त क्यूआर कोड सुरक्षित रखे जाएंगे, ताकि खराब होने पर उन्हें बदला जा सके। इस व्यवस्था की निगरानी के लिए 28 अप्रैल से 7 मई तक प्रदेशभर में 10 दिन का विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। सभी जिलों से इसकी रिपोर्ट 11 मई तक मांगी गई है।

**लाइसेंस निरस्त करने जैसी कार्यवाही की जाएगी**

आबकारी आयुक्त दीपक सक्सेना ने कहा है कि यह व्यवस्था उपभोक्ताओं को सशक्त बनाएगी, जिससे वे मौके पर ही अपने स्मार्टफोन से स्कैन कर ब्रांड की वास्तविक और कानूनी दरों का सत्यापन कर सकेंगे। इसके लिए ही तय किया है कि अब हर शराब दुकान पर ई-आबकारी पोर्टल द्वारा जनरेटेड क्यूआर कोड लगाना होगा। इसे स्कैन करते ही उपभोक्ता के मोबाइल पर संबंधित जिले की रेट लिस्ट खुल जाएगी। कोई दुकान संचालक यदि निर्धारित एमएसपी से कम या एमआरपी से ज्यादा पर बिक्री करता है, तो आबकारी नियमों के अंतर्गत उसके विरुद्ध लाइसेंस निरस्त करने जैसी कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इसका फायदा यह होगा कि उपभोक्ता अब सीधे मौके पर ही शराब की कीमत का मिलान कर सकेंगे।

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर



## न्यूज ब्रीफ

### नियम तोड़े, 210 लोगों के लाइसेंस सस्पेंड होंगे

**इंदौर।** ट्रैफिक नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ पुलिस ने सख्ती करते हुए अब लगातार नियम तोड़ने वालों के लाइसेंस सस्पेंड करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। तीन महीने में लगातार रेड सिग्नल जंप करने, रॉन्ग साइड वाहन लाकर दूसरों की जान जोखिम में डालने और वाहन चलाते हुए मोबाइल पर बात करने वाले 210 वाहन चालकों के लाइसेंस ट्रैफिक पुलिस ने वाहन नंबर व रजिस्ट्रेशन के आधार पर परिवहन विभाग को भेजे हैं। डीसीपी ट्रैफिक राजेश त्रिपाठी ने बताया, लगातार नियम तोड़ने वालों के खिलाफ लाइसेंस सस्पेंड करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। आम लोगों से अपील है कि वे नियम पालन करें।

### इंदौर क्राइम ब्रांच ने पकड़ा आईपीएल मैच का सट्टा

**इंदौर।** इंदौर क्राइम ब्रांच ने आईपीएल का सट्टा संचालित करने वाले एक युवक को पकड़ा है। टीम ने उसके घर पर दबिश दी, जहां वह टीवी पर मैच देखते हुए दो मोबाइल फोन से सट्टा ऑपरेट कर रहा था। वह एक वेबसाइट के जरिए यह काम कर रहा था। टीम को मोबाइल फोन से अन्य लोगों की जानकारी भी मिली है, जिनकी तलाश जारी है। डीसीपी राजेश कुमार त्रिपाठी ने शनिवार को मामले का खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी। इसके बाद धर्मराज कॉलोनी स्थित एक घर पर दबिश दी गई। यहां से शुभम उर्फ मोनू यादव को पकड़ा गया। जब टीम उसके घर पहुंची, तब वह टीवी पर आईपीएल मैच देखते हुए दो मोबाइल फोन से सट्टा खिलवा रहा था।

### मकानों की गणना शुरू, इंदौर में 13,778 ने भरे स्वघोषणा फॉर्म

**इंदौर।** जनगणना 2027 के पहले चरण में 1 मई से जिले में भी मकानों की गणना के लिए टीमों ने फील्ड पकड़ ली है। पहले दिन जिन क्षेत्रों के सर्वे का काम टीमों को सौंपा गया है, उन्होंने जाकर क्षेत्र का नजरी नक्शा तैयार किया, जिससे स्पष्ट हो सके कि उन्हें किस मकान से या किस गली से किस क्षेत्र तक के आवासों की गिनती करना है। इससे पहले गुरुवार रात तक स्वघोषणा के ऑनलाइन फॉर्म जमा होते रहे। जिले के 13778 लोगों ने खुद से अपनी जानकारी ऑनलाइन सबमिट की है। अपर कलेक्टर पंवार नवजीवन विजय के मुताबिक 41 चार्ज ऑफिसर बनाए गए हैं। इनमें 22 जेडओ, 10 तहसीलदार, 8 सीएमओ, एक केंटोनमेंट बोर्ड अधिकारी शामिल हैं। 5 मास्टर ट्रेनर ने 7 हजार से ज्यादा कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी है।

### ई-रिक्शा की टक्कर से 12 साल के बच्चे की मौत

**इंदौर।** हीरानगर में रहने वाले 12 साल के एक बच्चे की हादसे में मौत हो गई। वह गार्डन में खेलने जा रहा था। इस दौरान सड़क पार करते समय उसे एक ई-रिक्शा ने टक्कर मार दी। आसपास के लोगों ने बच्चे को उठाया और ई-रिक्शा चला रही महिला के साथ उसे एमवाय अस्पताल पहुंचाया। यहां बच्चे की मौत की सूचना मिलते ही महिला वहां से भाग गई। हीरानगर पुलिस के मुताबिक मृतक 12 वर्षीय करण पिता मुकेश डामोर निवासी रघुनंदन बाग है। शुक्रवार दोपहर करीब 4 बजे सड़क पार करते समय उसे ई-रिक्शा ने टक्कर मार दी। हादसे में करण गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे आसपास के लोग अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। करण के परिजनों ने बताया कि वह घर के सामने स्थित ग्लोवर गार्डन में दूसरे बच्चों के साथ खेलने जा रहा था। इसी दौरान वह हादसे का शिकार हो गया।

### यशवंत क्लब चुनाव अगले माह, दोनों पैनल घोषित

**इंदौर।** यशवंत क्लब में अगले महीने होने वाले चुनाव को लेकर पम्मी छाबड़ा और सचदेवा-गोरानी टीम ने अपनी-अपनी पैनल घोषित कर दी है। इस बार टोनी सचदेवा और संजय गोरानी के लगातार दो कार्यकाल पूरे हो जाने के चलते वे चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। उनके द्वारा अपनी पैनल में अध्यक्ष पद पर जितेंद्र जैन और सचिव पद पर विजय कस्तूरी का नाम दावेदारों के रूप में शामिल किया गया है। वहीं पम्मी पैनल की ओर से पम्मी छाबड़ा अध्यक्ष पद के लिए वहीं अतुल सेठ सचिव पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। मौजूदा कार्यकारिणी में टोनी सचदेवा अध्यक्ष, संजय गोरानी सचिव, विपिन कूलवाल सहसचिव और आदित्य कासलीवाल कोषाध्यक्ष हैं। सचिव पद पर कुलविंदर सिंह गिल और कार्यकारिणी में निशांत तिवारी ने निर्दलीय उम्मीदवारी घोषित की है।

### रजिस्टर्ड 6079 ई-रिक्शों पर जोन के हिसाब से हो रहे रंग

**इंदौर।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए ई-रिक्शा को रंग के हिसाब से चार जोन में बांट दिया गया हैं। जोन-1 में नीला, जोन-2 में पीला, जोन-3 में लाल और जोन-4 में सफेद रंग के ई-रिक्शा चलेंगे। ई-रिक्शाओं के जोन के मार्ग की पहचान उनके रंगों से होगी। अब तक 6079 ई-रिक्शा चालकों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। इन पर रंगाई का काम एमटीएच कंपाउंड थाना परिसर में किया जा रहा है। वहीं, यातायात पुलिस ने राजवाड़ा ई-रिक्शा मुक्त कर दिया था, लेकिन अब एक बार फिर से ई-रिक्शा चालक राजवाड़ा क्षेत्र में बेखौफ घूमने लगे है। शहर में करीब 10, 500 ई-रिक्शा चल रहे हैं। इनके मार्ग इस तरह तय किए गए हैं कि एक ई-रिक्शा 80 से 100 किलोमीटर तक चल सकेगा।

---

19 एकड़ भूमि पर 15 करोड़ लागत से फूलों की खेती के लिए उत्कृष्ट केंद्र का प्रस्ताव

# सिंहस्थ के लिए उज्जैन में गेंदा एवं गुलाब की खेती को बढ़ाया जाएगा

**गेंदा 1,600 से 4,200 हेक्टेयर**
**गुलाब 68 से 250 हेक्टेयर करने का प्रस्ताव**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

सिंहस्थ में फूलों की चिंता अभी से अधिकारियों ने ले ली है। इसके लिए दो योजनाओं पर काम किया जा रहा है। पंचक्रोशी यात्रा मार्ग पर फूलों के केंद्र को विकसित किया जाने की दिशा में पहल की जा रही है। जल्द ही इस मार्ग पर शहर से 16 किलोमीटर दूर यहां केंद्र बनाए जाने की योजना को अमलीजामा पहनाया जा सकता है।

फूल सिंहस्थ 2028 के लिए उतने ही महत्वपूर्ण हैं। मेगा तीर्थयात्रा कार्यक्रम में अनुमानित 30-35 करोड़ भक्तों के लिए बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और विश्व स्तरीय सुविधाओं के लिए जोर देने के बाद, अब उज्जैन में फूलों की आपूर्ति बढ़ाने के लिए दो अलग-अलग योजनाएं बनाई गई है। जल्द ही इन पर अमल शुरू होने वाला है।



सिंहस्थ के दौरान ताजगी, चमक और रंगीन फूलों की पंखुड़ियों की सुनिश्चितता के लिए फूलों के पौधों की कतार लगाना महत्वपूर्ण है, राज्य ने केंद्र की सहायता से 19 एकड़ भूमि पर 15 करोड़ रुपये की लागत से फूलों की खेती के लिए एक उत्कृष्टता केंद्र का प्रस्ताव रखा है। फूलों की खेती के लिए

**उत्कृष्ट फूल केंद्र का प्रस्ताव**

उत्कृष्टता केंद्र पंचकोशी मार्ग पर, उज्जैन से 16 किमी दूर योजना बनाई गई है, जो एमपी में अपनी तरह की पहली इकाई होगी। यह केंद्र फूलों की खेती में अनुसंधान को प्रोत्साहित करेगा और जिले के किसानों को पंखुड़ियों के उत्पादन को बढ़ाने और उनकी गुणवत्ता को सुधारने के लिए प्रशिक्षण भी प्रदान करेगा।

#### गेंदा-गुलाब क्लस्टर

सिंहस्थ 2028 के उपयोग के लिए दूसरी योजना में जिले में गेंदा और गुलाब की खेती का क्लस्टर-आधारित विकास शामिल है। उज्जैन में गेंदा की खेती 1,600 हेक्टेयर में करने का प्रस्ताव है, जबकि 240 गांवों के 25 क्लस्टरों में 4,200 हेक्टेयर में इन पीले फूलों की खेती को बढ़ाने की योजना बनाई गई है, क्योंकि सिंहस्थ के दौरान इसकी उच्च मांग की उम्मीद है। इसी तरह, जिले में गुलाब की खेती, जो वर्तमान में 68 हेक्टेयर में फैली हुई है, को 50 गांवों में 6 क्लस्टरों में 250 हेक्टेयर से अधिक तक बढ़ाने का प्रस्ताव है, जैसे-जैसे तीर्थयात्रा नजदीक आती है।अधिकारियों के अनुसार, इस केंद्र में केंद्रीय और राज्य सरकारों के साथ-साथ निजी क्षेत्र की विशेषज्ञता भी शामिल होगी। क्लस्टर-आधारित विकास योजना गेंदा और गुलाब पर केंद्रित होगी, क्योंकि ये दोनों किस्में मंदिरों में सबसे अधिक चढ़ाई जाती हैं और धार्मिक समारोहों में भी उपयोग की जाती हैं। राज्य ने पहले ही इस आयोजन के दौरान भीड़ को कम करने के लिए एक महत्वाकांक्षी गतिशीलता योजना तैयार कर ली है।

#### अभी भी देश के कई हिस्सों में निर्यात

वर्तमान में भी उज्जैन से ट्रेन के माध्यम से गेंदा, गुलाब एवं चमेली सहित अन्य किस्मों के फूलों की बडी मात्रा में देश के अन्य कई बड़े शहरों में निर्यात किया जाता है। अकेले खाचरौद एवं उज्जैन से ही ट्रेन के माल वैगन भरे जा रहे हैं। शादी विवाह के मौसम में मांग के अनुसार देश के कई हिस्सों में यहां से फूलों की आपूर्ति की जा रही है।

---

यूडीए ने 1050 करोड़ का प्रस्ताव सरकार को भेजा

## उज्जैन में अब टेंपल बॉन्ड से संवरेंगे 9 तीर्थ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

इंदौर में ग्रीन बॉन्ड के जरिए फंड जुटाने के सफल मॉडल के बाद उज्जैन में टेंपल बॉन्ड के जरिए 1050 करोड़ रुपए जुटाने की तैयारी है। उज्जैन विकास प्राधिकरण (यूडीए) ने 9 प्रमुख धार्मिक स्थलों के समग्र विकास का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा है।

सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखते हुए इस प्लान में कालभैरव, मंगलनाथ सहित प्रमुख स्थलों का कायाकल्प किया जाएगा। इसके लिए कंसल्टेंट की नियुक्ति हो चुकी है। पीएम एकता मॉल के पीछे भी डेवलपमेंट करेंगे।

महाकाल लोक तैयार होने के बाद उज्जैन में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़कर रोजाना करीब 1.25 लाख पहुंच गई है। इसी को देखते हुए प्रशासन सड़क, पार्किंग, घाट विकास और पर्यटन सुविधाओं को उन्नत करने की तैयारी कर रहा है।



**सिंहस्थ 2028 कालभैरव से सांदीपनि आश्रम तक होगा कायाकल्प**

#### 1050 करोड़ ऐसे जुटाएंगे

शुरुआत में 200 करोड़ रु. बॉन्ड के जरिए जुटाने की योजना है। 587.50 करोड़ बैंक लोन व 262.50 करोड़ अर्बन चैलेंज फंड से प्राप्त होंगे। अर्बन चैलेंज फंड योजना के तहत 25 फीसदी हिस्सेदारी केंद्र सरकार देगी।

#### बड़े आकर्षण कालभैरव और सांदीपनि आश्रम होंगे

कालभैरव मंदिर परिसर में एक साथ लगभग 2 लाख श्रद्धालुओं को संभालने की क्षमता विकसित की जाएगी। सांदीपनि आश्रम को आध्यात्मिक के साथ-साथ शैक्षणिक केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। गुरुकुल जैसी सुविधाएं होंगी। मंगलनाथ क्षेत्र में चौड़ी सड़क और बेहतर कनेक्टिविटी विकसित की जाएगी। नवग्रह मंदिर में कतार प्रबंधन और पार्किंग की व्यापक व्यवस्था होगी। सिद्धवट घाट और क्षिप्रा नदी के किनारे रिवर फ्रंट विकास भी योजना का हिस्सा है। पूरे शहर में ड्रेनेज, लाइटिंग, पेयजल व सार्वजनिक सुविधाएं बेहतर की जाएगी। उज्जैन में धार्मिक पर्यटन को बड़ा बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय व्यापार को गति मिलेगी। रोजगार के अवसर सृजित होंगे। रिवर फ्रंट विकास पर खास जोर। नदी के इकोसिस्टम, वनस्पति और जीवों के संरक्षण को भी प्राथमिकता दी जाएगी।

---

## बीटेक छात्र ने हॉस्टल में लगाई फांसी

### डायरी में मिला एकतरफा प्यार का जिक्र, खाना खाकर लौटे दोस्तों को फंदे पर लटका मिला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

शहर के तेजाजी नगर थाना क्षेत्र स्थित एक हॉस्टल में शुक्रवार रात बीटेक के छात्र ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। घटना उस समय सामने आई जब उसके रूममेट्स खाना खाकर लौटे और दरवाजा नहीं खुलने पर अंदर झांककर देखा तो छात्र फंदे पर लटका मिला। साथी छात्रों ने उसे तत्काल नीचे उतारकर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान उत्कर्ष श्रीवास्तव (21) निवासी लखनऊ के रूप में हुई है। वह सेज यूनिवर्सिटी से बीटेक थर्ड ईयर की पढ़ाई कर रहा था और हॉस्टल में रह रहा था। शुक्रवार रात करीब 8 बजे उत्कर्ष के रूममेट्स मेस में खाना खाने गए थे। तबीयत ठीक नहीं होने की वजह से उत्कर्ष कमरे में ही रुक गया था। जब साथी छात्र वापस लौटे तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। काफी देर तक खटखटाने के बावजूद दरवाजा नहीं खुला तो उन्होंने ऊपर से झांककर देखा। अंदर उत्कर्ष फंदे पर लटका हुआ था। इसके बाद साथियों ने किसी तरह दरवाजा खुलवाया और उसे तुरंत नीचे उतारकर पहले प्राइवेट अस्पताल, फिर एमवाय अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

---

महावीर जन्म कल्याणक विवाद

## 15 दिन में क्षतिपूर्ति की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में महावीर जन्म कल्याणक के मौके पर आयोजित नवकारसी कार्यक्रम से जुड़े विवाद में 50 लाख रुपए का मानहानि का नोटिस भेजा है।

नोटिस में श्वेताम्बर जैन महासंघ न्यास के पदाधिकारियों पर अधिकारिक लेटरहेड के दुरुपयोग, मानहानिकारक टिप्पणियां प्रकाशित करने और सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल करने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

यह नोटिस नाकोड़ा जैन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अक्षय जैन की ओर से एडवोकेट राजेश जोशी के माध्यम से दिया है। 1 मई 2026 को भेजे गए नोटिस में कहा है कि महासंघ से जारी स्पष्टीकरण में अधिकारिक लेटरहेड का उपयोग कर निराधार और अपमानजनक टिप्पणियां प्रकाशित की गईं। नोटिस के अनुसार यह पत्र केवल आंतरिक उपयोग तक सीमित नहीं रहा, बल्कि समाज में वितरित किया गया और व्हाट्सएप सहित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर प्रसारित किया गया, जिससे संबंधित पक्ष की सार्वजनिक छवि को नुकसान पहुंचा।

---

## दिग्गजों की खींचतान में अटका आईडीए अध्यक्ष का फैसला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

आईडीए अध्यक्ष को लेकर चल रही खींचतान में दिग्गज आमने-सामने हो गए हैं। मुख्यमंत्री और मंत्री के समर्थकों के बीच मामला उलझा हुआ है। देखना ये है कि ऊंट किस करवट बैठता है।

भाजपा का कार्यकाल अभी तीन साल का और बचा हुआ है। आईडीए अध्यक्ष को लेकर माना जा रहा था कि जल्द ही इसकी घोषणा हो जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया।

जयपालसिंह चावड़ा को हटाने के बाद ये कहानी बताई जा रही थी कि नए नाम पर सहमति हो सकती है। इसके लिए चर्चाएं भी होने लगी श्री और पूर्व विधायक जीतू जिवती के साथ हरिनारायण यादव के बीच मुकाबला माना जा रहा था। दोनों में से किसी एक को अध्यक्ष बनाने की बातें हो रही थी, लेकिन एनवक्त पर पासा पलट गया। और भी नाम इसमें जुड़ते चले गए। जिस तरीके से नए नाम चर्चा में आए हैं, उससे तो यही माना जा रहा था कि युवा को इसकी कमान सौंपी जा सकती है। इसके लिए टीनू जैन और मोहित वर्मा का नाम भी सुर्खियों में आया था। आईडीए अध्यक्ष के लिए जो चचाएं चल रही थी, उसके पीछे दिग्गज नेताओं की लड़ाई बताई जा रही है।

बताते हैं कि मंत्री कैलाश विजयवर्गीय पे ही चाहते हैं कि उनके समर्थक की नियुक्ति हो जाए, इसलिए उनके कोटे में तीन नाम बताए जा रहे हैं, जिसमें हरिनारायण यादव, जीतू जिराती और टीनू जैन शामिल हैं।

#### इन नामों को लेकर विचार-विमर्श

चल रहा है, लेकिन मुख्यमंत्री मोहन यादव की पसंद कोई और बताया जा रहा है। वो किसी दूसरे गुट से जुड़े नेता को आईडीए अध्यक्ष बनाना चाहते हैं। वजह ये है कि नगर अध्यक्षा मंत्री खेमे का बन चुका है और अब उसी खेमे से आईडीए अध्यक्ष की नियुक्ति आसान नहीं दिख रही है। इसके लिए कुछ नामों पर विचार चल रहा है। मंत्रियों के रवैये को लेकर दिल्ली में भी शिकायत हुई है, इसलिए पादव की बात को हरी झंडी दी जा सकती है। जल्द ही इस नाम के लिए घोषया भी की जा सकती है। दिग्गजों की आपसी लड़ाई के कारण ही आईडीए अध्यक्ष का फैसला अटका हुआ दिख रहा है।

---

## इंदौर में सड़क पर लेडी गैंग का हंगामा

### राहगीरों से मारपीट, वीडियो बना रहे युवक से छीना-झपटी, वीडियो वायरल





दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

शहर के व्यस्त इलाकों में अब सिर्फ ट्रैफिक ही नहीं, बल्कि अचानक होने वाले विवाद भी लोगों के लिए डर का कारण बनते जा रहे हैं। ऐसा ही एक चौंकाने वाला मामला इंदौर के 60 फीट एरोड्रम रोड पर सामने आया, जहां परसो देर शाम कुछ युवतियों ने सड़क पर चल रहे राहगीरों के साथ अचानक मारपीट शुरू कर दी। इस घटना से इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और मौके पर मौजूद लोग दहशत में आ गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, युवतियां अचानक राहगीरों से उलझ पड़ीं और देखते ही देखते विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। बीच सड़क पर हो रही इस मारपीट को देखकर आसपास मौजूद लोग सकते में आ गए। स्थिति उस वक्त और बिगड़ गई जब एक युवक ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाना शुरू किया। आरोप है कि युवतियों ने उस युवक के साथ भी बदसलूकी की और मोबाइल छीनने की कोशिश करते हुए उससे छीना-झपटी की। घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें साफ देखा जा सकता है कि युवतियां आक्रामक अंदाज में लोगों से भिड़ती नजर आ रही हैं। वीडियो सामने आने के बाद शहर में इस घटना को लेकर चचाओं का दौर शुरू हो गया है। हालांकि अब तक यह साफ नहीं हो पाया है कि आखिर विवाद की असली वजह क्या थी। क्या यह किसी पुराने विवाद का नतीजा था या फिर अचानक हुई कहासुनी ने इतना बड़ा रूप ले लिया, इसको लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। पुलिस ने भी फिलहाल इस मामले में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।

#### ऐसे मामलों में पुरुषों की संलिप्तता ज्यादा

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं अब शहर में बढ़ती जा रही हैं, जहां छोटी-छोटी बातों पर लोग सड़क पर ही कानून हाथ में लेने लगते हैं। खास बात यह है कि इस मामले में युवतियों का आक्रामक व्यवहार चर्चा का विषय बना हुआ है, क्योंकि आमतौर पर ऐसे मामलों में पुरुषों की संलिप्तता ज्यादा देखी जाती है। फिलहाल वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस कार्रवाई की उम्मीद जताई जा रही है। अगर समय रहते ऐसे मामलों पर सख्ती नहीं बरती गई, तो यह ट्रेंड शहर की कानून व्यवस्था के लिए चुनौती बन सकता है।



## न्यूज कालम





### कलयुग में केवल भगवान का का नाम लेने से भवसागर से पार होगा

**सनावद।** भगवान बालाजी के कल्याण उत्सव पर आयोजित श्रीमद भगवान कथा के अंतिम दिवस बालाजी हिल्स कालोनी में कथा वाचक पंडित श्याम शर्मा जी द्वारा कृष्ण सुदामा की मित्रता पर बताया कि कृष्ण ने अपने मित्र के लिए बिना चप्पल के दौड़े दौड़े आए ओर उन्होंने आकर गले लगे ओर अपने आसुओ से उनके पैर धो दिए कथा वाचक शर्मा जी ने बताया कि भगवान को गंगा जल नर्मदा जल से ज्यादा आखों का जल आने आंसू पंसद है कृष्ण सुदामा के मिलन के बाद भगवान कृष्ण ने रूखमणी को अपनी मित्रता के बारे में बताया आगे बताया कि भगवान को समर्पित करे जीवन भगवान की भक्ति ही जीवन का आनंद है कथा के अंतिम दिवस कथा में सनावद ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सोहन यादव आपजी बिरला दिनेश चाचरिया खुमनसिह सांसद समन्वयक रमेश बिरला सुरेन्द्र बिरला सन्तोष पचौरी आनद जी पंडित सुमित वैद्य जीतू वर्मा सन्तोष राठौड़ सहित सैकड़ों भक्तो ने कथा श्रवण की।

### मुस्लिम समाज का पहला सामूहिक विवाह सम्मेलन नगर में आज

**जावरा ।** नगर में पहली मर्तबा मुस्लिम समाज के हर बिरादरी के लिए रविवार को या गौस अल मदद गार ग्रुप द्वारा दावल शाह पीर दरगाह परिसर में 11 मुस्लिम जोड़ों का सामूहिक विवाह समारोह करणी सेना परिवार के प्रदेश अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर एवं फजल हैदर( नक्शबंदी) की उपस्थिति में संपन्न होगा। पहला सामूहिक विवाह समारोह के प्रमुख अली जमान खान ने बताया कि विवाह समारोह के लिए व्यापक रूप से तैयारीया की गई ।इन ११ विवाह योग्य जोड़ों में नगर के अलावा प्रदेश के अन्य स्थानो एवं राजस्थान के कई शहरों से भी शामिल होंगे। विवाह समारोह के लिए समाज में बड़ा ही उत्साह बना हुआ है। विवाह समारोह का व्यय कमेटी एवं अन्य समाज सेवीयों के सहयोग से किया जा रहा। विवाह बंधन में बंधने वाले दंपतियों को समिति द्वारा गृहस्थी का समूचा सामान, बर्तन ,अलमारी, पलंग ,के अलावा धार्मिक ग्रंथ कुरान शरीफ भी दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि आयोजित सामुहिक विवाह समारोह समिति द्वारा पहली मर्तबा किया जा रहा ।विवाह समारोह में 11 जोड़े का विवाह बंधन होगा। बेतहाशा गर्मी होने से विवाह में शामिल होने वाले मेहमानों के लिए माकूल व्यवस्था की गई है।

### मंडलेश्वर में फिल्म ' प्रेम संहिता ' की शूटिंग जल्द शुरू होने वाली है



**मंडलेश्वर।**नगर में अनेक सत्य घटनाओं से प्रेरित एक मजबूत कहानी पर आधारित बनने वाली फिल्म 'प्रेम संहिता' की शूटिंग 23 मई से शुरू होने जा रही है। जिसके लिए चोली रोड स्थित सरदार पटेल स्कूल परिसर में फिल्म का सेट तैयार किया गया है। जिसमें जेल, कोर्ट आदि बनाए गए हैं। साथ ही नगर के नर्मदा घाट सहित अन्य लोकेशन पर भी शूटिंग होगी। इसके अलावा महेश्वर के पुराने कोर्ट भवन में भी फिल्म का कुछ हिस्सा शूट किया जाना है। जिसके लिए सभी आवश्यक प्रशासनिक अनुमतियों लेली गई हैं। माहिष्मति फिल्म्स के बैनर तले बनने वाली इस फिल्म के डायरेक्टर कार्तिक जोशी पेशे से जिला कोर्ट में वकील हैं। वे खुद भी इस फिल्म में वकील का रोल कर रहे हैं। साथ ही फिल्म के दो गाने भी स्वयं ने लिखे हैं। जोशी ने बताया फिल्म को एक भावनात्मक, सामाजिक और कोर्टरूम ड्रामा के रूप में तैयार किया जा रहा है, जिसमें रिश्तों, संघर्ष, न्याय और प्रेम के कई गहरे पहलुओं को दशार्या जाएगा। जिसकी स्क्रिप्ट वकील आकाशचंद्र राठौर ने लिखी है।बॉलीवुड से लेकर निमाड़ के कलाकारों का मेल इस फिल्म में होना है। डायरेक्टर जोशी ने बताया फिल्म के सभी किरदारों का चयन भी हो चुका है। फिल्म वीरगति में सलमान खान के साथ अभिनय करने वाली अभिनेत्री पूजा डडवाल (मुंबई) इस फिल्म में एक हाईकोर्ट वकील के महत्वपूर्ण किरदार में नजर आएंगी।

### पंजा कुश्ती खिलाड़ी भोपाल में दिखाएगी पंजे का दम

**बड़वानी।** मध्यप्रदेश पंजा कुश्ती संघ के तत्वाधान में राज्य स्तरीय पंजा कुश्ती प्रतियोगिता 2026 का आयोजन राज्य की राजधानी भोपाल में 2 ओर 3 मई को आयोजित हो रही है। अंतरर्रास्ट्रीय पंजा कुश्ती पहलवान व कोच मनोज पटेल ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में जिले से राजा चितावले, यश डुडवे, ऋग्वेद धारसे व चंदन गंवानी विभिन्न वर्ग समूहों में सब-जूनियर, जूनियर, यूथ, सीनियर, दिव्यांग, मास्टर व ग्रैंड मास्टर महिला- पुरुष बड़वानी जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के कई जिलों के खिलाड़ी भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में चयनित प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त खिलाड़ी को राष्टीय पंजा कुश्ती प्रतियोगिता 2026 जो की 29 मई से 2 जून 2026 गांधीनगर गुजरात में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। बड़वानी जिला पंजा कुश्ती संघ तथा पंजा कुश्ती फैंस क्लब ने इन खिलाड़ियों को अग्रिम बधाई व शुभकामनाएं दीं।

### नीट परीक्षा की तैयारी लिए 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप

**बड़वानी ।** ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि के मेधावी विद्यार्थियों के डॉक्टर बनने के सपने को पंख देने के लिए एलएन माहेश्वरी परमार्थ न्यास ने शिक्षा संबल योजना के तहत एक विशेष पहल शुरू की है। इस योजना के अंतर्गत सरकारी स्कूलों में हिंदी माध्यम से शिक्षा प्राप्त कर रहे प्रतिभावान विद्यार्थियों को नीट ( नीट-यूजी 2027) की तैयारी के लिए शत-प्रतिशत छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप और निःशुल्क सुविधाएँ योजना के तहत चयनित विद्यार्थियों को नीट-यूजी 2027 की तैयारी के लिए एलन कोटा में 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। इसमें कोचिंग के साथ-साथ निःशुल्क शिक्षा, भोजन और आवास की व्यवस्था भी शामिल है।

**देपालपुर में ईमानदारी की मिसाल :**

# लाखों रुपये का सोने का बाजूबंद, सुरक्षित लौटाया मालिक को

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ देपालपुर

आज के दौर में जहां लोग अक्सर स्वार्थ और लालच को प्राथमिकता देते दिखाई देते हैं, वहीं देपालपुर नगर में ईमानदारी, सामाजिक जिम्मेदारी और मानवीय मूल्यों की ऐसी प्रेरणादायक मिसाल सामने आई है, जिसकी हर ओर सराहना हो रही है।

नगर के बेटमा नाके क्षेत्र स्थित भोलेनाथ ट्रेडर्स के संचालकों ने लाखों रुपए कीमत का सोने का बाजूबंद उसके वास्तविक मालिक को सुरक्षित लौटाकर समाज को सकारात्मक संदेश दिया है। जानकारी के अनुसार अटावदा निवासी दिलीप देवाजी चौधरी 29 अप्रैल 2026 को सुबह लगभग 9.14 बजे अटावदा से जावदा जा रहे थे।

इसी दौरान देपालपुर नगर के नाके स्थित भोलेनाथ ट्रेडर्स के सामने उनका सोने का बाजूबंद कहीं गिर गया। यह बाजूबंद करीब तीन तोले वजनी बताया जा रहा है, जिसकी अनुमानित कीमत 3 से 4 लाख रुपए के बीच है। इसी दौरान भोलेनाथ ट्रेडर्स के सामने दुकान संचालक परिवार के सदस्य राहुल राठौर की नजर उस बाजूबंद पर पड़ी। उन्होंने बिना देर किए उसे सुरक्षित रखा और उसके असली मालिक तक पहुंचाने का संकल्प




लिया। राहुल राठौर ने तत्काल सोशल मीडिया का सहारा लेते हुए नगर एवं आसपास के विभिन्न समूहों में संदेश प्रसारित किया कि जिस किसी का सोने का बाजूबंद खोया हो, वह पहचान बताकर संपर्क करे। राहुल राठौर की इस पहल के बाद संबंधित व्यक्ति तक सूचना पहुंची और शनिवार को भोलेनाथ ट्रेडर्स के संचालक कैलाशचंद राठौर, जितेंद्र राठौर एवं राहुल राठौर ने श्री 24 अवतार मंदिर ट्रस्ट के सचिव चिंटू वर्मा तथा अन्य श्रद्धालुओं की मौजूदगी में बाजूबंद उसके वास्तविक मालिक दिलीप देवाजी चौधरी को सौंप दिया। अपना बहुमूल्य आभूषण वापस मिलने पर दिलीप चौधरी की खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

उन्होंने राठौर परिवार की ईमानदारी और नेकनीयती की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि आज के समय में ऐसी मिसालें बहुत कम देखने को मिलती हैं। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए श्री 24 अवतार मंदिर में अपनी स्वेच्छा से 21 हजार रुपए की राशि भेंट कर आभार जताया। नगर में इस घटना की व्यापक चर्चा है। लोगों का कहना है कि जब समाज में विश्वास कम होता जा रहा है, ऐसे समय में भोलेनाथ ट्रेडर्स परिवार ने यह साबित कर दिया कि ईमानदारी आज भी जिंदा है।

लाखों रुपए कीमत का सोने का आभूषण लौटाना केवल एक वस्तु लौटाना नहीं, बल्कि समाज में भरोसा लौटाने जैसा कार्य है। देपालपुर की इस घटना ने यह संदेश दिया है कि यदि नीयत साफ हो तो इंसानियत आज भी सबसे बड़ी पूंजी है। राठौर परिवार के इस सराहनीय कार्य की नगर सहित आसपास क्षेत्र में खूब प्रशंसा हो रही है।

## श्रमिक दिवस पर न्यायाधीश ने बताएं श्रमिकों के अधिकार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नेपानगर

नेपानगर के ग्राम रतागढ़ पंचायत में विश्व श्रमिक दिवस के अवसर पर एक दिवसीय विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन शुक्रवार सुबह 11 बजे ग्राम के पंचायत भवन में किया गया।

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बुरहानपुर की अध्यक्ष प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती विधि सक्सेना के आदेशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बुरहानपुर के सचिव/व्यवहार न्यायाधीश श्री प्रेमदीप सांखला के मार्गदर्शन में तहसील विधिक सेवा समिति नेपानगर की अध्यक्ष/न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती प्रिया राठी के नेतृत्व में समस्त पीएलवी के सहयोग से ग्राम पंचायत रतागढ़ में



विश्व श्रमिक दिवस पर विधिक जागरूकता एवं नेशनल लोक अदालत की जानकारी प्रदान की गई। सिविल न्यायालय की न्यायाधीश श्रीमती प्रिया राठी ने श्रमिकों के अधिकारों के बारे में बताया। उन्होंने निर्धारित मजदूरी दिलाने, महिला कामगारों के प्रति भेदभाव व प्रताड़ना रोकने तथा बच्चों को श्रमिक के रूप में कार्य करने से रोकने पर जोर दिया। उन्होंने समझाया कि बाल श्रम अपराध की श्रेणी में आता है।

श्रीमती राठी ने कहा कि अगर श्रमिक किसी फैक्ट्री में काम करता है तो मालिक द्वारा सुरक्षा उपकरणों का इस्तेमाल कराया जा रहा है या नहीं, महिला/पुरुष को समान मजदूरी न देकर भेदभाव तो नहीं किया जा रहा है, इसकी जानकारी रखना जरूरी है। अगर किसी भी श्रमिक मजदूर के साथ अन्याय अत्याचार होता है तो वे अपने अधिकारों की सुरक्षा के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में आकर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

पीएलवी एल.एल. लौवंशी ने बताया कि दिनांक 9 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन प्रत्येक जिले एवं तहसील स्तर पर किया जा रहा है। इसमें किसी भी प्रकार के विवादित मामले जो राजीनामा योग्य हैं, उनका निराकरण आपसी सहमति रजामंदी से उसी दिन किया जाएगा। जैसे मोटर दुर्घटना दावा, विद्युत, चेक बाउंस, जल कर, उपभोक्ता फोरम, कुटुम्ब न्यायालय, राजस्व न्यायालय आदि प्रकरणों का निराकरण किया जाता है। इस दौरान शिविर में शहजाद अली, महेश चंद्र शिवहरे, सरपंच सुखराम, सचिव सुनील महाजन सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

## बी जे एस सक्षम : एम एस एम ई अवेयरनेश वर्कशाप संपन्न

**मनावर।** भारतीय जैन संघटना के निमाड़ विभाग का मनावर इकाई के तत्वावधान मे एम एस एम ई बी जे एस अवेयरनेश प्रोग्राम का श्री दिगम्बर जैन पार्श्वनाथ चैत्यालय में आयोजन किया गया। बी जे एस सक्षम नाम की वर्कशाप मे एम एस एम ई विषय के नेशनल प्रोग्राम हेड निरंजन जुआ अहमदाबाद , पूर्व मध्यप्रदेश अध्यक्ष बी जे एस दिलीप दोषी , बीजेएस इन्दौर अध्यक्ष आर के जैन, निमाड विभागीय अध्यक्ष धर्मेन्द्र जैन, निमाड़ विभागीय सचिव बरखा जैन के मुख्य आतिथ्य, दिगम्बर समाज अध्यक्ष अभय सौगानी एवं श्वेतांबर श्रीसंघ अध्यक्ष प्रवीण खटोड की विशेष उपस्थिति मे आयोजन संपन्न हुआ। कार्यशाला मे उपस्थित सभी ने सामुहिक नवकार मंत्र से मंगलाचरण कर कार्यक्रम की मंगल शुरूआत की। भारतीय जैन संघटना के धार जिला उपाध्यक्ष आकेश नवलखा ने अतिथियों का परिचय मनावर के युवा व्यवसायियो व उद्यमियो से करवाया। मंचासीन अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ से बी जे एस इकाई मनावर अध्यक्ष विपुल गंगवाल, इकाई सचिव अर्पित काकरेचा, निलेश रावका, आयुष जैन, लवेश खटोड, आदर्श जैन ने किया ।एम एस एम ई राष्ट्रीय हेड निरंजन जुआ ने लगभग दो घंटे तक केन्द्र व प्रदेश की लघु दीर्घ उद्योगो के लिए विशेष सरकारी योजनाओं को विस्तार से सभी के समक्ष रखा। कार्यक्रम के अंतिम सत्र में उपस्थित युवाओ के प्रश्नो का उचित समाधान पाकर पूर्ण रुप से संतुष्ट हुए। बीजेस मनावर इकाई ने अतिथियों व उपस्थित समाजजनो का आभार माना।

## नेपानगर बकार्डी रोड पर पुलिस ने की चालानी कार्रवाई, हेलमेट पहनने की दी समझाईश

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नेपानगर

शनिवार दोपहर 1 बजे से नेपानगर थाना पुलिस ने नेपा-बकार्डी रोड पर चालानी कार्रवाई की। पुलिस द्वारा दस्तावेजों की जांच की गई। बिना नंबर प्लेट और बिना हेलमेट वाहन चला रहे वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई की गई और वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश दी गई। यातायात अभियान के तहत यह चालानी कार्यवाही की जा रही है। यह अभियान पूरे महीने चलाया जाएगा जिसमें विभिन्न स्थानों पर पुलिस द्वारा चालानी कार्यवाही की जाएगी।

पुलिस ने वाहन चालकों को वाहन चलाते समय यातायात नियमों के पालन करने की समझाइश भी



दी। दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाने, चार पहिया वाहनों को सीट बेल्ट लगाने, मालवाहक वाहनों को ओवर लोड न चलने की समझाइश दी गई।

जिन दोपहिया वाहन चालकों द्वारा हेलमेट लगाया गया था उनका उत्साह वर्धन किया गया। उक्त कार्यवाही में एसआई शहाबुद्दीन कुरैशी, एएसआई राजाराम कनारे, हेड कॉन्स्टेबल अमर, आरक्षक नितेश, आरक्षक नीरज, आरक्षक राकेश कनासे शामिल रहे।

एसआई शहाबुद्दीन कुरैशी ने वाहन चालकों से विशेष अपील की कि वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाएं, क्षमता से अधिक सवारी न बैठाएं, हेलमेट का उपयोग करें, दोपहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाएं।

## शासन की लाभकारी योजना का लाभ लेवे श्रमिक-श्री दयाल

**बड़वानी ।** प्रधान जिला न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बड़वानी श्री महेन्द्र कुमार जैन के मार्गदर्शन एवं श्री अमूल मंडलोई सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में 1 मई 2026 अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर सिवरेट प्लांट भीलखेड़ा बड़वानी में हुआ विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन। शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा श्रमिकों को अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस की शुभकामनाएँ दी और कहा कि मजदूरों से ही देश की उन्नति और गौरव है हर वर्ष 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन श्रमिकों को समर्पित है यह दिन श्रमिकों को सम्मानित करने का दिन है श्रमिक देश के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते है श्रमिक शोषण के विरूद्ध जागरूक रहे, अपना पंजीयन करावे, व शासन की योजना का लाभ ले। साथ ही इस दौरान उपस्थित मजदूरों को असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की योजना, श्रमिकों के विरूद्ध अपराध प्रकोष्ठ, आदि की जानकारी दी। कार्यक्रम में डिप्टी श्रम विभाग के लेबर इंसपेक्टर द्वारा श्रमिको को उनके अधिकारों, शोषण के विरूद्ध अधिकार, कर्मकार मडंल योजना, प्रसुति योजना, स्वतंत्रता का अधिकार, बंधुआ मजदूरी, न्यूनतम मजदूरी, समान पारिश्रमिक, स्वास्थ्य संबंधी अधिकार, कार्य दुघटना संबंधी क्षेत्रों में कम आयु के मजदुरो से काम न कराने के अधिकार, के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। पैरालीगल वालेंटियर द्वारा उपस्थित मजदूरों को विधिक सहायता संबंध पेम्पलेट वितरित किये।जन साहस एनजीओ से श्री रिंकु सिंह द्वारा बताया कि श्रमिकों के हितो एवं पंजीयन, मजदूर हेल्प लाईन नम्बर आयुष्मान, संबल योजना, आदि की जानकारी दी।

### एसडीएम रतलाम ग्रामीण ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया

**रतलाम।** एसडीएम रतलाम ग्रामीण श्री विवेक सोनकर द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नामली का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, साफ-सफाई, दवा वितरण एवं मरीजों को दी जा रही सेवाओं का जायजा लिया गया।एसडीएम श्री सोनकर ने अस्पताल परिसर में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने, मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने तथा आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

### जर्जर मूत्रालय ठिक करने हेतु हिंदू युवा वाहिनी ने सौंपा ज्ञापन

**नीमच।** शहर में धार्मिक आस्था और स्वच्छता के मामले मे टैगोर मार्ग स्थित एक जर्जर सार्वजनिक मूत्रालय को लेकर विरोध किया गया। राष्ट्रीय हिंदू युवा वाहिनी की प्रदेश मंत्री एवं महिला जिला अध्यक्ष दिया गोयल के नेतृत्व में संगठन ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। शनिवार को राष्ट्रीय हिंदू युवा वाहिनी के बैनर तले बड़ी संख्या में महिला और पुरुष कार्यकर्ता जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने कलेक्टर हिमांशु चंद्रा से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि टैगोर मार्ग स्थित विद्युत कार्यालय क्रमांक 40 के पीछे बना सार्वजनिक मूत्रालय बेहद जर्जर और गंदगी से भरा हुआ है। यहां असामाजिक तत्वों द्वारा खुले में पेशाब करना आदि शामिल है।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया लाड़ली उत्सव

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

जिले में आज लाड़ली उत्सव का भव्य एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। जिले के कुल 1815 आंगनवाड़ी केंद्रों पर कार्यक्रम आयोजित कर लाड़ली बालिकाओं एवं उनके अभिभावकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर बालिकाओं की शिक्षा, सशक्तिकरण एवं उज्वल भविष्य को लेकर जागरूकता का व्यापक संदेश दिया गया। कार्यक्रमों में बालिकाओं की उपलब्धियों को सराहा गया तथा उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, श्री रतनसिंह गुंडिया द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत जिले में योजना प्रारंभ होने से लेकर आज तक कुल 91,625 बालिकाओं का पंजीयन किया जा चुका है। शैक्षणिक स्तर के अनुसार लाड़ली बालिकाओं की स्थिति इस प्रकार है:-

कॉलेज स्तर 396 बालिकाएं, कक्षा 12वीं 2,155 बालिकाएं, कक्षा 11वीं 3,663 बालिकाएं, कक्षा 9वीं 9,028 बालिकाएं,कक्षा 6टी 19,248 बालिकाएं जिले में अब तक कुल 34,490 बालिकाओं को लगभग 15.90 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति एवं प्रोत्साहन राशि सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित की जा चुकी है। यह आयोजन बालिकाओं के सर्वांगीण विकास एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हो रहा है।

## रतलाम पुलिस की बड़ी उपलब्धि, 19 माह में 830 बच्चों को परिजनों से मिलाया

**रतलाम।** पुलिस मुख्यालय के निदेर्शानुसार और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के कुशल नेतृत्व में रतलाम पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत मानवीय संवेदनाओं और कार्यकुशलता की मिसाल पेश की है। पिछले 19 महीनों में पुलिस ने कुल 830 गुमशुदा व अपहत बच्चों (64 बालक और 766 बालिकाएं) को देश के विभिन्न राज्यों से सुरक्षित दस्तयाब कर उनके परिवारों के चेहरों पर खुशियाँ लौटाई हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार और समस्त अनुविभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में ०१ अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक एक विशेष अभियान चलाया गया। इस एक माह की अवधि में पुलिस टीमों ने तकनीक और मुखबिर तंत्र की मदद से 62 बालिकाओं और 2 बालकों सहित कुल 64 बच्चों को बरामद किया। इन बच्चों को मध्य प्रदेश के साथ-साथ गुजरात, राजस्थान और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों से खोज निकाला गया।

## महाकाल मंदिर में लगाया फोगिंग सिस्टम

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

बीते एक हफ्ते से उज्जैन में तापमान 40 डिग्री के ऊपर बना हुआ है। ऐसे में लोग जरुरी कामों के लिए ही घरों से निकल रहे हैं। हीट वेव के बाद भी महाकाल के भक्तों की श्रद्धा कम नहीं हुई। इतनी भीषण गर्मी में भी महाकाल मंदिर में रोजाना एक लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।

इन भक्तों को गर्मी से बचाने के लिए महाकाल मंदिर समिति ने पहली बार महाकाल लोक में फोगिंग सिस्टम लगाया है।

फिलहाल इसको मानसरोवर से त्रिनेत्र तक डेमो के रूप में इंस्टाल करवाया गया है। अगर ये कारगर रहा तो पूरे महाकाल लोक और मंदिर परिसर में भी इसे लगाने की योजना है।

**श्रद्धालुओं को 900 मीटर पैदल चलना पड़ता**

दरअसल त्रिवेणी से मानसरोवर तक करीब 900 मीटर तक भीषण गर्मी में श्रद्धालुओ को पैदल चलना पड़ता है। इसके लिए मंदिर समिति ने पहले से मेट, धूप से बचने के लिए शामियाने और पेयजल के लिए वाटर कूलर की व्यवस्था तो की है, लेकिन इसके बाद भी गर्मी को देखते हुए श्रद्धालुओं को ठंडक देने के लिए फोगिंग की व्यवस्था की गई है। अब श्रद्धालुओं के ऊपर पानी की बौछार पड़ रही हैं, जिससे उन्हें ठंडक मिल रही है। श्रद्धालु मंदिर की इस व्यवस्था से खुश भी नजर आए।

## मासूम की मदद के लिए आगे आए एक्टर सोनू सूद:उज्जैन की काशी को 15 करोड़ के इंजेक्शन की जरुरत

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में 5 महीने की मासूम आनुवांशिक बीमारी स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी (स्मा) टाइप-१ से जूझ रही है। उसके इलाज के लिए करीब 15 करोड़ रुपए के जीन थेरेपी इंजेक्शन की जरूरत है, जो भारत में उपलब्ध नहीं है। परिवार ने फंड रेज शुरू कर मदद की अपील की तो फिल्म अभिनेता और प्रोड्यूसर सोनू सूद उज्जैन की बेटी को बचाने के लिए आगे आए।

सोनू सूद ने एक वीडियो जारी कर लोगों से बढ़-चढ़कर मासूम की मदद के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी कई बार सोशल मीडिया पर मदद मांगी गई और कई शहरों के बच्चों तक मदद पहुंची है। इस बार फिर लोगों को आगे आकर काशी की मदद करना चाहिए। आपको बता दें कि सोनू सूद के फाउंडेशन ने एक दिन में एक लाख रुपए इकट्?ठा कर-के बच्ची के परिवार को सौंप भी दिए हैं।

नाना प्रेम सिसोदिया के साथ मां प्रकृति दुबे की गोद में मासूम काशी। नाना प्रेम सिसोदिया के साथ मां प्रकृति दुबे की गोद में मासूम काशी। इंदौर-दिल्ली के बच्चों के लिए पैसे इकट्?ठे किए

सोनू सूद ने कहा कि पिछले कई सालों में हमने कई बच्चों के लिए इस इंजेक्शन का इंतजाम किया। जिसमें सबने मिलकर अपना योगदान दिया और वो पैसे इकठ्ठे हुए। जिसमें इंदौर और दिल्ली के बच्चों के लिए भी रुपए इकट्?ठे किए थे।

अब हमारी बारी है। एक नई जिम्मेदारी है। काशी के लिए पैसे जमा करने में आपसे जो योगदान होता है आप करते रहिए। आपको डिटेल दी गई है ताकि उसके इलाज के लिए पैसे जा सकें। हमारी सुचरित फाउंडेशन भी इसके लिए खूब भागदौड़ करेगी, ताकि हम इस बच्ची को एक नया जीवन दे सकें और मां-बाप को यह बच्ची ठीकठाक वापस मिल सके।

### एडीएम ने किया आकस्मिक निरीक्षण

**रतलाम।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत शासन के निदेर्शानुसार कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के मार्गदर्शन में जिले में उपार्जन केन्द्रो पर समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन किया जा रहा है। एडीएम डॉ शालिनी श्रीवास्तव ने आज तिरुपति वेयरहाउस सीनोद उपार्जन केंद्र बिलपांक का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

## न्यूज -कॉलम

### अनाज व्यापारियों ने खरीदी रोक पुलिस को सौंपा ज्ञापन

**उज्जैन।** बड़नगर में तुलसी वेयर हाऊस के पास 24 अप्रैल को व्यास कालोनी में रहने वाले अनाज व्यापारी राजेन्द्र कुमार पिता सौभागमल जैन 65 साल की ग्राहक से अनाज खरीदने की बात पर हुए विवाद में अनाज का व्यापार करने वाले पिता-पुत्र निलेश शाह और आदर्श शाह ने पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने घटनाक्रम सामने आने के बाद दोनों पिता-पुत्र के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया था। दोनों आरोपित बड़नगर छोड़कर फरार हो गये थे। सात दिन बाद भी दोनों आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं होने पर शनिवार सुबह बड़नगर अनाज मंडी के सैकड़ों व्यापारियों ने फसल खरीदी का काम रोक दिया और आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग शुरू कर दी। अनाज व्यापारियों द्वारा खरीदी रोक प्रदर्शन करने की खबर मिलते ही बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार और प्रशासनिक अधिकारी मंडी पहुंच गये। व्यापारियों ने ज्ञापन सौंप आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं होने पर नराजगी जताई। थाना प्रभारी ने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि 2 दिन में फरार आरोपितों की गिरफ्तारी कर ली जायेगी। दोनों का पता लगाने के लिये एक टीम लगातार उनके ठिकानों पर दबिश दे रही है।

### बिना सूचना यात्रियों को होटल में दिये थे कमरे

**उज्जैन।** धार्मिक नगरी में संचालित होने वाली होटलों, लॉजों, गेस्ट हाऊस, धर्मशाला संचालकों को जिलाधीश की ओर से आदेश जारी किये गये है कि उनके यहां बाहर से आकर रूकने वाले यात्रियों की सूचना संबंधित थाना पुलिस को प्रतिदिन उपलब्ध कराई जाये। आदेश में पुलिस को भी अपने थाना क्षेत्र की होटलों की सर्चिंग के निर्देश जारी किये गये है। शुक्रवार रात माधवनगर थाना एएसआई लक्ष्मीकांत गौतम टीम के साथ क्षेत्र की होटलों में सर्चिंग के लिये पहुंचे। इस दौरान मक्सीरोड पर संचालित होटल कासलीवाल इन में रजिस्ट्रर चैक करने पर सामने आया कि 22 अप्रैल से कोई इंट्री नहीं की गई है। ना ही पुलिस को ठहरने वाले यात्रियों की सूचना दी गई है। जबकि होटल में यात्री ठहरे हुए है। होटल मैनेजर जयदीप प्रसाद पिता कमल पटेल निवासी खरगोन द्वारा जिलाधीश के आदेश का उल्लघन किया जा रहा है। जिसके चलते मैनेजर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 233 (ए) का प्रकरण दर्ज किया गया।

### पोकलेन का रास्ता रोक बदमाश ने मांगे पांच लाख

**उज्जैन।** तराना थाना क्षेत्र के ग्राम बगोदा स्थित छापरी कांकड से धीरज पिता रूगनाथ सिंह गुर्जर 32 साल ग्राम बंजारी पोकलेन मशीन लेकर निकल रहा था। उसी दौरान दशरथ गुर्जर ने रास्ता रोक लिया और बोला कि हमारी जमीन से निकलना है तो पांच लाख रूपये देना होगे। पोकलेन चालक धीरज ने जमीन सरकारी होना बताई तो बदमाश ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस के अनुसार मामले में धीरज की शिकायत पर बदमाश के खिलाफ अवैध वसूली की मांग करने प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है। बदमाश के खिलाफ पूर्व में अपराधिक मामले दर्ज है। जिसकी तलाश जारी है।

### पिता को विवाद करता देख पुत्र ने किया हमला

**उज्जैन।** झारड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम गेलाखेडी में रहने वाले भारतसिंह राजपूत की पत्नी बरखा शुक्रवार रात घर पर दिखाई नहीं दी तो भारतसिंह उसकी तलाश में निकला। गांव में काफी देर की तलाश के बाद पत्नी बरखा मिली तो उसे घर लाया और रात में घर से निकलने का कारण पूछने लगा। जिसके चलते दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। पिता को मां से विवाद करता देखा, पुत्र योगेन्द्रसिंह गुस्से में आ गया और उसने लाठी से पिता पर हमला कर दिया। भारतसिंह चोंट लगने पर घायल होकर गिर प?ा। पुत्र ने गर्दन पक? ली और दबाने का प्रयास करने लगा। उसी दौरान प?ोस में रहने वाले दिलीप रघुवंशी ने बीच-बचाव किया। पुत्र ने पिता को जान से खत्म करने की धमकी दे डाली। घायल भारतसिंह रात में थाने पहुंचा और पुत्र के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण कराकर जांच शुरू की है।

### साईड नहीं देने पर दो वाहन चालको के बीच विवाद

**उज्जैन।** एबी रोड रोजवास टोल पर शुक्रवार-शनिवार रात साइड नहीं देने की बात पर ट्रक चालक और चार पहिया वाहन चालक के बीच विवाद हो गया। चार पहिया वाहन चालक ने ट्रक के कांच फोड चालक से मारपीट की। ट्रक चालक ने चार पहिया वाहन चालक से मारपीट कर दांत से काट लिया। मामला तराना पुलिस के पास पहुंचने पर ट्रक चालक रामअवतार पिता हनुमंतसिंह राजपूत निवासी खडेला जिला गुना की शिकायत पर केस दर्ज किया। वहीं चार पहिया वाहन चालक ब्रजभूषण पिता गजेन्द्रसिंह राजावत निवासी बसंतपुरा भिंड की शिकायत पर क्रास कायमी कर जांच में लिया।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 123-6 | 459-8 |
| मेन बाजार | | |
| कल्याण नाइट | | |
| मिलन डे | 556-6 | 189-8 |
| मिलन नाइट | 128-1 | 240-6 |
| मधुर डे | 790-6 | 569-0 |
| मधुर नाइट | 900-9 | 288-8 |
| शुभांक | 1 2 | 9 |

### आलोट से हुआ था अपहरण, उज्जैन में की गई हत्या...

# हाटकेश्वर में बंद मकान से मिली युवक की लाश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



आलोट के विक्रमगढ़ से अगवा किये गये युवक की शनिवार शाम इंदौर-नागदा बायपास मार्ग हाटकेश्वर कालोनी के बंद मकान से लाश मिलना सामने आया है। आलोट पुलिस की सूचना पर नीलगंगा थाना पुलिस घटनास्थल पहुंची थी। युवक की गला दबाकर हत्या किया जाना सामने आ रहा है।

नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि शाम 6 बजे के लगभग रतलाम जिले के आलोट थाना पुलिस की पांच सदस्यीय टीम उज्जैन पहुंची थी। टीम ने बताया कि शुक्रवार रात विक्रमगढ़ के रहने वाले मनीष पिता दिनेश माली 24 साल का अपहरण हुआ था। मामले में कुछ आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। जिनसे पूछताछ में पता चला कि मनीष की लाश इंदौर-नागदा बायपास मार्ग हाटकेश्वर कालोनी के मकान में पडी है। घटनाक्रम पता चलने पर आलोट पुलिस के साथ हाटकेश्वर पहुंच उक्त मकान का ताला तोडा गया। अंदर कमरे में मनीष का शव पडा हुआ था। जांच के लिये एफएसएल टीम के साथ डॉग स्क्वाड को बुलाया गया। मनीष का रस्सी से गला घोंटकर हतया किया जाना सामने आ रहा है। थाना प्रभारी कुरील के अनुसार फिलहाल मामले में मर्ग कायम किया गया है। शव का रविवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जायेगा। जांच आलोट पुलिस को सौंपी जायेगी। आलोट पुलिस के अनुसार मामला पुराने विवाद से जुडा हुआ है। कुछ साल पहले आरोपियों और मृतक के बीच शादी समारोह में कहासुनी हुई थी। उसी के चलते संभवत: अपहरण किया गया था।

#### कार से आये थे अपहरण करने वाले

मनीष माली का अपहरण होने के बाद पिता दिनेश ने आलोट थाने पहुंचकर बताया था कि वह पुत्र के साथ मजदूरी करता है। शाम को दोनों घर लौटते थे। मनीष बाजार सामान लेने गया था। काफी देर तक वापस नहीं लौटा तो तलाश की गई। इस दौरान पता चला कि कार से आये तीन-चार युवक मनीष को जबरदस्ती बैठाकर ले गये है। पिता ने मयंक माली, रितेश माली और निलेश माली पर अपहरण की शंका जताई। थाना प्रभारी मुनेन्द्र गौतम ने मामले में पिता की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया और जांच शुरू की। मयंक और उसके 2 साथियों को शनिवार दोपहर हिरासत में लिया गया। जिससे पूछताछ करने पर मनीष की लाश हाटकेश्वर कालोनी के मकान में होना बताया।

#### कुछ साल पहले उज्जैन में बनाया मकान

बताया जा रहा है कि मयंक माली आलोट का रहने वाला है। उसने प्रेम विवाह किया था। कुछ साल पहले उसके पिता मेहरबान माली ने हाटकेश्वर कालोनी में मकान बनाया था। लेकिन पिता का निधन हो गया। मकान पर मंयक अपनी पत्नी और मां के साथ आता रहता था। उनके नहीं होने पर मकान बंद रहता था। आशंका जताई जा रही है कि मनीष का अपहरण करने के बाद उसे आलोट से सीधे उज्जैन लाया गया और हत्या के बाद आरोपी वापस आलोट लौट गये।

#### आलोट थाने पर परिजनों का हंगामा

खबर सामने आई है कि मनीष की हत्या होने की खबर मिलने पर शनिवार शाम परिजन और रिश्तेदार आलोट थाने पहुंच गये थे। जहां उन्होने जमकर हंगामा करते हुए जबरदस्ती थाने में घुसने का प्रयास किया। परिजनों का कहना था कि आरोपियों को जुलूस निकाला जाये और मकान तोडा जाये। पुलिस ने हंगामा करने वालों को रोकने के लिये थाने का चैनल गेट बंद कर दिया था। बमुश्किल परिजनों का शांत कराया गया और सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया गया।

## शाजापुर का बदमाश चुराता था यात्रियों के मोबाइल

### प्लेटफार्म 8 से पकड़ाया, 18 मोबाइल बरामद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



भगत की कोठी एक्सप्रेस से तेलंगाना निवासी यात्री के 95 हजार कीमत के 2 मोबाइल चोरी करने वाले बदमाश को जीआरपी-आरपीएफ की टीम ने 15 घंटे में गिरफ्तार कर लिया। बदमाश के पास से चोरी किये गये 18 मोबाइल बरामद हुए है।

जीआरपी थाना प्रभारी अमित कुमार भावसार ने बताया कि शुक्रवार को उज्जैन स्टेशन पर पहुंची भगत की कोठी एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे तेलंगाना के रहने वाले मोहम्मद मुशरफ के 95 हजार रूपये कीमत के 2 मोबाइल वीवो और एप्पल आईफोन स्लीपर कोच से अज्ञात बदमाश ने चोरी कर लिये थे। यात्री की शिकायत पर मामले में मोबाइल चोरी करने वाले बदमाश का पता लगाने के लिये आरपीएफ निरीक्षक नरेन्द्र यादव से संपर्क किया गया और संयुक्त टीम बनाई गई। प्लेटफार्म पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये और संदिग्धों से पूछताछ शुरू की गई। इस दौरान शनिवार सुबह मुखबीर से पता चला कि भगत की कोठी एक्सप्रेस से मोबाइल चुराने वाला प्लेटफार्म नम्बर 8 पर दिखाई दिया है, वह फिर किसी वारदात की फिराक में है। तत्काल आरपीएफ-जीआरपी की टीम 8 नम्बर प्लेटफार्म पहुंची और मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। पूछताछ करने पर उसका नाम विनोद मेवाडा उर्फ चोटी निवासी पानखेडी थाना कालापीपल शाजापुर सामने आया। टीम द्वारा उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से 18 मोबाइल फोन बरामद हो गये। थाने लाने पर उसने अलग-अलग ट्रेनों में चोरी करना बताया। थाना प्रभारी भावसार के अनुसार आरोपी को महज 15 घंटे में गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से बरामद 18 मोबाइल की कीमत 1.88 लाख रूपये होना सामने आई है। जिसमें तेलंगाना निवासी यात्री के मोबाइल भी शामिल है। आरोपी आदतन बदमाश है, जिसके खिलाफ अलग-अलग थानों में चोरी मारपीट, जुआ एक्ट, आर्म्स एक्ट के 12 से 15 अपराध दर्ज होना सामने आये है। फिलहाल उससे बरामद 16 अन्य मोबाइल के संबंध में जांच जारी है। बदमाश को न्यायालय में पेश किया गया है।

## बाइक से अवैध शराब बेचने निकले थे पिता-पुत्र



**उज्जैन।** रात के अंधेरे में बाइक से शराब बेचने निकले पिता-पुत्र को पुलिस ने सर्कल भ्रमण के दौरान सूचना मिलने पर पकडा। उनके पास से पान मसाला के झोले में भरी 60 हजार की शराब और हाथ भट्टी पर बनी कच्ची शराब से भरी केन बरामद की गई है।

नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि शुक्रवार-शनिवार रात प्रधान आरक्षक कपिल राठौर, पियुष मिश्रा, आरक्षक पुष्पराजसिंह, कमल पटेल और अंकित सर्कल भ्रमण पर थे। तभी सूचना मिली कि बाइक पर सवार 2 लोग दाऊदखेडी के आसपास पान मसाला के झोले में शराब के क्वार्टर भरकर लाये है और नशा करने वालों को बेच रहे है। सर्कल भ्रमण की टीम दाऊदखेडी पहुंची, लेकिन वहां कोई बाइक सवार दिखाई नहीं दिया, आसपास तलाश करने पर विनायक विहार कालोनी के पास बाइक पर झोलों के साथ 2 व्यक्ति दिखाई दिये। टीम ने पीछा किया और बाइक रोक ली। झोलों की तलाशी लेने पर उसमें अंग्रेजी शराब माइल स्टोन ब्लू के क्वार्टर भरे होने के साथ प्लास्टिक की केन मिली। केन में हाथ भट्टी पर बनी कच्ची बदबूदार शराब भरी थी। दोनों से पूछताछ करने पर सामने आया कि सुदाम नगर के रहने वाले पिता-पुत्र मुकेश पिता लक्ष्मण राय और अर्थव पिता मुकेश राय है। दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) का प्रकरण दर्ज कर शराब के साथ बाइक जप्त की गई है। मामले में प्रधान आरक्षक कपिल राठौर ने बताया कि बरामद शराब की कीमत 60 हजार रूपये पाई गई है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि शराब इंदौर से लेकर आते थे। उज्जैन की नगर निगम सीमा में शराब प्रतिबंधित होने पर रात में बाइक से घूमकर बेचते है।

## लांस नायक की सड़क दुर्घटना में मौत



**उज्जैन।** झारडा थाना क्षेत्र के उज्जैन-गरोठ हाइवे मार्ग पर ग्राम पदमाखोरिया में हुई सड़क दुर्घटना में सेना के लांस नायक रामचंद्र पिता मोहन 32 साल निवासी वेलगांव कर्नाटक की मौत हो गई। दुर्घटना में मृतक नायक के ससुर गोविंद पिता लक्ष्मण पाटिल घायल हुये है। झारडा थाना पुलिस के अनुसार सेना का लांस नायक अंबाला से कार में कर्नाटक लौट रहा था। उज्जैन-गरोठ हाइवे पर आगे चल रहे कंटेनर ने अचानक ब्रेक लगा दिये और कार पीछे से कंटेनर में जा घुसी थी। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद लांस नायक को थाना पुलिस द्वारा अंतिम बिदाई देकर शव कर्नाटक भेजा गया है।

## घर से नाबालिग पुत्र ने चुराये थे लाखों के आभूषण

**उज्जैन।** ढाबा संचालक के घर में हुई चोरी का शनिवार को पुलिस ने खुलासा कर दिया था। चोरी को ढाबा संचालक के 15 वर्षीय पुत्र ने अंजाम दिया था। उसकी निशादेही से लाखों रूपये कीमत के आभूषण बरामद कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से बाल संप्रेक्षणगृह भेजा गया है।

चिमनगंज थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बताया कि रतन एक्सटेंशन में रहने वाले राजेश मालवीय ने शुक्रवार शाम शिकायत दर्ज कराई थी कि वह हाटकेश्वर कालोनी के पास ढाब संचालित करता है। दोपहर में 3.30 बजे पत्नी और पुत्री के साथ पूजा के लिये भूखी माता मंदिर गया था। उस वक्त घर पर नाबालिग पुत्र अकेला था। शाम 7 बजे वापस लौटने पर घर का दरवाजा खुला मिला और सामान बिखरा दिखाई दिया। अलमारी का लॉकर भी टूटा था। नाबालिग पुत्र भी लापता था। लॉकर में रखे सोने-चांदी के आभूषण और नगद रूपये गायब थे। मामले में अज्ञात बदमाश के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज किया गया और लापता पुत्र की तलाश शुरू की गई। देर रात पुत्र को क्षेत्र से खोज लिया गया, लेकिन वह काफी घबरा रहा था। चोरी में उसी पर शंका होने के चलते सख्ती पूछताछ की गई तो उसने वारदात करना कबूल कर लिया। उसकी निशानदेही पर आभूषण से भरा बेग बरामद किया गया है। जिसमें रखा एक सोने का हार, एक जोडी सोने के कान के बाले, एक चेन, एक अंगूठी, दो जोडी चांदी की पायल, चांदी की बिछुडी, बच्चे के चांदी के कडे और 25 सौ रूपये नगद मिले है। नाबालिग को शनिवार दोपहर बाद न्यायालय में पेश किया, जहां से बाल संप्रेक्षणगृह भेजा गया है।

**गोवा जाने की बनाई थी योजना-** थाना प्रभारी कनोडिया ने बताया कि नाबालिग से पूछताछ में पता चला कि आभूषण चोरी करने के बाद उसने सामान बिखेर दिया था, ताकि परिजनों को लगे कि घर में बदमाश आये थे। चोरी के आभूषण बेग में रखकर दोस्त को दिये थे और 2 दिन बाद वापस लेने की बात कहीं थी। आभूषण बेचकर उसने गोवा घूमने की योजना बनाई थी। परिजनों से पूछताछ में पता चला कि पूर्व में एटीएम चोरी कर रूपये भी निकाल चुका था। उस दौरान भी शिकायत की गई थी, लेकिन समझाईश के बाद पुलिस ने छोड दिया था। इस बार बडी वारदात को अंजाम दिया है।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार ने अथर्व शर्मा पिता श्री नरेश शर्मा उम्र 20 वर्ष व्यवसाय व्यापार निवासी 7, वल्लभ भाई पटेल मार्ग, बुधवारिया उज्जैन से तथा श्री अथर्व शर्मा द्वारा मूल संपत्ति स्वामी श्री सत्य डेवेलपर्स, द्वारा भागीदार 1-मनोज कुमार डोडिया पिता श्री खेराजमल डोडिया आयु 55 वर्ष, व्यवसाय व्यापार निवासी 29-30, क्षपणक मार्ग, फ्रीगंज उज्जैन म.प्र. 2-मनोज जैन पिता श्री मांगीलालजी जैन आयु 47 वर्ष, व्यवसाय व्यापार निवासी 15, अरिहंत परिसर, हीरामिल मार्ग, उज्जैन म.प्र. से उनके स्वत्वाधिपत्य के मकान नगर पालिक निगम क्रमांक 155 का पूर्व दिशा का भाग वर्तमान म्यु. क्रमांक 155/2, स्थित भगवती गली, तिलक मार्ग, उज्जैन जो दो मंजिला पाट जुपिये टीन पोश का निर्मित है। विक्रीत मकान का कुल क्षेत्रफल 223.64 वर्गफीट अर्थात 20.78 वर्गमीटर। विक्रीत मकान की तल मंजिल में दुकान बनी हुई है तथा प्रथम मंजिल पर एक कमरा बना है को मय जमीन तला व उसमे किये हुए कुल निर्माण उसमें लगे मटेरियल फिटिंग फिक्चर्स बिजली कनेक्शन एवं हवाई हक सहित खाली हालत में सभी प्रकार के विवाद एवं ऋण भार से मुक्त अवस्था में क्रय करने का लिखित अनुबंध किया है और अनुबंध अनुसार नियत अवधि में मेरे पक्षकार द्वारा शेष विक्रय धनराशि अदाकर विक्रय पत्र की रजिस्ट्री करवाई जाना हैं। इस सूचना प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त भवन के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या किसी विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार कोई ऋण भार टेक्स मेंटेनेंस बकाया हो या उक्त संपत्ति पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, विभाग, बैंक आदि इस सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तूत करें ताकि उसका निराकरण कराया जा सके अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित भवन के विक्रय पत्र की रजिस्ट्री अपने हित में करवा ली जावेगीं व किसी की कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

इति दिनांक: 02-05-2026 उज्जैन

**आशीष भदौरिया एडव्होकेट उज्जैन**
**कार्यालय 2, द्रविड मार्ग कुशलपुरा, उज्जैन**
**मो.बा. 99812-60727**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार ने भूखंड स्वामी श्रीमती गायत्री खत्री पति श्री राजेश खत्री निवासी 14/2, श्री राम बस्ती यंत्र महल मार्ग उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड जो आवासीय व्यपवर्तित भूमि क्रमांक 784, रकबा 0.11 हैक्टर में से 3000-00 वर्गफीट ग्राम घौसला तहसील महिदपुर जिला उज्जैन में स्थित हैं को मय जमीन तला एवं हवाई हक सहित खाली हालत में सभी प्रकार के विवाद एवं ऋण भार से मुक्त अवस्था में क्रय करने का लिखीत अनुबंध किया होकर बयाना राशि दे दी गई हैं। मेरे पक्षकार द्वारा नियत अवधि में शेष धनराशि अदा कर अपने हित में विक्रय पत्र की रजिस्ट्री करवाई जाना हैं। इस सूचना प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त भूखंड के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या किसी विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार कोई ऋण भार टेक्स मेंटेनेंस बकाया हो या उक्त संपत्ति पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, विभाग, बैंक आदि इस सूचना प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तूत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित भूखंड के बाबत अपने हित में रजिस्ट्री करवाली जावेगी व किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

इति दिनांक 02-05 2026 उज्जैन


**आशीष भदौरिया एडव्होकेट**
**कार्यालय 2. द्रविड मार्ग, कुशलपुरा,उज्जैन मो. 9981260727**

### सार्वजनिक सूचना

आम जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे मुवक्किल भूमि खसरा नंबर 624/2, कुल रकबा 0.4200 हेक्टेयर में से 0.369 हेक्टेयर, खसरा नंबर 624/3, कुल रकबा 0.8600 हेक्टेयर में से 0.793 हेक्टेयर तथा खसरा नंबर 625, कुल रकबा 2.0300 हेक्टेयर में से 1.702 हेक्टेयर, स्थित ग्राम अकोलिया, तहसील बडनगर, जिला उज्जैन, मध्यप्रदेश (विषयक सम्पत्ति) को उसके मालिक महेश एवं लीला बाई से लीज पर लेने के इच्छुक हैं। कोई भी कम्पनी/व्यक्ति, बैंक या वित्तीय संस्थान यदि विषयक सम्पत्ति या उसके किसी भाग के संबंध में कोई हक, स्वामित्व, दावा, मांग या अधिकार रखता हो अथवा दावा करता हो, या विषयक सम्पत्ति के संबंध में किसी विक्रय, अदला-बदली, सुपुर्दगी, दान, पट्टा, विरासत, गिरवी, भार, लंबित न्यायालयीन कार्यवाही, कब्जा समझौता, विकास अधिकार, साझेदारी, पारिवारिक समझौता, बंदोबस्त डिक्री, किसी न्यायालय के आदेश, शासकीय अधिग्रहण, प्रतिबंध या किसी अन्य प्रकार की बाधा से संबंधित हो, तो ऐसी कम्पनी/व्यक्ति इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 (सात) दिवस के भीतर निम्न हस्ताक्षरकर्ता के पते पर नोटरीकृत दस्तावेजी साक्ष्यों सहित लिखित में सूचित करें। निर्धारित अवधि में सूचना प्राप्त नहीं होने पर यह मान लिया जाएगा कि विषयक सम्पत्ति के संबंध में किसी प्रकार का कोई प्रतिकूल हक, स्वामित्व, अधिकार, हिस्सा, दावा या मांग अस्तित्व में नहीं है तथा उपरोक्त वर्णित मालिकों का विषयक सम्पत्ति पर पूर्ण, स्पष्ट एवं बाजार योग्य स्वामित्व एवं कब्जा है। इति दिनांक 2-5-2026

**दीपक शर्मा एडव्होकेट**
**बड़नगर मो.नं. 9826562344**

# सुख की तलाश में सुखी की खोज



राजा कुंवरसिंह जी बड़े अमीर थे। उन्हें किसी चीज की कमी नहीं थी। उनका स्वास्थ्य अच्छा नहीं था। बीमारी के मारे वे सदा परेशान रहते थे। कई वैद्यों ने उनका इलाज किया, लेकिन उनको कुछ फायदा नहीं हुआ।

राजा की बीमारी बढ़ती गई। सारे नगर में यह बात फैल गई। तब एक बूढ़े ने राजा के पास आकर कहा, 'महाराज, आपकी बीमारी का इलाज करने की आज्ञा मुझे दीजिए।' राजा से अनुमति पाकर वह बोला, 'आप किसी सुखी मनुष्य का कुर्ता पहनिए, अवश्य स्वस्थ हो जाएंगे।' बूढ़े की बात सुनकर सभी दरबारी हंसने लगे, लेकिन राजा ने सोचा, 'इतने इलाज करवाए हैं तो एक और सही।' राजा के सेवकों ने सुखी मनुष्य की बहुत खोज की, लेकिन उन्हें कोई पूर्ण सुखी मनुष्य नहीं मिला। सभी लोगों को किसी न किसी बात का दुख था।

अब राजा स्वयं सुखी मनुष्य की खोज में निकल पड़े। बहुत तलाश के बाद वे एक खेत में जा पहुंचे। जेठ की भरी दोपहरी में एक किसान अपने काम में लगा हुआ था। राजा ने उससे पूछा, 'क्यों जी, तुम सुखी हो?' किसान की आंखें चमक उठी, चेहरा मुस्करा उठा।

वह बोला, 'ईश्वर की कृपा से मुझे कोई दुख नहीं है।' यह सुनकर राजा का अंग-अंग मुस्करा उठा। उस किसान का कुर्ता मांगने के लिए ज्यों ही उन्होंने उसके शरीर की ओर देखा, उन्हें मालूम हुआ कि किसान सिर्फ धोती पहने हुए है और उसकी सारी देह पसीने से तर है।

राजा समझ गया कि श्रम करने के कारण ही यह किसान सच्चा सुखी है। उन्होंने आराम-चैन छोड़कर परिश्रम करने का संकल्प किया। थोड़े ही दिनों में राजा की बीमारी दूर हो गई।

**सम्पादकीय**

## मतदान बाद चुनाव आयोग !

प. बंगाल में विधानसभा के लिए दोनों चरणों का मतदान पूरा होने के बाद अब जनादेश को अपने में समाहित किये ईवीएम मशीनें गहन सुरक्षित केन्द्रों (स्ट्रांग रूम) में पहुंच गई हैं। अतः चुनाव आयोग का संवैधानिक दायित्व बनता है कि इनमें किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ न हो। परन्तु राज्य सरकार की मुख्यमन्त्री सुश्री ममता बनर्जी अपनी पार्टी तृणमूल कांग्रेस के सदस्यों से कह रही हैं कि वे इन केन्द्रों की रात-दिन सुरक्षा करें और सरकारी अमले पर विश्वास न करें। वह मतगणना के दिन भी अपने सदस्यों को पूरी तरह चौकन्ना रहने के निर्देश दे रही हैं। एक प्रकार से यह चुनाव आयोग के कार्यकलापों पर ही अविश्वास है जिसका संज्ञान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को लेना चाहिए और अपनी संस्था की दलगत निरपेक्षता व पवित्रता को सर्वोच्च रखना चाहिए। परन्तु दुखद यह है कि देश के विपक्षी दल चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर खुलेआम आरोप लगा रहे हैं और कह रहे हैं कि इसका केन्द्र की सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा की तरफ झुकाव है। प्रख्यात समाजवादी चिन्तक व जन नेता स्व. डॉ. राम मनोहर लोहिया कहा करते थे कि लोकतन्त्र लोकलज्जा से चलता है। उनका आशय केवल इतना था कि प्रजातन्त्र में कभी भी लोक चेतना पर तन्त्र प्रभावी नहीं होना चाहिए।

उनके इस मत से जनसंघ के दार्शनिक नेता स्व. पं. दीनदयाल उपाध्याय भी पूर्णतः सहमत हुआ करते थे। अतः बहुत आवश्यक है कि जनादेश भरी हुई ईवीएम मशीनों की सुरक्षा के बारे में देश के किसी भी राजनीतिक दल को किसी प्रकार का सन्देह न हो। इस सम्बन्ध में यह जानना जरूरी है कि हमारे संविधान निमार्ताओं ने चुनाव काल के दौरान चुनाव आयोग को प्रशासन से लेकर अन्य सर्वाधिकार क्यों दिये थे? ये अधिकार इसीलिए दिये गये थे जिससे चुनाव पूरी तरह स्वतन्त्र व भयमुक्त माहौल में हो सकें क्योंकि चुनावों के समय देश या राज्य की सत्ता पर बैठी किसी भी राजनीतिक पार्टी की सरकार अपने राजनीतिक दल की प्रतिनिधि के तौर पर हो जाती है। चुनावों में सत्तारूढ़ सरकारों का राजनीतिक चरित्र मुखर हो जाता है। अतः यह बेवजह नहीं है कि मुख्यमन्त्री ममता दीदी ईवीएम मशीनों की सुरक्षा के लिए अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं से अपील कर रही हैं। पूरा देश जानता है कि इस राज्य में गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण के दौरान 90 लाख मतदाताओं के नाम उड़ाये गये और बाद में 27 लाख मतदाता जरूरी कागजात होने के बावजूद मतदान से सर्वोच्च न्यायालय के जांच किये जाने के आदेश के बाद भी वंचित रखे गये।

**3 मई विश्व हास्य दिवस पर विशेष**

# हंसीं एक टॉनिक है, जीना है तो- हंसना सीखो, हंसना- हैल्दी होता

कई शारीरिक और मानसिक रोगों के इलाज के लिए हँसी एक वैकल्पिक दवाई या औषधि के रूप में स्थापित होती जा रही है। इसलिए रोज सुबह खुलकर ठहाके लगाते रहों और रोगों को दूर भगाते रहो। इस बात के पर्याप्त वैज्ञानिक आधार भी है, कि ठहाके लगाकर हँसने से कई बीमारियों का स्वतः इलाज हो जाता है। हँसने से शारीरिक व्यवस्था पर काफी अनुकूल प्रभाव पड़ता है। अंग्रेजी की कहावत है-- लाफ्टर इज द बेस्ट मेडिसिन चिकित्सा विज्ञान के मुताबिक हंसने के दौरान हमारे शरीर में एंटीवायरस कोशिकाएं तेजी से बनती हैं, और हमारा इम्यूनिटी सिस्टम मजबूत होता हैं।



डॉ. बी.आर. नलवाया, (दैनिक अवन्तिका)

हंसी से विषाणुओं को खत्म करने वाले नेचुरल किलर की संख्या बढ़ती हैं जिससे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती हैं । यही नहीं हंसने से हमें एनर्जी भी मिलती हैं, जो हमारे शरीर में थकावट और सुस्ती को दूर करती है। 10 मिनट हंसने से 2 घंटे की अच्छी नींद आती है। इसके साथ ही आप हंसते रहते हैं, तो चेहरे की मांसपेशियां अच्छी तरह से काम करने लगते हैं। इससे आप कहीं अधिक आकर्षक दिखते हैं, दूसरी तरफ हंसने से शरीर को ज्यादा ऑक्सीजन मिलती है और दिल तंदुरुस्त रहता है।

प्रो. डॉ. नार्मन का कहना है- हँसना एक उत्तम व्यायाम है। प्रतिदिन चार-पांच किलोमीटर दौड़ने से जो व्यायाम होता है और उससे जो शारीरिक क्षमता बढ़ती है, उतना ही हँसने से बढ़ती है। हँसने पर शरीर में सदैव प्रसन्नचित रहने से मनुष्य का पाचन संस्थान तीव्र होता है। रक्ताणु वृद्धि प्राप्त करते है। स्नायु संस्थान ताजा होता है, और स्वास्थ्य स्वस्थ रहता है। अपने स्वास्थ्य के लिए फिल्म अभिनेता, नेता, जज, डॉक्टर और वरिष्ठ नागरिक एवं नौकरशाह ठहाके लगाकर हँसते रहते है।

हास्य योग की शुरूआत सबसे पहले मुम्बई में डॉ. मदन कटारिया ने 10 मई 1998 में की थी। इसे मई माह के पहले रविवार को मनाया जाता है। डॉक्टर कटारिया का कहना था कि बढ़ते तनाव को कम करने और खुशी जीवन जीने के उद्देश्य से यह हास्य योग्य प्रारंभ किया गया। आज दुनियाभर के करीब 120 देशों में हास्य योग के 1089 से ज्यादा पंजीकृत क्लब है। गहरी सांस लेना, शरीर को खींचने के साथ-साथ हँसी का मेल हास्य योग में सिखाया जाता है। हास्य योग का मूल विचार यह है, कि शरीर कृत्रिम और असली हँसी में फर्क नहीं कर सकता। हँसी की एक खुराक सौ दवाओं के बराबर होती है। यही वजह है कि इसको योग का दर्जा मिल चुका है। योग के दूसरे तरीकों से अलग इसकों इंसान को खुश रहना और जी खोलकर हँसना सीखाया जाता है। तभी तो हँसी को प्रकृति की सबसे बड़ी नियामत कहा गया है।

हँसी को दवाई के रूप में मानने वाले श्री नानिक रूपानी ने कहा कि पहले लोग हमें पागल समझते थे, लेकिन आज पूरी दुनिया के लोग इस बारे में जानकारी माँग रहे है। इसके आधार पर मुम्बई के कई इलाकों में लॉफ्टर क्लब घड़ल्ले से खुल गए। आज यह स्थिति है--कि देश के हर कौनें में कोई न कोई लॉफ्टर क्लब प्रतिदिन खुलता रहता है।

हँसी बाँटने से बढ़ती है। ठहाकों के बदले - ठहाके ही लौटकर आती है। इसलिए हंसते रहें, हंसाते रहें। अपने परिवेश में, परिवार में, रिश्तों में खुश मिजाज रहने के मौके तलाशे रहे। इससे सेहत ही नहीं बल्कि संबंध भी मजबूत बनेंगे। हंसने-हंसाने का सबसे पॉजीटिव पहलू ही यह है-- कि यह एक डोर की तरह हमारे दिलों के जुड़ाव को कायम रखता है। अपने ही नहीं परायों को भी करीब लाता है। कहते भी है--कि मुस्कुराहटें एक डोर-सी होती है। जब ऐसी जुड़ाव भरी जिंदादिल सोच के साथ जाने-अनजाने लोगों के साथ ठहाके हो जाए, तो जिन्दगी हर मोर्चे पर बेहतरीन बनेगी। तभी तो मनोवैज्ञानिक भी तनाव और अवसाद से झुझ रहे लोगों को हँसने हँसाते रहने का मशविरा देते है। अच्छी बात यह भी है, कि हँसी हमें क्रोध और नेगेटिविटी से दूर रखती है।

हँसना-मुस्कुराना कुदरत का अनमोल तोहफा और इंसानी व्यवहार का सबसे पॉजीटिव इमोशन है। कुदरत का यह अनमोल तोहफा हैल्थ के लिए संजीवनी है। इसलिए ईश्वर ने सिर्फ इंसानों को इस सौगात से नवाजा है। जरूरी है , हम इस अनमोल उपहार का मोल समझे और हँसी को खोने ना दे। हँसने-हँसाने का सबसे सुखद पहलू यही है कि यह हर हालात में जीवन को नया रंग, नया उत्साह देता है। हँसी बाटने का भाव खुशियों को और विस्तार देता है। हँसने से चेहरा ही नहीं मन भी खिल उठता है। निराशा और पीड़ा के साये दूर होते है। हँसना इंसान की निर्णय लेने की क्षमता और दिमागी सेहत को भी दुरूस्त रखता है। वाकई हँसी सेहत के लिए टॉनिक का भी काम करती है।

स्व. राजू श्रीवास्तव ने कहा था कि खुशियों का रास्ता है हँसी। शैलेष लोढ़ा टीवी कलाकार ने बताया बिना हँसी-खुशी के जीना मुमकिन ही नहीं। ऐसे कई महापुरुष जिसमें लॉरेंस स्टर्न - आयरिन कथाकार, रॉबर्ट फ्रास्ट - अमेरिकी लेखक, क्रिस जैसी - अमेरिकी लेखिका, जॉर्ज क्रिस्टोक विचारों से यही निष्कर्ष निकलता है कि एक हंसी जिंदगी की क्यारियों में सौ फूल खिलाती है।

मैनें यह देखा कि महात्मा गाँधी, तिलक, दयानंद, विवेकानंद आदि महापुरुषों के जीवन का अध्ययन करने पर यह पाया कि वे कितने विनोदप्रिय स्वभाव के साथ उन्होंने संघर्षमय, कर्तव्य प्रदान, कठोर जीवन की सफलता के मंत्र उनके हँसते रहने तथा मुस्कुराहट भरे जीवन दर्शन में छिपा था। महात्मा गाँधी के अनुसार - हँसी मन की गांठे बड़ी सरलता से खोल देती है। मेरे मन ही नहीं, तुम्हारे मन की भी।

जो जी से हँसता है, वह कभी बुरा नहीं होता। जी से हँसों, तुम्हे अच्छा लगेगा। अपने मित्र को हँसाओं, वह अधिक प्रसन्न होता। शत्रु को हँसाओं, तुम से कम घृणा करेगा। एक अनजाने को हँसाओं, तुम पर भरोसा करेगा। उदास को हँसाओं उसका दुःख घटेगा। एक निराश को हँसाओं, उसकी आशा बढ़ेगी। एक बूढ़े को हँसाओं, वह अपने को जवान समझने लगेगा। एक बालक को हँसाओं, उसका अच्छा स्वभाव, अच्छा स्वास्थ्य होगा। वह प्रसन्न और प्यारा बालक बनेगा।

एक अंग्रेजी डॉक्टर कहता है - किसी नगर में दवाई लदे हुए बीस ऊंट ले जाने से एक हँसोड़े व्यक्ति को ले जाना अधिक लाभकारी है। एक रोगी की ही नहीं, सबके लिए हँसी बहुत काम की वस्तु है। वह एक साथ ही शरीर और मन को प्रसन्न करती है। पाचन शक्ति बढ़ाती है। रक्त को चलाती है। हँसी एक शक्तिशाली दवा है।

## थाली का रेगिस्तानः एक विलाप

हवा में घुटन थी, जैसे किसी पुरानी हवेली के तहखाने में सदियों से बंद सन्नाटा। अलख निरंजन जी अपनी मेज पर वैसे ही विराजमान थे, जैसे कोई क्रूर तानाशाह अंतिम डिक्री जारी करने वाला हो। उनके सामने बैठी सुधा के हाथ कांप रहे थे, मानो वह रसोई से कोई पकवान नहीं, बल्कि अपनी किस्मत का फैसला लेकर आई हो। अलख जी की नजरें पहली थाली पर गिरी। उन्होंने नाक सिकोड़ी, जैसे किसी ने उनके सामने कोई सड़ा हुआ तर्क रख दिया हो। भिंडी? यह लेडी फिंगर नहीं, किसी बूढ़ी सभ्यता की सड़ी हुई उंगलियां हैं, दांतों में फंसकर मेरी हालत खराब कर देंगी। सुधा ने चुपचाप थाली बदली। दूसरी आई तो उन्होंने उसे अपराधी की तरह घूरा। बैंगन? यह तो बे-गुन है, शरीर में वायु का ऐसा तांडव मचाएगा कि घर भूकंप की चपेट में आ जाएगा। उनके चेहरे पर छाई वह कुटिल गंभीरता किसी कसाई की मुस्कान जैसी थी, जो छुरी चलाने से पहले मंत्र पढ़ता है।

सिलसिला थमा नहीं, वह तो एक लंबी शवयात्रा की तरह आगे बढ़ता गया। गोभी को उन्होंने फूलों का कब्रिस्तान कहकर ठुकरा दिया और मटर को हरे रंग की गोलियां बताया जो पेट में धमाका कर सकती हैं। लौकी को देखकर वे ऐसे बिदके जैसे सामने नागिन फन फैलाए खड़ी हो–यह तो पानी का छल है, इसमें आत्मा कहाँ है? करेले पर तो उन्होंने अपनी पूरी दार्शनिक क्षमता झोंक दी, बोले, इतनी कड़वाहट तो समाज में भी नहीं, जितनी इस अधम फल में है। आलू को उन्होंने अहंकार का प्रतीक माना और पनीर को धोखेबाज रईस। कटहल उन्हें मांस का स्वांग लगा, तो टमाटर रक्त के धब्बों जैसा। अरबी को उन्होंने फिसलन भरी राजनीति का नाम दिया और मूली को सामाजिक मर्यादा का दुश्मन। सुधा की आँखों से आंसू नहीं, मानो पिघला हुआ धैर्य बह रहा था। वह बीसवीं बार रसोई की ओर गई, एक ऐसी सब्जी लेकर जिसे ठुकराने का मतलब था अस्तित्व का अंत।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 03 मई 2026 रविवार
सूर्योदय - 05:56 सूर्यास्त 18:51
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 16:30 से 18:00 तक
तिथि - दुतिया 03:02 उपरांत तृतीया
नक्षत्र - विशाखा 07:10 उपरांत अनुराधा
योग - वरियान 22:28 उपरांत परिघ
करण - तैतिल
चन्द्रमा - दिन पूर्ण वृश्चिक में रहेगा।
मुस्लिम मास - जिल्काद मास 15 तारिख

**मेष-** पारिवारिक सुख-शांति बनी रहेगी। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से सहयोग प्राप्त होगा। पूजा-पाठ में मन लगेगा।

**वृषभ-** तीर्थदर्शन हो सकते हैं। विवेक का प्रयोग करें, लाभ होगा। मित्रों के साथ अच्छा समय बीतेगा। विरोध होगा।

**मिथुन-** चिंता तथा तनाव रहेंगे। झंझटों में न पड़ें। जल्दबाजी से हानि होगी। आलस्य हावी रहेगा।

**कर्क-** लेन-देन में जल्दबाजी न करें। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से क्रोध रहेगा। मान-सम्मान मिलेगा।

**सिंह-** भूमि व भवन संबंधी बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेगा।

**कन्या-** बड़ा काम करने का मन बनेगा। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि होगी।

**तुला-** बुरी सूचना मिल सकती है। मेहनत अधिक होगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। आय में कमी रहेगी।

**वृश्चिक-** नकारात्मकता बढ़ेगी। विवाद से क्लेश होगा। जल्दबाजी में कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लें। दूसरों की बातों में न आएं।

**धनु-** किसी बड़ी समस्या का हल मिलेगा। व्यावसायिक साझेदार पूर्ण सहयोग करेंगे। मान-सम्मान मिलेगा।

**मकर-** कोई नया उपक्रम प्रारंभ करने का मन बनेगा। सेहत का ध्यान रखें। वरिष्ठजनों की सलाह काम आएगी। नए मित्र बनेंगे।

**कुंभ-** यात्रा मनोरंजक रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। आय बनी रहेगी। हर कार्य बेहतर होगा।

**मीन-** व्यापार मनोनुकूल चलेगा। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। विरोध होगा।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा ( भरदीवाले ) 9926034545

**विचार**

## नेता जी का पुनर्वास प्लान

हमारे नेताजी सोशल मीडिया पे खूब झकास काम किए रहे। ले दे कर फॉलोअर्स की संख्या भी लाखों में पहुंचवा दिए रहे। यही नहीं देश के किसी कोने में भी बड़के नेताजी को किसी ने भी टारगेट किया नहीं कि वो उस पे दाना पानी ले के चढ़ बैठते थे। भाषा का तो ऐसा यूज किए थे वो कि निकृष्टतम आदमी भी उनसे सीखने को लालायित हो जाता था। लेकिन जब इन सब से कुछ होता हुआ दिखाई नहीं दिया तो नेताजी ने वो काम किया जो वो गाहे बगाहे ही करते थे। वो सोचने लगे। यूं भी वर्षों से लूप लाइन में पड़े पड़े वो इसी जुगत में लगे रहे है कि किसी न किसी भांति एक बार बड़के नेताजी की आंख का तारा बन जाए। सालों से उनकी आंखों में खटकते खटकते तो अब वो खुद की आंखों में भी खटकने लगे थे। कार्यकर्ता तो दूर ससुरी उनकी मेहरारू भी अब उनको हल्के में लेने लगी थी।यूं ही एक दिन बैठे बैठे उनके दिमाग में एक नया आइडिया फ़्लैश हुआ। चूंकि ये विचार उनका अपना था तो वो उनको तो खुल जा सिम सिम से इक्कीसा ही लगना था। सो लग रहा था। आइडिया था कुछ नया किया जाए। अब तो नेताजी को बस सोचना यही था कि नया ऐसा क्या किया जाए कि वो रातों रात ट्रेंड करने लगे। सोचते सोचते नेताजी सोचने लगे कि नेता जब सब कुछ कर सकता है तो कोई अविष्कार क्यों नहीं कर सकता। फिर तो क्या था बिना देरी किए किचन कैबिनेट की आपात बैठक बुलाई गई। जिसमें नेताजी की बात पे मोहर लगा दी गई पर सबके सामने सवाल लाख टके का ये था कि खोज की जाए तो भला किस चीज की। पता चला कि जोड़ तोड़ कर अविष्कार कर भी लिया और लोगों ने कुछ भाव ही नहीं दिया तो। बड़के नेताजी तो हंस हंस के लोटपोट हो जाएंगे और उनका खुद का पुनर्वास प्लान टॉय टॉय फिस्स हो जाएगा। सो अलग। नेताजी ने ब्रीफिंग करते हुए कहा कि अविष्कार हो तो ऐसा हो जैसे मूछें हो तो नत्थू लाल जैसी वरना न हो। अविष्कार होते ही लोग बाग कहने लगे। वाह !ये होता है आविष्कार ।भला न्यूटन ने सेब को गिरते देख ग्रैविटी का लॉ बना दिया। ये भी कोई खोज है।धत बड़बुक कही का। तै योजना अनुसार खोजी दल अलग अलग क्षेत्रों में धकेल दिए गए कि जाओ नासमिटो! करो पता कि जनता जनार्दन को किस अविष्कार की सबसे ज्यादा जरूरत है। और लौटो तो ढंग के आइडिया ले के आना, नहीं तो सात पीढ़ी तक औलादें गंजी पैदा होगी इतना जूतियाएंगे। फिर ये गुरु मंत्र दलों को देकर रवाना कर दिया गया।



कमलेश कंवल (दैनिक अवन्तिका)

निर्धारित समय बाद खोजी दल तरह तरह के विचारों से लदे फदे दरबार में प्रकट होने लगे। निर्णायक घड़ी माथे पे थी। फिर शुरू हुआ प्रेजेंटेशन।पांचों दलों की ओर से बिल्ली के गले में घंटी बांधने का जोखिम उठाया भिया ने। नेताजी हम सभी ने जो खोज की उसका लब्बोलुआब आपको बताता हूं। जो दल जहां गया वहां कुछ कॉमन सभी कॉमन मेन में मिला जो चौका देने वाला है। आज कही पत्नी ने पति को मारकर नीले ड्रम में पैक कर दिया है तो कही पत्नी श्री और प्रेमी श्री ने हनीमून श्री मनाते पति श्री की फ्री डिलीवरी यमलोक श्री को कर दी। खैर पति लोग तो पीढ़ियों से पत्नियों को ठिकाने लगाते आ रहे है। वो लोग अभी भी अपने काम में लगे हुए है बिंदास। इन दिनों एक नया ट्रेंड चल निकला है। कही सास दामाद के साथ अंखियां मिलाते अंखियां चुराते अपनी ही बिटिया की सास बन बैठी है तो कही ससुर ने अपने ही बिटुआ के टुकड़े टुकड़े करकेअपनी बहु को ही मां बना दिया है। कही कही तो पुल ऐसे गिर रहे है मानो उन्होंने यमराज से पॉपुलेशन कम करने की सुपारी ले ली हो। कही तो समकोण मोड़ वाले पुल भी हमारे देश की बेजोड़ इंजीनियरिंग के परचम को देश विदेश तक फहरा दिए हैं और तो और बडका जहाज भी उड़ते ही, सैकड़ों प्राण लिए सीधे यम के महल पर ही लैंड कर डिलीवरी कर दिया।

# सेहत ही नही सौंदर्य के लिए भी फयदेमंद है नींबू पानी

नींबू पानी स्किन प्रोब्लम्स को दूर करने में मददगार है इस बात से शायद ही कोई इत्तेफाक न रखे। स्किन के लिए नींबू पानी के फायदे कमाल हैं। यह न सिर्फ स्किन को जवां रखने में कारगर माना जाता है बल्कि ग्लोइंग स्किन के लिए भी नींबू पानी का इस्तेमाल किसी रामबाण से कम नहीं है। यह न सिर्फ स्किन के लिए फायदेमंद है बल्कि नींबू पानी बालों को शायनी बनाने के साथ डैंड्रफ की छुट्टी करने में असरदार माना जाता है। नींबू प्राकृतिक बालों को चमकाने की क्षमताओं को तेज करता है। विटामिन सी और साइट्रिक एसिड के एक समृद्ध स्रोत के रूप में नींबू अपने डिटॉक्सिफाइंग प्रभाव के लिए जाना जाता है। खासकर जब आप अपने पीने के पानी में कुछ ताजा नींबू का रस मिलाते हैं। नींबू खाने के स्वास्थ्य लाभ के कारण, उम्र बढ़ने के लक्षण और मुंहासे जैसी त्वचा की स्थिति को रोकने के लिए प्राकृतिक उपचार के रूप में नींबू का उपयोग करने की बढ़ती लोकप्रियता है। यहां जानें नींबू पानी से स्किन को होने वाले स्वास्थ्य लाभ।

### 1 मुंहासे की करता है छुट्टी

नींबू के रस में इसके अम्लीय स्तर के कारण कसैले गुण होते हैं। नींबू जैसे हाई पीएच लेवल वाले अवयव सूजन और तेल को कम करने में मदद कर सकते हैं जो मुंहासे के गठन को रोकने में योगदान कर सकते हैं। इसके अलावा, साइट्रिक एसिड, अल्फा हाइड्रॉक्सी एसिड का एक प्रकार, मृत त्वचा कोशिकाओं को तोड़ने में मदद कर सकता है जो ब्लैकहेड्स की तरह मुंहासे के नॉनफ्लेमेटरी रूपों को जन्म देती हैं।



नींबू में मजबूत जीवाणुरोधी गुण होते हैं, जो उन्हें ब्रेकआउट पैदा करने वाले बैक्टीरिया को खत्म करने के लिए एकदम सही बनाता है। आप उक्त करने के लिए, नींबू के रस की कुछ बूंदों के साथ नारियल पानी की कुछ बूंदों को मिला सकते हैं। नारियल आपकी त्वचा को हाइड्रेट करेगा, और नींबू इसे साफ और साफ करेगा। नोटः यदि आपके पास संवेदनशील त्वचा है, तो पहले अपनी त्वचा पर एक पैच परीक्षण करें।

### 3. ब्लैकहैड का घरेलू इलाज

नींबू आपके ब्लैकहेड्स का इलाज करने में भी मदद कर सकता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि उनमें साइट्रिक एसिड होता है, जो अल्फा हाइड्रॉक्सी एसिड (एएचए) का एक प्राकृतिक रूप है। ब्लैकहेड-रेज्ड स्पॉट्स पर नींबू का एक टुकड़ा रगड़ें और कुछ दिन बाद खुद ही रिजल्ट देखें।

### 4. रोगाणुरोधी प्रभाव

नींबू में रोगाणुरोधी प्रभाव भी होता है, जो कि प्रोपियोबैक्टीरियम एक्ने बैक्टीरिया को दूर करने में मदद कर सकता है जो इंप्लेमेटीर मुंहासे पैदा करते हैं। इसी समय, नींबू में एंटिफंगल प्रभाव भी होता है, जो कैंडिडा चकत्ते के साथ-साथ स्कैल्प कवक के इलाज में मदद कर सकता है जो कभी-कभी सेबोरहाइक जिल्द की सूजन के साथ होता है।

### 5. कोलेजन में वृद्धि

खट्टे फल आपके चेहरे में कोलेजन बढ़ाने की एक प्राकृतिक विधि है। कोलेजन स्वयं एक प्रोटीन है जो स्वाभाविक रूप से उम्र के साथ टूट जाता है, जिसके परिणामस्वरूप ठीक रेखाएं और झुर्रियां हो सकती हैं।

**धर्म-आस्था**

# सत्य सनातन धर्म में वास्तव में सनातन क्या है?

आज जब किसी रामकथा, भागवत कथा या धार्मिक आयोजन का समापन होता है, तो पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ हम कहते हैं–बोलिए, सत्य सनातन धर्म की जय। यह उद्घोष केवल परंपरा नहीं, हमारी आस्था और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। परंतु क्या हमने कभी गंभीरता से विचार किया है कि सनातन शब्द का वास्तविक अर्थ क्या है? क्या हम केवल परंपरा के कारण यह जयघोष करते हैं, या उसके गूढ़ अर्थ को भी समझते हैं?

सनातन का अर्थ है–जो सदा से है, जो सदा रहेगा, जिसका न कोई आरंभ है और न अंत। जो काल, परिस्थिति और युगों से परे है, वही सनातन है। इस दृष्टि से देखा जाए तो प्रश्न उठता है कि हिंदू धर्म में ऐसा क्या है जो वास्तव में सनातन है?

हम भगवान श्रीराम की भक्ति करते हैं, श्रीकृष्ण की कथा सुनते हैं, माता लक्ष्मी की पूजा करते हैं, गणपति वंदना करते हैं, शिव और विष्णु की आराधना करते हैं। परंतु यदि तर्क की दृष्टि से विचार करें, तो इन सभी स्वरूपों की कथाएं किसी न किसी काल विशेष से जुड़ी हैं। श्रीराम का अवतार त्रेतायुग में हुआ, श्रीकृष्ण का द्वापर में। समुद्र मंथन से पहले लक्ष्मी का प्रकट होना नहीं बताया जाता। गणेश जी का जन्म भी एक विशेष घटना के रूप में वर्णित है।

अर्थात इन सभी पूज्य स्वरूपों की उपासना अत्यंत श्रद्धा का विषय होते हुए भी सनातन की परिभाषा में उसी रूप में नहीं बैठती, क्योंकि उनका प्राकट्य किसी विशेष समय से जुड़ा है। तब प्रश्न और गहरा हो जाता है–वह क्या है जो सृष्टि के आरंभ से पहले भी था और अंत तक रहेगा? विभिन्न पुराणों में सृष्टि की उत्पत्ति को लेकर भिन्न-भिन्न वर्णन मिलते हैं। कहीं शिव को आदि बताया गया, कहीं विष्णु को, कहीं ब्रह्मा को और कहीं आदिशक्ति को। प्रत्येक ग्रंथ अपनी दृष्टि से सर्वोच्च सत्ता का वर्णन करता है। यह विविधता भारतीय चिंतन की विशेषता है, परंतु सत्य की खोज में यह आवश्यक है कि हम मूल स्रोत तक पहुंचें।

यदि किसी मुसलमान से पूछा जाए कि ईश्वर का ज्ञान कहां है, वह कहेगा–कुरान में। किसी ईसाई से पूछा जाए, वह कहेगा–बाइबिल में। परंतु यदि किसी सामान्य हिंदू से पूछा जाए कि परमात्मा ने मनुष्य को प्रथम ज्ञान कहां दिया, तो प्रायः वह स्पष्ट उत्तर नहीं दे पाता। कोई गीता कहेगा, कोई रामायण, कोई हनुमान चालीसा। परंतु गीता श्रीकृष्ण द्वारा कही गई, रामायण महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित, और चालीसा भक्त कवियों की वाणी है।

तो फिर परमात्मा की मूल वाणी क्या है? उत्तर है–वेद। वेद केवल ग्रंथ नहीं, ज्ञान का आदि स्रोत हैं। इन्हें अपौरुषेय कहा गया है, अर्थात मनुष्य द्वारा रचित नहीं। भारतीय दर्शन के अनुसार सृष्टि के प्रारंभ में परमात्मा ने मनुष्यों को जो प्रथम ज्ञान दिया, वही वेद हैं। यही कारण है कि वेदों को श्रुति कहा गया–जो सुना गया, जो दिव्य रूप से प्रकट हुआ।

वेदों में केवल पूजा-पद्धति नहीं, बल्कि जीवन, धर्म, विज्ञान, समाज, चिकित्सा, खगोल, नैतिकता और आत्मा-परमात्मा के संबंध तक का गहन ज्ञान समाहित है। वे किसी एक देवता की कथा नहीं, बल्कि संपूर्ण सृष्टि के नियमों का आधार हैं। यही उन्हें वास्तव में सनातन बनाता है। आज विडंबना यह है कि अधिकांश हिंदू वेदों का नाम तो जानते हैं, पर उनके महत्व से अनभिज्ञ हैं। धार्मिक जीवन अक्सर केवल अनुष्ठानों और परंपराओं तक सीमित होकर रह गया है। श्रद्धा बनी हुई है, पर अध्ययन कम हो गया है। परिणाम यह है कि हम जयघोष तो करते हैं, पर उसके मूल अर्थ से दूर होते जा रहे हैं।

गुरु बिना ज्ञान नहीं–यह भारतीय परंपरा का मूल वाक्य है। यदि ऐसा है, तो सृष्टि का आदि गुरु कौन था? वह परमात्मा ही था, जिसने वेदों के माध्यम से मानवता को प्रथम ज्ञान दिया। इसलिए यदि सत्य सनातन धर्म की बात करनी है, तो हमें उसके मूल तक लौटना होगा।

रामभक्ति, कृष्णभक्ति, शिव आराधना, शक्ति उपासना–ये सभी हमारी आध्यात्मिक यात्रा के श्रेष्ठ मार्ग हैं, परंतु इन सबका मूल आधार वेद ही हैं। बिना जड़ के वृक्ष नहीं टिक सकता। इसलिए सनातन की जय केवल शब्दों में नहीं, ज्ञान में भी होनी चाहिए।

समय की मांग है कि हम केवल उद्घोष न करें, बल्कि समझें भी। सत्य सनातन धर्म का अर्थ केवल परंपरा निभाना नहीं, बल्कि सत्य की खोज करना है। और उस सत्य का प्रथम प्रकाश वेदों में ही मिलता है।

इसलिए आज आवश्यकता केवल जयघोष की नहीं, जागरण की है। वेदों की ओर लौटना अतीत में लौटना नहीं, बल्कि अपने मूल से जुड़ना है।

## इन्दौर मंडी भाव

इंदौर मंडी भाव चना कांटा 5550 से 5625 विशाल 5400 से 5450 महाराष्ट्र विशाल 5500 से 5525 मसूर 5900 से 5950 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7800 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई तुअर 7000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7700 से 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8200 से 8400 एवरेज 6500 से 6700 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 9000 एवरेज 7000 से 8000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5300 से 5600 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 6600 से 6800 निमाड़ी 5700 से 6000 रायडा नया 5800 से 6000 पुराना -6200 से 6400 सोयाबीन 5500 से 5700 अलसी 6800 से 7000 तिल्ली 7000 से 8000 गेहूं मिल क्वालिटी 2350 से 2400 लोकवन 2600 से 2800 पूर्णा 2500 से 2550 मालवराज 2400 से 2450 मक्का 1800 से 1850 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7700 से 7900 मीडियम 8900 से 9100 बेस्ट 10100 से 10300 एक्स्ट्रा बेस्ट 11100 से 11200 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 9400 से 9500 बेस्ट 9900 से 10100 मूंग मोगर 9850 से 10050 बेस्ट 10150 से 10250 उड़द दाल 10100 से 10300 बेस्ट 10600 से 10800 उड़द मोगर 11100 से 11300 बेस्ट 11400 से 11700 मसूर दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 से 7950 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1000 से 1200 ज्योति पुराना 900 से 1200 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 500 से 700 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1400 से 1500 पुराना 1000 से 1200 एवरेज 600 से 700 गोल्टा 600 से 700 गोल्टी 400 से 500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एवरेज 7000 से 8000 सुपर 8000 से 9000 एक्स्ट्रा सुपर 9000 से 10200 रुपए क्विंटल रही। नई देशी लहसुन एवरेज 4000 से 4500 सुपर 4500 से 5500 एक्स्ट्रा सुपर 5500 से 6500 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1200-3113 चना काबली- 3970-8975, चना बड़ा- 5001-5650, रायड़ा- 5730-6285, बटला- 3300-3650, सोयाबीन- 1622-6230, धनिया- 11301-13100 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,52,300 रवा- 1,52,100 चांदी- टंच- 2,40,500 पाट- 2,40,000।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## मां शारदा संदीपनि विद्यालय में समर कैंप का आगाज 250 विद्यार्थियों ने कराया पंजीयन

**शुजालपुर।** मां शारदा संदीपनि विद्यालय शुजालपुर में ग्रीष्मकालीन समर कैंप का शुभारंभ शुक्रवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। उद्घाटन अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कैंप में खो-खो, कबड्डी, हैंडबॉल, वॉलीबॉल और फु टबॉल जैसे खेलों के साथ-साथ संगीत एवं नृत्य कक्षाओं को भी शामिल किया गया है। आयोजकों के अनुसार समर कैंप में कुल 250 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया है, जिससे बच्चों में खेल एवं रचनात्मक गतिविधियों के प्रति उत्साह स्पष्ट दिखाई दे रहा है। शुभारंभ अवसर पर मंत्री परमार ने कन्याओं को तिलक लगाकर टी-शर्ट वितरित की तथा खिलाडि?ों को आशीर्वचन देते हुए अनुशासन और नियमित अभ्यास पर जोर दिया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि बेनी प्रसाद परमार, अनुविभागीय अधिकारी राजकुमार हलदर, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हर्षवर्धन चतुवेर्दी सहित संस्था के प्राचार्य डॉ. रजनीश त्रिवेदीए उप प्राचार्य मुकेश नेमा, पीएस राठौड़, भगवान सिंह मेवाड़ा, अनिल कारपेंटर, वैभव सक्सेना, राघवेन्द्र परमार, सांस्कृतिक प्रभारी अनीता परमार, खेल प्रभारी गोपाल कारपेंटर, खेल शिक्षक आनंद परमार, विमला परमार, भूपेंद्र परमार, ऋ षभ जोशी तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग से हुकुम परमार की मौजूदगी रही।

## हज यात्री अन्नू पठान का स्वागत किया



**शुजालपुर।** हज यात्रा पर जा रहे पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व पार्षद अन्नू पठान के निवास पर शुक्रवार को शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा रहा। विभिन्न जनप्रतिनिधि, कांग्रेस पदाधिकारी एवं समाजजन उनके निवास पर पहुंचकर शुभकामनाएं देते हुए सफ ल हज यात्रा की कामना कर रहे हैं। इस अवसर पर कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष महेंद्र जोशी, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रामवीर सिंह सिकरवार, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अचल सिंह मेवाड़ा, अशोक परमार, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष जयंत सिकरवार, पार्षद बल्ला सोनी सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा अन्नू पठान का स्वागत कर उन्हें शुभकामनाएं दी गईं। पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष रविवार को इस हज यात्रा के लिए रवाना होगें।

## दीवान सिंह 18 वर्ष की सैन्य सेवा पूर्ण कर लौटे:अकोदिया से रानी बडौद तक तिरंगा यात्रा



**अकोदिया।** अकोदिया स्थित ग्राम रानी बडौद निवासी हवलदार दीवान सिंह मेवाड़ भारतीय सेना में 18 वर्षों की सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए। उनके गृह क्षेत्र में भव्य स्वागत किया गया। पूर्व सरपंच कुमेर सिंह मेवाड़ के भतीजे और दिलीप सिंह मेवाड़ के सुपुत्र दीवान सिंह के सम्मान में अकोदिया से रानी बडौद तक एक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। शनिवार सुबह रेलवे स्टेशन अकोदिया पर दीवान सिंह के पहुंचते ही भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। यहां से भव्य चल समारोह प्रारंभ हुआ। बस स्टैंड स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद यात्रा आगे बढ़ी। डीजे, ढोल-नगाड़ों की थाप और देशभक्ति गीतों के बीच युवाओं ने तिरंगा लहराते हुए उत्साह दिखाया। जगह-जगह आतिशबाजी भी की गई। चल समारोह रेलवे स्टेशन अकोदिया से टप्पा चौराहा, महाराणा प्रताप बस स्टैंड चौराहा, कंगन बाजार चौराहा, एसबीआई रोड, जाटपुरा, रेलवे फाटक होते हुए ग्राम रानी बडौद पहुंचा। मार्ग में जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों और व्यापारियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर हवलदार दीवान सिंह का स्वागत किया। युवाओं ने उन्हें कंधों पर उठाकर अभिनंदन किया। ग्राम रानी बडौद स्थित निवास पर पहुंचते ही भावुक क्षण देखने को मिले। सबसे पहले मां ने बेटे की नजर उतारी और आरती उतारकर तिलक किया। बेटे को सकुशल घर लौटा देख मां की आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े। परिवारजनों ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया। इसके बाद दीवान सिंह ने इलाई माता मंदिर और बागवाले हनुमान मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद लिया। निवास स्थल पर एक भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, पूर्व सैनिकों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने शॉल-श्रीफल भेंट कर दीवान सिंह को सम्मानित किया। वक्ताओं ने कहा कि दीवान सिंह ने 18 वर्ष तक सीमा पर देश की रक्षा कर गांव और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्हें युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया गया।

**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है**

बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

सम्पर्क करें

दैनिक अवन्तिका कार्यालय

2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन

0734-4041777, मोबा. 9977755777

### खजुरी में गेहूं खरीदी का मामलाः नियमों के दावों पर उठे बड़े सवाल

# पैरेलल खरीदी, बिना बिल तुलाई अचानक शिफ्टिंग से घिरी व्यवस्था, जांच पर टिकी निगाहें

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर

क्षेत्र के ग्राम खजुरी में गेहूं खरीदी को लेकर सामने आया मामला अब प्रशासनिक दावों और जमीनी हकीकत के बीच टकराव का बड़ा उदाहरण बन गया है। कार्यपालक मजिस्ट्रेट की छापामार कार्रवाई में घर के बाहर संचालित पैरेलल खरीदी केंद्र, भारी मात्रा में सरकारी बारदान और ट्रैक्टरों के साथ बड़े स्तर पर खरीदी का खुलासा हुआ। वहीं दूसरी ओर जिला खाद्य अधिकारी पी.एल. मालवीय ने पूरे मामले को शासन के नियमों के अनुरूप बताया है, जिससे विवाद और गहरा गया है।

छापेमारी के दौरान मौके से 500 से अधिक गेहूं से भरे बोरे, 250 से ज्यादा खाली बारदान और 3-4 ट्रैक्टर पाए गए। जांच में यह भी सामने आया कि जिस संस्था को सुसनेर में खरीदी की अनुमति दी गई थी, वह करीब 7 किलोमीटर दूर खजुरी गांव में खरीदी कर रही थी। यह तथ्य सामने आने के बाद खरीदी व्यवस्था की पारदर्शिता और वैधता को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं।

### अधिकारियों का पक्ष

जिला खाद्य अधिकारी का कहना है कि जिले में कहीं भी अवैध खरीदी नहीं हो रही है और पूरी प्रक्रिया गोदाम स्तरीय एवं समिति स्तरीय व्यवस्था के तहत संचालित की जा रही है। उनके अनुसार, गोदाम भरने के बाद संबंधित समिति अपने कार्यक्षेत्र में 25 किलोमीटर के दायरे में किसी भी सुरक्षित स्थान पर खरीदी कर सकती है। स्लॉट बुकिंग और खरीदी के स्थान अलग-अलग होने को भी उन्होंने नियमों के अनुरूप बताया है।

### जमीनी स्तर पर उठते सवाल

हालांकि, अधिकारियों के इन दावों के बावजूद जमीनी स्थिति कई सवाल खड़े कर रही है। किसानों का आरोप है कि तुलाई के बाद उन्हें तत्काल बिल नहीं दिए गए, जबकि नियमानुसार बिल उसी समय जारी किया जाना चाहिए। बिना बिल के भुगतान की प्रक्रिया, देरी की स्थिति में जिम्मेदारी और पारदर्शिता को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

इसके अलावा यह सवाल भी उठ रहा है कि यदि गोदाम भरने के बाद ही खरीदी स्थल बदला जाना था, तो क्या किसानों को पहले से इसकी सूचना दी गई थी? क्या समिति को निजी या अस्थायी स्थानों पर खरीदी करने की खुली छूट है? क्या इस तरह के निर्णय के लिए कोई लिखित आदेश या स्पष्ट प्रक्रिया अपनाई गई थी?

### अचानक बंद हुई खरीदी, फिर बदला फैसला

मामले में नया मोड़ तब आया जब खजुरी में संचालित खरीदी अचानक बंद कर दी गई और वहां से संसाधनों को वापस सुसनेर वेयरहाउस में शिफ्ट कर दिया गया। इसके बाद पुनः वेयरहाउस में खरीदी शुरू कर दी गई। इससे यह सवाल और गहरा गया है कि यदि पहले गोदाम में जगह नहीं होने का हवाला दिया जा रहा था, तो अब अचानक पर्याप्त स्थान कैसे उपलब्ध हो गया।

### व्यवस्थाओं पर भी उठे सवाल

खजुरी में खुले या अस्थायी स्थान पर खरीदी को लेकर मूलभूत व्यवस्थाओं पर भी सवाल खड़े हुए हैं। मौके पर किसानों के लिए छांव, पेयजल, पर्याप्त तोल कांटे, हम्माल और गुणवत्ता जांच के लिए अधिकृत सर्वेयर की उपलब्धता संदिग्ध बताई जा रही है। यदि इन व्यवस्थाओं में कमी पाई जाती है, तो यह खरीदी केंद्र के निर्धारित मानकों का उल्लंघन माना जाएगा।

इसके साथ ही खुले में रखे गेहूं की सुरक्षा, खराब मौसम में बारिश या नमी से नुकसान, भंडारण और परिवहन की जिम्मेदारी को लेकर भी स्थिति स्पष्ट नहीं है। यदि भविष्य में किसी प्रकार की गड़बड़ी या नुकसान सामने आता है, तो उसकी जवाबदेही किसकी होगी-यह भी एक बड़ा सवाल है।

### प्रशासनिक जानकारी पर भी संशय

जिला खाद्य अधिकारी द्वारा मामले को क्लीन चिट देने के बाद यह सवाल भी उठ रहा है कि क्या इस पूरी प्रक्रिया की जानकारी पहले से प्रशासन को थी या नहीं। यदि समिति को मौखिक अनुमति दी गई थी, तो क्या यह नियमों के अनुरूप है?

जिला खाद्य अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि निरीक्षण रिपोर्ट मिलने के बाद यदि किसी प्रकार की अनियमितता सामने आती है तो संबंधित संस्था के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल रिपोर्ट कलेक्टर को प्रस्तुत की जाएगी। जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी।

### हेलमेट पहनकर लाखों चोरी करने वाला उज्जैन का आरोपी गिरफ्तार

# उंगली में चाबी के छल्ले से पहचाना गया, 1.85 लाख की नकदी बरामद

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास

देवास में एक किसान के मिनी ट्रक से लाखों रुपए चुराने वाले आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी ने अपनी पहचान छिपाने के लिए हेलमेट पहना था, लेकिन उसकी एक अनोखी आदत ने उसे पुलिस की गिरफ्त में ला दिया। वह बाइक चलाते समय अपनी उल्टे हाथ की छोटी उंगली में चाबी का छल्ला बाहर लटकाकर रखता था, इसी खास अंदाज से पुलिस उस तक पहुंची।

पुलिस कंट्रोल रूम में प्रेस वार्ता में एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया ने इस मामले का खुलासा किया। 29 अप्रैल को ग्राम धारूखेड़ी निवासी सागर पिता जितेंद्र नागर ने नाहर दरवाजा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि अनाज मंडी देवास में फसल बेचकर मिली नगदी अपने मिनी ट्रक की डिक्की में रखकर घर लौटते समय राजोदा रोड स्थित पेट्रोल पंप पर पानी लेने रुके थे। वापस लौटने पर डिक्की



खुली मिली और नगदी गायब थी।

थाना प्रभारी निरीक्षक आलोक सोनी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। जांच के दौरान, पुलिस ने तकनीकी और भौतिक साक्ष्यों के साथ-साथ मुखबिर तंत्र और डिजिटल सर्विलांस का उपयोग किया। टीम ने घटनास्थल और संभावित मार्गों के 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इसी दौरान, एक संदिग्ध की पहचान उसकी खास उंगली में छल्ला पहनकर बाइक चलाने की आदत से हुई।

एएसपी भदौरिया ने बताया कि आरोपी ने मंडी से ही किसान की रेकी की थी और लगातार पीछा करते हुए मौका मिलते ही वारदात को अंजाम दिया। कार्रवाई में थाना प्रभारी आलोक सोनी, उपनिरीक्षक गणेशलाल जटिया, प्रधान आरक्षक नितेश द्विवेदी, रवि भदौरिया, यशवंत तोमर, आरक्षक नवदीप, योगेंद्र, विकास पटेल, धर्मेंद्र सहित सायबर सेल प्रभारी शिवप्रताप सिंह सेंगर, सचिन चौहान और गीतिका कानूनगो की सराहनीय भूमिका रही।

**आर्य समाज मार्ग उज्जैन का रहने वाला है आरोपी रजाक**

पुलिस ने आरोपी राजा उर्फ अब्दुल रजाक (51) को गिरफ्तार किया, जो उज्जैन के आर्य समाज मार्ग का निवासी है और वर्तमान में देवास की लाइफ स्टाइल कॉलोनी पार्ट-2 में रह रहा था। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने उज्जैन में भी तीन चोरी की वारदातों को अंजाम दिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1 लाख 85 हजार 850 रुपए नकद, घटना में प्रयुक्त स्कूटर और हेलमेट बरामद किया है।



## तहसीलदार ने गेहूं खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया

**बदनावर।** बदनावर क्षेत्र में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की धीमी गति से किसान परेशान हैं। उपार्जन केंद्रों पर हम्मालों की कमी, स्लॉट बुकिंग में तकनीकी दिक्कतें और भीषण गर्मी के बीच बुनियादी सुविधाओं का अभाव किसानों के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है। इन समस्याओं के मद्देनजर शुक्रवार को तहसीलदार सुरेश नागर ने कई खरीदी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।

कई किसानों को समय पर स्लॉट नहीं मिल पाने के कारण अपनी उपज से भरी ट्रालियों के साथ कई दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है। तहसीलदार नागर ने संदला, धारसीखेड़ा और काछीबड़ौदा सहित अन्य उपार्जन केंद्रों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। धारसीखेड़ा वेयरहाउस के निरीक्षण के दौरान किसानों के लिए पेयजल की व्यवस्था अपर्याप्त पाई गई, जिस पर सुधार के निर्देश दिए गए। संदला के खरीदी केंद्र पर पहुंचकर उन्होंने किसानों, हम्मालों और सोसाइटी कर्मचारियों से व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की। इसके बाद वे काछीबड़ौदा खरीदी केंद्र पहुंचे और वहां भी औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



## कलश यात्रा के साथ बाबा रामदेव प्राण प्रतिष्ठा एवं नव कुंडीय महायज्ञ शुरू

**पं. श्यामजी मनावत सुनाएंगे श्रीमद्भागवत कथा**

**सारंगपुर।** समीपस्थ ग्राम अमलावता में शुक्रवार से बाबा रामदेव प्राण प्रतिष्ठा एवं नव कुंडीय महायज्ञ महोत्सव का शुभारंभ हुआ। पहले दिन गांव में कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाओं, युवतियों और ग्रामीण श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कलश यात्रा गांव के विभिन्ना मार्गों से होती हुई आयोजन स्थल पाडल्या माताजी रोड पहुंची, जहां वैदिक विधि से पूजन कराया गया। कलश यात्रा में यज्ञाचार्य पंडित इंद्रजीत पाराशर, पंडित संजय कृष्ण व्यास एवं संत नित्यानंद (निर्भय) पुरीजी शामिल रहे। संतों और आचार्यों के सान्निध्य में धार्मिक कार्यक्रम प्रारंभ किए गए। आयोजन स्थल पर सुबह हेमाद्री स्नान, मंडप प्रवेश, पंचांग पूजन तथा अन्य प्रारंभिक अनुष्ठान सम्पन्ना हुए। आयोजन समिति ने बताया कि सात दिवसीय यह धार्मिक आयोजन 7 मई तक चलेगा। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिदिन सुबह 7 बजे से 11 बजे तक यज्ञीय अनुष्ठान तथा शाम 4 बजे से 6 बजे तक पूजन कार्यक्रम होंगे। आयोजन के तहत आज दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ होगा। कथा का वाचन उज्जैन के कथा वाचक पंडित श्यामजी मनावत करेंगे। कथा श्रवण के लिए आसपास के गांवों के श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। समिति के अनुसार आगामी दिनों में देव आवाहन, अरणी मंथन, मूर्ति संस्कार, जलाधिवास, देव पूजन, महा स्नान, अभिषेक, नगर भ्रमण, मूर्ति न्यास, प्राण प्रतिष्ठा, कथा पूणार्हुति, महाआरती एवं प्रसाद वितरण के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## पिटगारा तिराहे पर बस-ट्राला चालकों में विवाद के बाद बस में तोड़फोड़




**बदनावर।** बदनावर के पिटगारा तिराहे पर बस और ट्राला चालकों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों में मारपीट हुई और यात्री बस में तोड़फोड़ की गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों के खिलाफ मामला दर्ज किया। घटना लेबड़-नयागांव फोरलेन पर शुक्रवार रात करीब 10:30 बजे की है। बताया गया कि ट्राला और यात्री बस को एक-दूसरे के आगे खड़ा करने को लेकर दोनों चालकों में बहस शुरू हुई, जो बाद में मारपीट में बदल गई। इस दौरान बस के सामने और एक तरफ की खिड़कियों के कांच तोड़ दिए गए। बस में कम सवारियां थीं, जो झगड़ा होते ही नीचे उतर गईं और उन्हें कोई चोट नहीं आई। महाशक्ति ट्रेवल्स की यात्री बस रतलाम की ओर से इंदौर जा रही थी। बस चालक प्रवीण पिता कमल राठौड़ निवासी घाटाबिल्लोद ने पुलिस को बताया कि पिटगारा तिराहे पर ट्राला चालक ने अपना वाहन बस के आगे खड़ा कर दिया। इसके बाद ट्राला चालक ने टामी और लकड़ी से प्रवीण और प्रकाश के साथ मारपीट की, जिससे उन्हें चोटें आईं।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने फ्लेट स्वामीनी श्रीमती ममता शुक्ला पति श्री ताराकुमारजी घोष, निवासी-सी-60, ऋषि नगर, उज्जैन (म.प्र.) से उनके एकमेंव स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का फ्लेट क्रमांक-613, छठी मंजिल जो कि, बहुमंजिला भवन तिरूपति हाईट्स नानाखेड़ा, उज्जैन (म.प्र.) में मुख्य मार्ग अंदर की ओर स्थित हैं। उक्त फ्लेट का सुपर बिल्टप क्षेत्रफल-73.29 वर्गमीटर हैं। उक्त फ्लेट के पूर्व दिशा में-तल पर खुली भूमि, पश्चिम दिशा में-कॉमन पैसेज एवं तल पर गार्डन, उत्तर दिशा में-फ्लेट क्रमांक-612 एवं दक्षिण दिशा में-फ्लेट क्रमांक-614 व 615 हैं। उपरोक्त वर्णित फ्लेट को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने किया हैं तथा विक्रय प्रतिफल की बयाना राशि अदा कर अनुबंधपत्र का निष्पादन भी अपने हित में करवा लिया हैं। यदि उक्त फ्लेट को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त फ्लेट पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, दानग्रस्त व प्रतिभूति ग्रस्त, अनुबंधग्रस्त, सौदा चिट्ठी, बंधकग्रस्त, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो या मूल दस्तावेज कहीं बंधकग्रस्त हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में मय प्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि गुजर जाने के पश्चात उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र का पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी। सो सूचित हो।

इति दिनांक 02.05.2026

भवदीय
राजेश बांठिया एडव्होकेट
ए-5, भरतपुरी काम्पलेक्स,
देवास रोड़, उज्जैन
मो-98272-64140

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन स्वामी श्रीमती दीपिका पोरवाल पति श्री सुरेश पोरवाल, निवासी-37 गांधी नगर, माडल स्कूल के पीछे, उज्जैन (म. प्र.) के एकल मालिकी स्वामित्व में भवन क्रमांक-B-5/8 श्रेणी E.W.S. जो कि उज्जैन विकास प्राधिकरण की त्रिवेणी विहार योजना उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। भवन वर्तमान में तीन (G+2) मंजिला में आर. सी. सी. की छत का बना है। उक्त भवन की पैमाईश में भूखण्ड/भवन सामने 04.50 मीटर, पीछे 04.50 मीटर, एक बाजू 09.00 मीटर तथा दूसरी बाजू 09.00 मीटर होकर भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल-40.50 वर्गमीटर है। भवन की चर्तुःसीमा में पूर्व दिशा में-भूखण्ड क्रमांक-B-5/45, पश्चिम दिशा में-सड़क, उत्तर दिशा में भूखण्ड क्रमांक-B-5/7 एवं दक्षिण दिशा में-भूखण्ड क्रमांक-B-5/9 स्थित है। उक्त पैमाईश व चर्तुःसीमा के मध्य स्थित भवन को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भवन स्वामी से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। उक्त भवन पर अन्य किसी व्यक्ति, सोसायटी, संस्था, समूह, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, बकाया आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सके अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त सम्पत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो।

इति दिनांक-02.05.2026

राजकुमार प्रजापत एडवोकेट
कार्यालय-A-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन (म.प्र.)
मोबा. 94259-46659

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखण्ड/भवन क्रमांक 16 म्युनिसिपल क्रमांक 261 लक्ष्मीनगर कॉलोनी कालिदास मार्ग, पथ क्रमांक 4, उज्जैन (म.प्र.) में स्थित हैं, जिसका कुल क्षेत्रफल 92.96 वर्गमीटर हैं। उपरोक्त वर्णित भवन एक मंजिला आर.सी.सी. की छत का निर्मित हैं, उपरोक्त वर्णित भवन को मेरे पक्षकार ने भवनस्वामी राहुल जैन पिता श्री राजेश जैन, निवासी-19/9, केमिकल स्टॉफ कॉलोनी, बिरलाग्राम नागदा, उज्जैन (म.प्र.) से क्रय करने का अनुबंध कर भवन स्वामी को बयाना राशि अदा कर दी हैं, शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन करवाया जाना हैं। उक्त भवन पर किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बख्शीश आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 5 दिन में आपत्ति मय प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

इति दिनांकः-02/05/2026

दीपिका सावरकर, अभिभाषक
दुकान नं. ए-17, भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन (म.प्र.)
मोबा. 98272-99159

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार ने अरिवंदिसिंह पंवार पिता राजेंद्रसिंह कृषक ग्राम पिपलिया मुज्फता तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके एकमेव स्वामित्व स्वत्व तथा आधिपत्य की भूमि सर्वे क्रमांक 17 रकबा 1.37 हेक्टेयर में से रकबा 0.37 हेक्टेयर किता 1 कुल रकबा 0.37 हेक्टेयर स्थित ग्राम- पिपलिया मुज्फता तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है को क्रय करने का सौदा किया होकर टोकन बयाना राशि दी है तथा अब उक्त भूमि स्वामी को शेष बयाना राशि एवं तत्पश्चात शेष विक्रयधन राशि अदा कर उनसे अनुबंध-पत्र एंव तत्पश्चात विक्रय पत्र का संपादन व पंजीयन करवाया जाना है, यदि उक्त वर्णित भूमि पर किसी बैंक, व्यक्ति, संस्था, शासन या अन्य का कोई ऋण, भार, मतालबा हो, या किसी भी शासकीय, अर्द्धशासकीय, अशासकीय विभाग का किसी प्रकार का टेक्स, कर, प्रभार, पेनल्टी, दण्ड, ब्याज या देनदारी आदि बकाया हो वा उक्त वर्णित भूमि में किसी का कोई स्वत्व, हित, क्लेम हो अथवा इस विक्रय बाबत कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 (सात) दिवस के अन्दर सप्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति पेश करे ताकि उसका निराकरण किया जा सकेगा, अन्यथा बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा शेष बयाना राशि एंव तत्पश्चात शेष विक्रयधन अदा किया जाकर भूमिस्वामी से अनुबंध-पत्र एवं तत्पश्चात विकय-पत्र का संपादन व पंजीयन करा लिया जायेगा, तत्पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नही की जायेगा सो सूचित हो।

इति दिनांक 02/05/2026 स्थान उज्जैन

अजय कुमावत एडवोकेट
कार्यालय पुलिस कंट्रोल रूम के सामने
उज्जैन मो. 9993364312

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार ने 1-अनिल पटेल पिता श्री चतुर्भुज पटेल उम्र 54 वर्ष व्यवसाय कृषि निवासी 254, तिरूपति सेफरॉन कॉलोनी उज्जैन म.प्र. 2- अर्जुन ढोलिया पिता श्री लक्ष्मीनारायण ढोलिया उम्र 36 वर्ष व्यवसाय कृषि निवासी 827 ग्राम मांगलिया सांवेर रोड इंदौर म.प्र. से व अनिल पटेल व अर्जुन ढोलिया द्वारा मूल भूमि स्वामि नारायण सिंह पिता श्री नागू सिंह निवासी ग्राम पात्याखेडी तहसील बडनगर जिला उज्जैन व श्रीमती संतोष कुंवर पति श्री नारायण सिंह निवासी ग्राम पात्याखेडी तहसील बडनगर जिला उज्जैन से उनके स्वत्वाधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नं. 216 रकबा 2.94 हेक्टर व सर्वे नंबर 213/3 रकबा 0.80 हेक्टर कुल कीता 2 कुल रकबा 3.74 हेक्टर लगानी बरूए रेट स्थित ग्राम पात्याखेडी तहसील बडनगर जिला उज्जैन में स्थित है को मय जमीन तला व हवाई हक सहित कय करने का लिखित अनुबंध किया हैं और अनुबंध अनुसार मेरे पक्षकार को नियत अवधि में शेष विक्रय धनराशि अदाकर विक्रय पत्र की रजिस्ट्री करवाई जाना है।

इस सूचना प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त भूमि के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या किसी विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार कोई ऋण भार टेक्स मेंटेनेंस बकाया हो या उक्त संपत्ति पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, विभाग, बैंक आदि इस सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित भूमि की विक्रय पत्र की रजिस्ट्री अपने हित में करवा ली जावेगीं व किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

इति दिनांकः 02-05-2026 उज्जैन

आशीष भदौरिया एडव्होकेट
कार्यालय 2, द्रविड मार्ग, कुशलपुरा, उज्जैन
मोबा. 99812-60727

**कार्यालय नगर पालिक निगम देवास (म.प्र.)**

क्र./19/स्व.भा.मि./2026 | देवास, दिनांक : 28.04.2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी.राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | 2026_UAD _503784_1 28/04/2026 | स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 के अन्तर्गत 01 नग इलेक्ट्रिक रोड स्वीपिंग मशीन क्रय करने हेतु ऑनलाईन ई-निविदा प्रपत्र। | 45 दिवस 40,00,000/- | 5,000/- 1,20,000/- | 19.05.2026 06.00 PM |

**नोट :-** निविदा से संबंधित किसी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https//mptenders.gov.in वेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

उपायुक्त
नगर पालिक निगम, देवास (म.प्र.)

## आगे आया विप्र नारी शक्ति सेवा संस्थान, बांटे सकोरे



**शाजापुर।** इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप में बेजुबान पक्षियों के संरक्षण के लिए विप्र नारी शक्ति सेवा संस्थान ने एक पुनीत पहल की है। इस तपते मौसम में कोई भी पक्षी प्यासा न रहे, इस उद्देश्य से संस्थान द्वारा पक्षियों के लिए पानी रखने हेतु मिट्टी के सकोरे वितरित किए गए। इस मौके पर संस्थान की सदस्याएं श्रीमती चेतना शर्मा, संतोष शर्मा, हंसेश्वरी शर्मा, सुधा शर्मा, सुनीता शर्मा, गाना देवी शर्मा, प्रतिभा शुक्ला, अनीता शर्मा, उमा शर्मा, सविता शर्मा, निधि जोशी, तृप्ति दवे, वैष्णवी पाठक, प्रज्ञा व्यास, कविता व्यास, सीमा शर्मा, संध्या शर्मा, राधा शर्मा और अंजलि शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

## मेहबूब मोहम्मद बने नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष

**शुजालपुर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस संगठन में नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के तहत नई नियुक्ति की गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष निशांक जैन ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व पार्षद हाजी मेहबूब मोहम्मद को प्रदेश उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है। हाजी मेहबूब मोहम्मद की नियुक्ति पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रशिक्षण प्रभारी महेन्द्र जोशी, प्रदेश महासचिव रामवीर सिंह सिकरवार, जिला अध्यक्ष नरेश्वर प्रताप सिंह, प्रदेश सचिव गजेन्द्र सिसोदिया सहित अन्य नेताओं ने उन्हें बधाई देते हुए संगठन को और सशक्त बनाने की अपेक्षा जताई।

## शुजालपुर के रजत सोनानिया बने स्टेट कोऑर्डिनेटर



**शुजालपुर।** क्षेत्र के युवा प्रतिभाशाली रजत सोनानिया को जवाहर बाल मंच की मध्य प्रदेश राज्य समन्वय समिति में स्टेट कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष की स्वीकृति के बाद तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। रजत सोनानिया की इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। संगठन ने उनकी सक्रियता, मेहनत और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। स्थानीय नागरिकों, मित्रों एवं परिजनों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। वे अपने दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए युवाओं के बीच सकारात्मक ऊर्जा का संचार करेंगे और सामाजिक गतिविधियों में नई दिशा प्रदान करेंगे।

## विक्रमगढ़ के युवक का अपहरण कर की हत्या

**आलोट।** नगर के विक्रमगढ़ क्षेत्र में युवक के अपहरण कर हत्या का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार विक्रमगढ़ के मनीष पिता दिनेश माली उम्र 22 वर्ष को शुक्रवार रात्रि 10:30 बजे विक्रमगढ़ निवासी मयंक पिता मेहरबान माली एवं दो से तीन अन्य लड़के सफेद कलर की स्विफ्ट गाड़ी में ले गए थे ले जाने से पहले आरोपियों एवं मनीष में विवाद भी हुआ था। रात भर मनीष के घर नहीं आने पर सुबह मनीष के पिता दिनेश पिता किशोर माली ने आलोट थाने पर मयंक एवं अन्य के द्वारा उनके लड़के मनीष को ले जाने की रिपोर्ट दर्ज करवाई जिस पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मयंक एवं तीन अन्य लोगों को पड़कर थाने लाई जहां पूछताछ में मयंक ने मनीष को उज्जैन ले जाने की बात कही है पुलिस द्वारा मोबाइल लोकेशन एवं अन्य साक्ष्य के आधार पर युवक की तलाश प्रारंभ की एवं एक पुलिस टीम मयंक को लेकर उज्जैन पहुंची जहां निलगंगा थाना क्षेत्र में मयंक के मकान से मनिष की लाश मिलने की सुचना प्राप्त हूई है। वहीं शाम सात बजे मनिष की हत्या की खबर प्राप्त हूई है जिस पर परिजनों के शब्द का बांध टूट गया एवं वे आरोपियों पर सत्य सख्त कार्रवाई की मांग करने लगे तथा उनके घरों को गिराने की मांग भी तेज हो गई। मनिष आलोट मंडी में हम्माली करता था।

## संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाडे की अध्यक्षता में कान्फ्रेंस सम्पन्न

**धार।** संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े की अध्यक्षता में संभागायुक्त कार्यालय में आज कलेक्टर्स कान्फ्रेंस आयोजित की गई। कान्फ्रेंस में संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर्स, जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, अपर कलेक्टर श्री रिंकेश वैश्य, संयुक्त आयुक्त विकास श्रीमती शिवानी वर्मा, उपायुक्त विकास पुरूषोत्तम पाटीदार, जनजातीय कार्य विभाग के उपायुक्त ब्रजेशचन्द्र पाण्डे सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में संभागायुक्त डॉ. खाडे ने संभाग में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि अब तक इंदौर संभाग में 60 फीसदी से अधिक समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी हुई है और आगामी दिनों में शेष लक्ष्य भी प्राप्त कर लिया जायेगा। संभाग के सभी उपार्जन केन्द्रों पर किसानों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो रही है।

# गैस सिलेंडर की किल्लत से हाहाकार

## एजेंसी पर उपभोक्ताओं का हंगामा और कालाबाजारी के आरोप

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर



शहर में घरेलू गैस सिलेंडरों की भारी किल्लत ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। चूल्हे ठंडे पड़ने और लगातार टालमटोल से परेशान उपभोक्ताओं के सब्र का बांध शनिवार को टूट गया और नवीन गैस एजेंसी के बाहर घंटों लाइन में लगने के बावजूद जब सिलेंडर नहीं मिले, तो आक्रोशित लोगों ने जमकर हंगामा कर दिया। विवाद इतना बढ़ गया कि पुलिस को हस्तक्षेप कर मामले को शांत कराना पड़ा। इस दौरान उपभोक्ताओं ने एजेंसियों पर ब्लैक मार्केटिंग के गंभीर आरोप लगाकर जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

### वितरण को लेकर झड़प, छोड़कर भागे कर्मचारी

जानकारी के मुताबिक, उपभोक्ता पिछले कई दिनों से अपने नंबर का इंतजार कर रहे थे, लेकिन एजेंसी की ओर से उन्हें लगातार नई तारीखें दी जा रही थीं। शनिवार सुबह जब फिर से वितरण में आनाकानी की गई, तो कुछ लोगों ने कड़ा विरोध जताना शुरू कर दिया। देखते ही देखते यह विरोध एजेंसी कर्मचारियों के साथ तीखी बहस और झड़प में तब्दील हो गया। हालात बिगड़ते देख कुछ कर्मचारी घबराकर मौके से हट गए, जिसके बाद पुलिस ने आकर समझाइश दी और स्थिति को नियंत्रण में लिया।

### 2000 रुपए में बिक रहा सिलेंडर

हंगामे के बीच उपभोक्ताओं ने कालाबाजारी को लेकर बड़े खुलासे किए। नाम न छापने की शर्त पर एक उपभोक्ता ने आरोप लगाया कि मालवा गैस और नवीन गैस एजेंसियों से सिलेंडरों की खुलेआम ब्लैक मार्केटिंग की जा रही है। उन्होंने अपना दर्द बयां करते हुए कहा कि मजबूरी के कारण उन्हें एक गैस सिलेंडर 1800 से 2000 रुपए की भारी कीमत देकर खरीदना पड़ा है। वहीं, एक अन्य उपभोक्ता ने बताया कि वे आठ दिनों से गैस के लिए चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें सिर्फ तारीखें मिल रही हैं। उन्होंने एजेंसी कर्मचारियों पर ग्राहकों के साथ बदसलूकी और अभद्र व्यवहार करने का भी आरोप लगाया।

### एजेंसी संचालक की सफाई, सप्लाई ही कम है

उपभोक्ताओं के इन गंभीर आरोपों पर नवीन गैस एजेंसी के संचालक राज नारायण चौहान ने सफाई दी है। उन्होंने कालाबाजारी के सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि एजेंसी को प्रतिदिन सिर्फ एक ही गाड़ी सिलेंडर मिल पा रही है। ग्राहकों की अत्यधिक भीड़ और मांग ज्यादा होने की वजह से वितरण में यह परेशानी खड़ी हो रही है।

### खाद्य आपूर्ति विभाग ने दिए जांच के निर्देश

गैस एजेंसी पर हुए इस भारी हंगामे और कालाबाजारी की शिकायतों पर प्रशासन भी हरकत में आ गया है। इस पूरे मामले को लेकर जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी देवेंद्र शर्मा ने कहा है कि शिकायतों को गंभीरता से लिया गया है। सच्चाई का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।

## शादी से लौट रहे लोगों से भरा ऑटो पलटा, तीन गंभीर घायल

**शाजापुर।** जिले के बड़ोदिया थाना क्षेत्र में देर रात शादी समारोह से लौट रहे यात्रियों से भरा ऑटो असंतुलित होकर पलट गया। इस दुर्घटना में ऑटो सवार दो महिलाओं सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि अन्य को मामूली चोटें आई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ऑटो में करीब 8 से 10 लोग सवार थे। ये सभी लोग परसूला में एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद वापस तलेन लौट रहे थे।

शुक्रवार रात करीब 1 बजे कुमारिया गेट के पास अचानक ऑटो अनियंत्रित हो गया और सड़क पर पलट गया। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पायलट राजपाल सिंह और पुलिस स्टाफ शिवचरण दांगी व विजय गवली ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को सुरक्षित निकाला और मोहन बड़ोदिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद तीनों गंभीर घायलों की स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए शाजापुर जिला अस्पताल रेफर किया गया।

## आराधना भवन में लगी धर्म संस्कारों की पाठशाला, शिविर में बच्चों को मिली जानकारी

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर

अरिहंत भगवान कौन हैं ? सिद्ध भगवंत कौन हैं ? जमीकंद और होटल में भोजन क्यों नहीं करना चाहिए? रात्रि भोजन का त्याग किसलिए किया जाता है? नवकार महामंत्र की क्या महिमा है? इस जैसी और भी अनेक धर्मयुक्त जानकारियां, जिनकी शास्त्रयुक्त व्याख्या से जब नन्हे-मुन्ने बच्चे रूबरू हुए तो उनके बालमन की जिज्ञासाओं का स्वतरू समाधान हो गया। अवसर था, स्थानीय ओसवाल सेरी स्थित जैन उपाश्रय में आयोजित तीन दिवसीय संस्कार एवं धार्मिक शिविर का, जिसमें उपस्थित जैन समाज के बच्चों को जिन शासन की महिमा के साथ मंदिर/स्थानक के धार्मिक संस्कारों से जोड़ने का प्रयत्न किया गया। श्री महावीर जैन पाठशाला द्वारा नगर की सुश्राविका मृगावती बुरड़ के विशेष मार्गदर्शन में दिनांक 2 से 4 मई तक लगने वाले उक्त तीन दिवसीय धार्मिक एवं संस्कारिक शिविर में बच्चों को धार्मिक एवं संस्कारिक शिक्षा सहित जगत पूजित जिन शासन की महिमा की संपूर्ण जानकारी दी जा रही है। साथ ही बच्चों के लिए अनेक आकर्षक गतिविधियां एवं गेम्स भी आयोजित हो रहे हैं। ताकि बच्चे खुशी-खुशी धर्म संस्कारों को ग्रहण कर सकें। समाज की महिला मंडल सदस्यों ज्योति जैन, हेमा जैन, विनीता जैन, रीना धारीवाल, अंकिता जैन, बिंदू जैन एवं रजनी जैन के माध्यम से संचालित उक्त शिविर के प्रथम दिवस शिविर का शुभारंभ महामंत्र नवकार से हुआ। इसके पश्चात सौरभ नारेलिया ने अरिहंत भगवान के संबंध में, पंकज मांडलिक ने सिद्ध भगवंत के संबंध में, डा.पराग जैन ने रात्रि भोजन, जमींकंद के त्याग और नियमित योग-व्यायाम के संबंध में बच्चों को उपयोगी जानकारियां प्रदान की। शिविर की प्रभावना के लाभार्थी लोकेश जैन-मितांशु जैन (शक्कर वाला) परिवार रहे।

# नीट परीक्षा की तैयारियां पूरी

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में आज आगामी नीट परीक्षा के सुचारू एवं व्यवस्थित संचालन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित बैठक में पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल, अपर कलेक्टर अखिलेश जैन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान परीक्षा के पांचों केंद्रों के प्राचार्यों द्वारा अवगत कराया गया कि सभी केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं। केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित कर दिए गए हैं, पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, अभ्यर्थियों के परिजनों के लिए टेंट की व्यवस्था की गई है तथा परिसर की साफ-सफाई कर ली गई है। इसके साथ ही बैठने की व्यवस्था सुव्यवस्थित की गई है एवं शौचालयों की सफाई भी सुनिश्चित की गई है। बैंक एवं डाकघर प्रतिनिधियों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में आवश्यक जानकारी साझा की गई।

बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि परीक्षा दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक आयोजित होगी तथा अभ्यर्थियों का प्रवेश प्रातः 11:00 बजे से प्रारंभ हो जाएगा। सभी अभ्यर्थियों को समय पर परीक्षा केंद्रों पर पहुंचना सुनिश्चित करने की अपील की गई।

कलेक्टर श्री कन्याल ने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी चेकलिस्ट तैयार कर उसके अनुसार व्यवस्थाओं का पुनः सत्यापन करें। उन्होंने विशेष रूप से सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता की जांच करने तथा परीक्षा केंद्रों के आसपास स्थित कोचिंग संस्थानों की गतिविधियों पर निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जबकि प्रशासन की ओर से अपर कलेक्टर अखिलेश जैन को नोडल अधिकारी बनाया गया है। पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा सतत निरीक्षण किया जाएगा तथा ड्यूटी पर तैनात अधिकारी नियमित रूप से भ्रमण करेंगे। कलेक्टर श्री कन्याल ने निर्देश दिए कि परीक्षा के पूर्व एवं पश्चात अभ्यर्थियों की आवाजाही को ध्यान में रखते हुए यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखा जाए, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल, चालक मौके से फरार



**शाजापुर।** मक्सी के हाट बाजार से अपना काम निपटाकर गांव बकानी लौट रहे पिता-पुत्र की बाइक को एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। यह घटना शनिवार दोपहर करीब 2 बजे शाजापुर जिला मुख्यालय से लगभग 7 किलोमीटर दूर नेशनल हाईवे-52 स्थित नैनावद घाटी पर हुई। जानकारी के मुताबिक, रामनारायण और उनका बेटा लच्छीराम एक ही बाइक पर सवार होकर घर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान नैनावद घाटी के पास एक अज्ञात वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया और टक्कर मारने के बाद मौके से भाग निकला। इस हादसे में पिता रामनारायण को गंभीर चोटें आई हैं, वहीं पुत्र लच्छीराम के हाथ-पैर और शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोटें लगी हैं। घटना के बाद 1033 एंबुलेंस की मदद से दोनों को शाजापुर जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां फिलहाल उनका इलाज जारी है।

# हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही महिलाएं -कलेक्टर

## जिला कलेक्ट्रेट में 'लाड़ली लक्ष्मी उत्सव' का भव्य आयोजन, प्रतिभाशाली बालिकाएं हुईं सम्मानित

दैनिक अवन्तिका » गुना




कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जिला स्तरीय 'लाड़ली लक्ष्मी उत्सव' का आयोजन जनसुनवाई कक्ष, कलेक्ट्रेट गुना में गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर श्रीमती सविता गुप्ता ने उपस्थित बालिकाओं का स्वागत करते हुए 'लाड़ली लक्ष्मी उत्सव' की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह उत्सव बेटियों के सशक्तिकरण और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए समर्पित है। कार्यक्रम में उपस्थित रमेश मालवीय द्वारा प्रतिभागियों को लाड़ली उत्सिव कार्यक्रम की बधाई दी गई। विशिष्ट अतिथि कलेक्टर श्री कन्याल ने अपने संबोधन में कहा कि 'लाड़ली लक्ष्मी योजना' बालिकाओं के हित में एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने बताया कि सरकार बालिकाओं की देखभाल जन्म से पूर्व ही सुनिश्चित करती है तथा उनके स्वास्थ्य, टीकाकरण, शिक्षा और उच्च शिक्षा तक वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

कलेक्टर श्री कन्याल ने 10वीं कक्षा में बिना कोचिंग के 85 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली बालिकाओं की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मेहनत और लगन अन्य छात्राओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने जिले में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत महिला अधिकारियों का उदाहरण देते हुए बताया कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं।

जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग श्री अब्दुल गफ्फार ने योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इसका उद्देश्य लिंगानुपात में सुधार, बालिका शिक्षा को बढ़ावा और उनके स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती दीपा शर्मा, परियोजना अधिकारी गुना ग्रामीण द्वारा किया गया। इस दौरान उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाली बालिकाओं को प्रमाण पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिले के समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों पर भी 'लाड़ली लक्ष्मी उत्सव' का आयोजन किया गया, जहां बालिकाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए एवं उनके द्वारा पौधारोपण किया गया। श्रीमती दीपा शर्मा ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

## महिलाओं के लिए विशेष फिटनेस और योग शिविर शुरू, 5 मई तक पंजीयन



**शाजापुर।** महिलाओं और बालिकाओं को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट बनाने के उद्देश्य से शहर के स्टेडियम ग्राउंड स्थित मल्लखंभ एरिना में एक महीने का विशेष वूमेंस फिटनेस एंड योग कैंप शुरू हो चुका है। 1 मई से शुरू हुए इस शिविर में महिलाओं का भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। जो महिलाएं अभी तक इस शिविर से नहीं जुड़ पाई हैं, उनके लिए आयोजकों ने पंजीयन की अंतिम तिथि 5 मई तय की है। इस विशेष कैंप की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें शामिल होने के लिए पंजीयन शुल्क मात्र 11 रुपये रखा गया है।

अनुभवी फिटनेस, योग और मल्लखंभ ट्रेनर चंद्रिका मिटोला के मार्गदर्शन में चल रहे इस शिविर में महिलाओं की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। शिविर में फैट लॉस स्पेशल प्रोग्राम के साथ-साथ फिटनेस को मजेदार बनाने के लिए जुम्बा क्लासेस भी लगाई जा रही हैं। चंद्रिका ने बताया कि आज के समय में महिलाओं में आम हो चुकी बीमारियों पीसीओडी, थायरॉइड, और कमर दर्द आदि से राहत पाने के लिए विशेष योगाभ्यास सिखाया जा रहा है। शिविर का समय प्रतिदिन सुबह 6 बजे रखा गया है। यह शिविर केवल महिलाओं और बालिकाओं के लिए है, जिसमें हर उम्र की महिलाएं हिस्सा ले सकती हैं। चंद्रिका के अनुसार शिविर में सीटें सीमित रखी गई हैं, इसलिए इच्छुक महिलाओं से जल्द से जल्द रजिस्टर करने की अपील की गई है। जो भी महिलाएं और बालिकाएं इस चल रहे शिविर का हिस्सा बनना चाहती हैं, उनके पास 5 मई तक का समय है। वे अधिक जानकारी या अपना स्थान सुरक्षित करने के लिए मोबाइल नंबर 9754624951 पर संपर्क कर सकती हैं। इस कैंप का मुख्य उद्देश्य महिलाओं का वजन नियंत्रित करना, तनाव कम करके मन को शांत करना, आत्मविश्वास बढ़ाना और एक स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित करना है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के लिए 50 दिवसीय काउंटडाउन शुरू

**गुना।** आयुष विभाग, मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह गनावे के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के पूर्व 50 दिवसीय काउंटडाउन कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस क्रम में 2 मई 2026 को ओंकार नर्सिंग कॉलेज, गुना में योग शिविर का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि 21 जून 2026 को 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जाएगा। इसके पूर्व योग के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु आयुष मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक संस्थानों में 50 दिन पहले से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। ओंकार नर्सिंग कॉलेज गुना में आयोजित योग शिविर में संस्थान के संचालक प्रदीप सेन, आनंद मंगल, श्रीमती मधु कृष्णानी, छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण, स्टाफ सदस्य एवं आयुष विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. अंकैश अग्रवाल, अशोक कुमार शर्मा तथा योग प्रशिक्षक श्रीमती मधुप्रिया पंत की उपस्थिति में सामान्य योग अभ्यासक्रम (कॉमन योग प्रोटोकॉल) का अभ्यास कराया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह गनावे ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य योग अभ्यासक्रम के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ना है। जिससे कार्यक्रम में व्यापक सहभागिता से नागरिकों के स्वास्थ्य एवं कल्याण को बढ़ावा मिलेगा तथा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के सफल आयोजन में राज्य की महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित होगी।

## एलएलबी प्रथम सेमेस्टर के परिणाम में गड़बड़ी, एबीवीपी ने सौंपा ज्ञापन



**शाजापुर।** विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन द्वारा जारी एलएलबी प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में सामने आई विसंगतियों को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) नगर इकाई ने विरोध जताया है। परिणाम में सुधार की मांग को लेकर छात्र नेताओं ने शनिवार को महाविद्यालय प्राचार्य के माध्यम से विश्वविद्यालय के कुलसचिव के नाम ज्ञापन सौंपा। एबीवीपी के नगर मंत्री पवन गुर्जर ने बताया कि हाल ही में जारी हुए परीक्षा परिणाम में भारी लापरवाही देखने को मिली है, जहां एक ही विषय में 30 से अधिक छात्र-छात्राओं को फेल कर दिया गया है। विद्यार्थी परिषद ने इस त्रुटिपूर्ण परिणाम पर आपत्ति जताते हुए मांग की है कि इन विसंगतियों को तत्काल सुधार कर नया परीक्षा परिणाम घोषित किया जाए, ताकि विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित न हो।

## वृंदावन धाम में श्रीमद् भागवत कथा का भव्य समापन



**शाजापुर।** शहर के इंदिरा नगर स्थित वृंदावन धाम में भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की जो त्रिवेणी पिछले कुछ दिनों से बह रही थी, उसका उल्लासपूर्ण और भक्तिमय वातावरण में विश्राम हो गया। भगवान श्रीकृष्ण की मनोहारी लीलाओं और भागवत धर्म के श्रवण से पूरा क्षेत्र कृष्णमय हो उठा। कथा के अंतिम दिन पंडाल में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। व्यासपीठ पर विराजमान प्रख्यात कथावाचक पंडित लालशंकर मेहता ने अपने मधुर वचनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा के विश्राम दिवस पर पंडित मेहता ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने मात्र से मनुष्य के जन्म-जन्मांतर के पाप नष्ट हो जाते हैं और जीवन में सुख, शांति व मोक्ष की प्राप्ति होती है। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रभु की भक्ति में लीन रहने, धर्म के मार्ग पर चलने और समाज में प्रेम व सद्भाव बनाए रखने का आशीर्वाद प्रदान किया। पूजन के पश्चात आयोजन स्थल से बैंड-बाजों की सुमधुर धुनों के साथ शोभायात्रा निकाली गई।

## विवाहिता की मृत्यु पर 6 पर मामला दर्ज

**मन्दसौर।** जिले के शामगढ़ थाना क्षेत्र में एक 22 वर्षीय विवाहिता की मृत्यु पर पुलिस ने मर्ग नं. 23/26 की जांच पर 6 आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया। घटना की जांच एसडीओपी दिनेश प्रजापति सीतामऊ के द्वारा की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना स्थल शामगढ़ थाना क्षेत्र के मृतिका का घर ग्राम खारचा का डेरा दिनांक 16 अप्रैल के 4.30 से 5 बजे के बीच का है। चुटकी पति अर्जुन बंजारा निवासी खारचा का डेरा की मृत्यु की जांच पर आरोपी अर्जुन पिता वकील गोड़, वकील पिता बिहारी गोड़, बनाबाई पति वकील गोड़, राजू पिता बिहारी गोड़, करण पिता राजू गोड़ सभी निवासी खारचा का डेरा व ईश्वर पिता कैलाश राठौर निवासी सोन बडी के विरूद्ध बीएनएस की धारा 108, 3(5) में प्रकरण दर्ज किया है। इस प्रकरण में अभी आरोपियों की गिरफ्तारी होना शेष है।

## सुपरवाइजरों और प्रगणकों को दिया गया तकनीकी प्रशिक्षण

**मंदसौर।** आगामी जनगणना 2027 के सफल क्रियान्वयन के लिए जिले में प्रशिक्षण कार्यक्रम तेजी से संचालित किए जा रहे हैं। नोडल अधिकारी सत्येंद्र राठौर ने बताया कि मंदसौर ग्रामीण, नगर और धुंधड़का तहसील के सुपरवाइजरों और प्रगणकों को जनगणना की बारीकियों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को तकनीकी रूप से दक्ष बनाने के लिए च्एचएलबी ट्रेनिंग एपज और -हाउस लिस्टिंग एपज मोबाइल में इंस्टॉल करवाए गए। इन डिजिटल माध्यमों के उपयोग से जनगणना का डेटा अधिक सटीक और पारदर्शी तरीके से संकलित किया जा सकेगा। सभी कर्मियों को फील्ड में डेटा एंट्री और रिपोर्टिंग के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए हैं।

## शिवना शुद्धिकरण अभियान के 103वें दिन भी हुआ श्रमदान

**मंदसौर।** शिवना नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए जारी शुद्धिकरण अभियान शनिवार को 103वें दिन भी उत्साहपूर्वक जारी रहा। इस अवसर पर विधायक विपिन जैन ने अन्य श्रमदानियों के साथ मिलकर नदी से दो ट्राली कचरा और प्लास्टिक निकाला। विधायक जैन ने कहा कि समाज के सामूहिक प्रयास से ही नदी की तस्वीर बदल रही है। अभियान के दौरान जलकुंभी, कटीली झाड़ियां और गाजर घास की भी सफाई की गई। बड़ी संख्या में युवाओं और महिलाओं की भागीदारी की सराहना करते हुए विधायक ने शहरवासियों से प्रतिदिन सुबह 7 से 9 बजे के बीच श्रमदान में शामिल होने का आह्वान किया। इस दौरान अनेक सामाजिक कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि सफाई कार्य में जुटे रहे।

## विधायक के आतिथ्य में मनाया लाड़ली लक्ष्मी उत्सव

**नीमच।** प्रदेश भर में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से जिले में भी लाडली लक्ष्मि को महत्व दिया जा रहा है। लाडली लक्ष्मी उत्सव के अवसर पर शनिवार को नीमच जिले के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में उत्साहपूर्ण तरीके से मनाया गया। जिला प्रशासन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशन में आंगनवाड़ी केंद्रों को आकर्षक ढंग से सजाकर लाडली बेटियों और उनके अभिभावकों का सम्मान किया गया।परियोजना नीमच शहरी का मुख्य कार्यक्रम विधायक श्री दिलीप सिंह परिहार के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत लाडली बेटियों को तिलक लगाकर की गई। विधायक श्री परिहार ने बेटियों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## 20 मई को जिले की दवा दुकाने बंद रहेगी

**नीमच।** देश भर मे दवाओं की अनियंत्रित, अप्रमाणित ढंग से ऑनलाइन बिक्री, कार्पोरेट कंपनियों द्वारा अनुचित डिस्काउंट और नकली दवाओं के बढ़ते कारोबार के विरोध स्वरुप नीमच जिले मे 20 मई को मेडिकल स्टोर को बंद रहेगे ।यह निर्णय 'आल इंडिया आर्गनाइजेशन आफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन नीमच द्वारा लिया गया है। नीमच जिला केमिस्ट एसोसिएशन अध्यक्ष सजय किलेवाला व सचिव राकेश पटवा, व अजय तिवारी संयुक्त रूप से बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर हुई ।

# कालोनी, सड़कों के साथ रतलाम का सौंदर्यीकरण व सामाजिक उत्थान भी करेंगे -मनोहर पोरवाल

## रतलाम विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त अध्यक्ष के पदभार ग्रहण समारोह में उद्गार






- प्राधिकरण की नई टीम विकास की नई गाथा लिखेगी-मंत्री चैतन्य काश्यप
- उपाध्यक्ष द्वय गोविन्द काकानी, प्रवीण सोनी ने ली शपथ
- नई टीम को पूर्ण सहयोग का संकल्प-सांसद चौहान
- सीएम ने कहा कि धन की कमी नहीं होगी
- बड़ी संख्या में गणमान्य जन रहे उपस्थित

**ओम त्रिवेदी**

**रतलाम।** रतलाम मध्य प्रदेश का पूर्ण विकसित महानगर बनने की ओर तीव्रता से अग्रसर है। राज्य शासन द्वारा रतलाम विकास प्राधिकरण के संचालक मंडल का गठन करने से रतलाम के मालवा-निमाड़ के प्रमुख गौरवशाली नगर के रूप में विकसित होने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। प्राधिकरण की नई टीम विकास की नई गाथा लिखेंगी। इस टीम से पूरा भरोसा है कि ये अपने अनुभव से प्राधिकरण को नई ऊँचाईयों पर ले जाएंगे।

यह उद्गार रतलाम विकास प्राधिकरण के नवगठित संचालक मंडल के पदग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप ने व्यक्त किए। उन्होंने प्राधिकरण के नवनियुक्त अध्यक्ष मनोहर पोरवाल, उपाध्यक्षद्वय गोविंद काकानी, प्रवीण सोनी सहित संचालक मंडल सदस्य गण राजेंद्र सिंह गोयल, राजेंद्र मौर्य, धीरज व्यास, राखी व्यास, किरण महावर को पूर्ण मनोयोग एवं निष्ठा के साथ कर्तव्य पालन की शपथ दिलाई। श्री काश्यप ने प्राधिकरण के सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों द्वारा अब तक लोक कल्याण हेतु किए गए उल्लेखनीय सेवा कार्यों पर प्रकाश डालते हुए शुभकामनाएं दी। उन्होंने सैटेलाइट टाउनशिप के निर्माण एवं लैंड पूलिंग एक्ट के माध्यम से नगर के विकास में आम जन को जोड ? का आव्हान करते हुए कहा कि रतलाम के समीप विशेष निवेश क्षेत्र का लाभ तभी मिलेगा जब नगर की आधारभूत संरचनाएं मजबूत होगी। रतलाम के लिए आगामी पांच-सात वर्ष बहुत महत्वपूर्ण है। इन वर्षों में महानगर की संरचनाएं बनेगी और हम फिर से रतलाम को मालवा-निमाड़ के प्रमुख केन्द्र का गौरव दिलाएंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सांसद अनीता चौहान ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी और विकास के हर कार्य में पूर्ण सहयोग देने का संकल्प व्यक्त किया। पूर्व मंत्री हिम्मत कोठारी ने विश्वास जताया कि अब रतलाम विकास प्राधिकरण नगर के विकास को अभूतपूर्व ऊंचाईयां देगा । ग्रामीण विधायक मथुरालाल डामर ने नवगठित प्राधिकरण संचालक मंडल को शुभकामनाएं देते हुए शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्र के विकास हेतु भी कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की। महापौर प्रहलाद पटेल ने कहा कि रतलाम के विकास की गाथा को बढ़ाने के लिए प्राधिकरण की टीम के रूप में एक नई कड़ी और मिली है। नगर निगम परिषद ने कैबिनेट मंत्री श्री काश्यप के नेतृत्व में विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी है। वर्तमान निगम परिषद के कार्यकाल में 350 करोड़ से अधिक के कार्य जमीन पर उतारे जा चुके हैं। जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने कहा कि विकास प्राधिकरण के जो काम रूके हुए थे वे अब तेज गति से पूरे होंगे। नगर निगम और प्राधिकरण मिलकर रतलाम को महानगर बनाने का स्वप्न पूरा करेंगे।

नवनियुक्त प्राधिकरण अध्यक्ष मनोहर पोरवाल ने संचालक मंडल के गठन हेतु मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप का आभार प्रकट करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने उन्हें नगर के विकास में किसी भी प्रकार की धन की कमी न आने देने हेतु आश्वस्त किया है। उन्होंने कहा कि शहर का विकास सिर्फ कॉलोनी एवं सड़क निर्माण तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि नगर सौंदर्यीकरण के साथ सामाजिक उत्थान भी इसका हिस्सा रहेगा। उन्होंने बताया कि नगर में मेगा इंडस्ट्रियल पार्क निर्माण का कार्य पूर्णता की ओर है, जहां बड़े उद्योगों के आने का सिलसिला जारी है।

उन्होंने कहा कि औद्योगिक दृष्टि से भी रतलाम का सुविधानुकूल विकास प्राधिकरण का लक्ष्य रहेगा। कार्यक्रम के प्रारंभ में अध्यक्ष श्री पोरवाल ने मंत्री श्री काश्यप, सांसद श्रीमती चौहान, विधायक श्री डामर, महापौर श्री पटेल, निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा एवं जिलाध्यक्ष श्री उपाध्याय का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया। प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय कुमार शर्मा ने भी अतिथियों समेत सभी संचालक मंडल पदाधिकारियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल मौर्य, बजरंग पुरोहित, राजेन्द्रसिंह लुनेरा, पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा सहित वरिष्ठ पदाधिकारी मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन विकास शैवाल ने किया। अंत में आभार नवनियुक्त उपाध्यक्ष गोविंद काकानी ने व्यक्त किया।

## विक्रमगढ़ के युवक का अपहरण कर की हत्या

### आरोपी के उज्जैन स्थित मकान से मिला अपहृत युवक का शव




**'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलोट**

नगर के विक्रमगढ़ क्षेत्र में युवक के अपहरण कर हत्या का मामला सामने आया है ।जानकारी के अनुसार विक्रमगढ़ के मनीष पिता दिनेश माली उम्र 22 वर्ष को शुक्रवार रात्रि 10.30 बजे विक्रमगढ़ निवासी मयंक पिता मेहरबान माली एवं दो से तीन अन्य लड़के सफेद कलर की स्विफ्ट गाड़ी में ले गए थे ले जाने से पहले आरोपियों एवं मनीष में विवाद भी हुआ था।

रात भर मनीष के घर नहीं आने पर सुबह मनीष के पिता दिनेश पिता किशोर माली ने आलोट थाने पर मयंक एवं अन्य के द्वारा उनके लड़के मनीष को ले जाने की रिपोर्ट दर्ज करवाई जिस पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मयंक एवं तीन अन्य लोगों को पड़कर थाने लाई जहां पूछताछ में मयंक ने मनीष को उज्जैन ले जाने की बात कही है पुलिस द्वारा मोबाइल लोकेशन एवं अन्य साक्ष्य के आधार पर युवक की तलाश प्रारंभ की एवं एक पुलिस टीम

मयंक को लेकर उज्जैन पहुंची जहां निलगंगा थाना क्षेत्र में मयंक के मकान से मनिष की लाश मिलने की सुचना प्राप्त हूई है। मनीष के परिजन दोपहर से ही थाने के सामने डटे हुए थे । शाम 6.30 बजे तक भी पुलिस द्वारा उन्हें कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया जाने से परिजनों में असंतोष दिखाई दिया वहीं शाम सात बजे मनिष की हत्या की खबर प्राप्त हूई है जिस पर परिजनों के शब्द का बांध टूट गया एवं वे आरोपियों पर सत्य सख्त कार्रवाई की मांग करने लगे तथा उनके घरों को गिराने की मांग भी तेज हो गई।

## बैसला घाट पर अनियंत्रित तूफान गाड़ी पलटी, दो की मौत, आठ गंभीर घायल

**'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच**

जिले के रामपुरा के समीप बैसला घाट पर एक तेज रफ्तार तूफान सवारी गाड़ी अनियंत्रित होकर पलटी खा गई द्य इस इस तेज रफ्तार वाहन दुर्घटना में तूफान मे सवार 2 लोगो की दर्दनाक मौत,हो गई वही 8 गंभीर घायल होकर जिंदगी और मौत के बीच, उपचार ले रहे हैंद्य जिन्हे 108 एंबुलेंस की मदद, से समय पर अस्पताल पहुंचाया गया।

रामपुरा क्षेत्र के बेसला घाट क्षेत्र मे शनिवार को एक तूफान सवारी जीप तेज गति में अनियंत्रित होकर पलटी खा गई जिसमें सवार लोगों मे से 2 की दर्दनाक सड़क हादसे मे मौत हो गई।

जिले के सावन गांव से मन्नत कार्यक्रम में शामिल होकर अंतरालिया (भानपुरा ) जा रहे लोगों से भरी एक तूफान वाहन बैसला घाट पर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। तेज रफ्तार और संतुलन बिगड़ने की वजह से हुआ यह हादसा इतना भीषण था कि मौके पर ही चीख-पुकार मच गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, वाहन होटल पटेल श्री के पास पहुंचते ही चालक का संतुलन बिगड़ गया और गाड़ी सड़क किनारे पलट गई। वाहन में सवार सभी लोग बुरी तरह घायल हो गए। हादसे में भारत चौहान (45 वर्ष) और सोहन बाई (55 वर्ष) की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 8 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। इनमें से 7 की हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना के बाद 108 एंबुलेंस सेवा मौके पर पहुंची और घायलों को सिविल हॉस्पिटल रामपुरा पहुंचाया द्य

सभी घायलों का इलाज सिविल हॉस्पिटल रामपुरा में जारी है, जहां डॉक्टरों की टीम लगातार उनकी स्थिति पर नजर बनाए हुए है। कुछ घायलों को बेहतर इलाज के लिए रेफर किए जाने की भी संभावना जताई जा रही है।

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के खिलाड़ियों ने संभाग स्तरीय खेल प्रतियोगिता में जीते 13 पदक

**'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर**

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मंदसौर के 38 विद्यार्थियों ने 55वीं केवीएस संभाग स्तरीय खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लिया, जिन्होंने सामूहिक और व्यक्तिगत स्पधाओं में कुल 2 स्वर्ण, 4 रजत और 7 कांस्य पदकों पर कब्जा जमाया। टीम खेलों की बात करें तो हॉकी में विद्यालय का दबदबा रहा, जहाँ अंडर-17 बालिका टीम ने अपने शानदार तालमेल से स्वर्ण पदक जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं अंडर-17 बालक टीम ने भी कड़े मुकाबले के बाद रजत पदक अपने नाम किया।

व्यक्तिगत स्पधाओं के अंतर्गत स्केटिंग के क्वाड अंडर-14 बालिका वर्ग में अक्षिता चौहान ने 500 मीटर में स्वर्ण और एक हजार मीटर में रजत पदक हासिल किया, जबकि इसी वर्ग में यशवी जैन ने 500 मीटर और 1000 मीटर की रेस में दो कांस्य पदक जीते। स्केटिंग के इनलाइन अंडर-14 बालिका वर्ग में रियांशी गुप्ता ने 500 मीटर और रोड रेस में कांस्य पदक प्राप्त किया, तो वहीं अंडर-17 बालक वर्ग के क्वाड मुकाबले में विनायक पालीवाल ने 1000 मीटर में रजत और 3000 मीटर में कांस्य पदक जीता। मार्शल आर्ट्स में भी विद्यालय के खिलाड़ियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा, जिसमें ताइक्वांडो अंडर-14बालिका वर्ग की -35 किग्रा श्रेणी में इनाया खान और किग्रा श्रेणी में लक्षिता पाटीदार ने कांस्य पदक जीते। जूडो के अंडर-19 बालिका वर्ग में गरिमा पाटीदार ने -48 किग्रा भार वर्ग में रजत पदक जीता।

विद्यालय के लिए एक और बड़ी उपलब्धि बास्केटबॉल के मैदान से आई, जहाँ अंडर-17 बालिका वर्ग में अनन्या नागदा के शानदार खेल को देखते हुए उनका चयन आगामी केवीएस नेशनल प्रतियोगिता के लिए किया गया है। कलेक्टर व विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष अदिति गर्ग, प्राचार्या नीलांजनी प्रसाद, जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा एवं प्रधानाध्यापक ऋत्विक अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## नगर कांग्रेस कमेटी ने बढ़ती चोरियों के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

**'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ पिपलिया मंडी**

नगर में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं एवं पुलिस स्टाफ की कमी को लेकर नगर कांग्रेस कमेटी पिपलिया मंडी एवं समस्त कांग्रेसजनों ने थाना प्रभारी के नाम चौकी प्रभारी भीमसिंह ठाकुर को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र प्रभावी कार्रवाई की मांग की।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजेश मालेचा ने बताया कि पिछले कुछ समय से पिपलिया मंडी नगर में चोरी की वारदातें लगातार बढ़ती जा रही हैं, जिससे आमजन में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है। चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे बेखौफ होकर घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में आज ज्ञापन सौंपकर



प्रशासन से मांग की गई है कि नगर में रात्रि गश्त को सख्ती से बढ़ाया जाए, चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु विशेष टीम का गठन किया जाए, पुलिस स्टाफ की कमी को शीघ्र पूरा किया जाए तथा संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी निगरानी रखी जाए।

पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि च्नगर में लगातार हो रही चोरियों से आम जनता भयभीत है। पुलिस प्रशासन को तत्काल सख्त कदम उठाने होंगे, अन्यथा कांग्रेस पार्टी जनहित में सड़क पर उतरने से पीछे नहीं हटेगी। पुलिस स्टाफ की कमी का खामियाजा आम नागरिक भुगत रहा है। यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो हालात और बिगड़ सकते हैं, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।ज्

नगर कांग्रेस अध्यक्ष किशोर उनियारा ने कहा कि च्नगरवासियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। चोरी की घटनाओं पर तुरंत रोक लगाने के लिए ठोस रणनीति बनाना आवश्यक है, अन्यथा कांग्रेसजन उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।ज्‍ उन्होंने ज्ञापन का वाचन भी किया। इस दौरान प्रदेश सचिव मुकेश निडर, बंसीलाल पाटीदार, पार्षद भूपेंद्र महावर, सरफराज मेव, अशोक कोहली, मंडलम अध्यक्ष किशन लाल चौहान, विष्णु फरक्या, पंकज बोराना, पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष रामप्रसाद फरक्या, पूर्व मंडलम अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, देवेंद्र कराड़ा, पप्पू गुर्जर, आदि उपस्थित थे।

## न्यूज कालम



## वैष्णवाचार्य श्री मथुरेश्वर जी महाराज को गुणानुवाद सभा में दी गई श्रद्धांजलि

**मंदसौर।** पुष्टिमार्ग के सिद्धांतों को वैश्विक स्तर पर प्रसारित करने वाले वागपति पीठाधीश्वर वैष्णवाचार्य गोस्वामी 108 श्री मथुरेश्वर जी महाराज के देवलोकगमन पर स्थानीय जीवागंज हवेली में गुणानुवाद सभा आयोजित की गई।पूर्व न्यायाधीश गिरिराजदास सक्सेना ने उन्हें वल्लभ कुल का देदीप्यमान नक्षत्र बताते हुए कहा कि उन्होंने असंख्य वैष्णवों को ठाकुर जी की शरणागत सेवा से जोड़ा। वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश जोशी ने महाराज श्री के मंदसौर से आत्मीय लगाव और विदेशों में भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार में उनके योगदान को याद किया। उन्होंने बताया कि महाराज श्री का स्थानीय विद्वान पं. मदनलाल जोशी शास्त्री के साथ गहरा संबंध था। पं. जोशी ने उनके साथ अमेरिका ,अफ्रीका तथा 18 यूरोपीय देशों की यात्राएं की। वरिष्ठ न्यासी प्रबोध भाई पारख ने उनके योगदान को अमूल्य बताया।सभा में राधाकृष्ण पारख, विनय पारख,गौरव रत्नावत, हरीश पारख, महेश पारख, श्यामलाल पारख, तथा मान सिंह माछोपुरिया,उमेश पारख,नटवर भाई पारख, विनय पारख सहित बड़ी संख्या में वैष्णवजनों ने दो मिनट का मौन रखकर और चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

## गो सेवा के लिए मिसाल: वरिष्ठ पार्षदों ने वेतन-भत्ता किया समर्पित

**पिपलिया मंडी।** नगर परिषद की पूर्व सभापति एवं वर्तमान में







राज्य सरकार द्वारा मनोनीत वरिष्ठ पार्षद श्रीमती मुक्ति मनोहर काबरा द्वारा गो सेवा के क्षेत्र में सराहनीय पहल करते हुए अपने वेतन एवं भत्तों को गो सेवा हेतु समर्पित करने का निर्णय लिया गया है। उनके इस निर्णय की नगर में व्यापक सराहना हो रही है। श्रीमती काबरा पूर्व में माहेश्वरी महिला मंडल की अध्यक्ष रहते हुए भी सामाजिक व धार्मिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा चुकी हैं। वर्तमान में भी वे निरंतर जनसेवा के कार्यों में अग्रणी बनी हुई हैं। इसी कड़ी में सिंधी समाज के नगर अध्यक्ष रूपचंद होतवानी ने भी इस पुनीत कार्य की सराहना करते हुए समाज के अन्य जनप्रतिनिधियों व नागरिकों से गो सेवा के लिए आगे आने की अपील की है। गौरतलब है कि इस प्रकार जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने वेतन-भत्तों को समाज सेवा में समर्पित करना न केवल एक प्रेरणादायक पहल है, बल्कि इससे समाज में सेवा और समर्पण की भावना को भी मजबूती मिलती है। गो सेवा ही सच्ची सेवा हैज्ज इसी संकल्प के साथ नगर में यह पहल एक नई मिसाल बनकर उभरी है।

## राष्ट्रीय पिट्ठू प्रतियोगिता के लिए मंदसौर के पांच खिलाड़ियों का चयन

**मन्दसौर।** गुजरात के सूरत में 3 मई से आयोजित होने वाली तीसरी सब जूनियर और जूनियर राष्ट्रीय स्तरीय पिट्ठू (सितोलिया) प्रतियोगिता के लिए मंदसौर जिले के पांच खिलाड़ियों का चयन हुआ है। जिला पिट्ठू एसोसिएशन के सचिव गगन कुरील ने बताया कि ये खिलाड़ी मध्य प्रदेश की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। चयनित खिलाड़ियों में सब जूनियर वर्ग से लवेश, भावेश और धीरज दानगढ़ शामिल हैं, जबकि जूनियर वर्ग में पीयूष त्रिवेदी और आतिफ का चयन हुआ है। सभी खिलाड़ी प्रतियोगिता के लिए सूरत रवाना हो गए हैं। इस उपलब्धि पर एसोसिएशन के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, उपाध्यक्ष विजय कोठारी, जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा सहित अन्य पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## आशा कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर सांसद सुधीर गुप्ता को सौंपा ज्ञापन

**मन्दसौर।** आशा उषा आशा सुपरवाइजर महासंघ (भारतीय मजदूर संघ) ने क्षेत्र के सांसद सुधीर गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। संघ ने मुख्य रूप से उन तीन गतिविधियों के मानदेय को पुनः शुरू करने की मांग की है जिन्हें अचानक बंद कर दिया गया था, जिनमें गर्भावस्था पंजीकरण और प्रसव पूर्व जांच जैसे कार्य शामिल हैं। ज्ञापन में बताया गया कि तत्कालीन मुख्यमंत्री की घोषणा के बावजूद आशा कार्यकर्ताओं को मानदेय में वार्षिक एक हजार रुपये की वृद्धि का लाभ पिछले दो वर्षों से नहीं मिला है, जबकि आंगनवाड़ी कार्यकताओं को यह लाभ दिया जा रहा है। प्रदेश उपाध्यक्ष भारती सोलंकी, संयोजक संतोष सालवी, जिलाध्यक्ष रेखा बैरागी, कोषाध्यक्ष निधि पारीख, बरखा सुरागी, मंजू जेठानीया दीपिका हलकारा आदि उपस्थित रही।

## माता-पिता जीवित तीर्थ हैं, उनकी सेवा ही सबसे बड़ा पुण्य-उपाध्याय डॉ. गौतम मुनि

**मन्दसौर।** जैन संत उपाध्याय डॉ. गौतम मुनि महाराज ने जीवागंज स्थित जनकूपुरा स्थानक भवन में आयोजित धर्मसभा में माता-पिता की सेवा को ही सर्वोपरि धर्म बताया। उन्होंने कहा कि जो संतान अपने माता-पिता की अवहेलना कर तीर्थ यात्रा करती है, उसे पुण्य नहीं मिलता। प्रभु राम का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि पिता की आज्ञा के लिए राजपाट त्यागने वाले राम से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। मुनि श्री ने समाज से अपील की कि वे स्थानकों में नियमित सामूहिक सामायिक की व्यवस्था करें और धर्म स्थान की मयार्दा बनाए रखें। उन्होंने कर्म फल की प्रधानता बताते हुए कहा कि मनुष्य जैसा बीज बोता है, वैसा ही फल पाता है। सभा में सेवा भावी संत श्री वैभव मुनि और राष्ट्रीय अध्यक्ष संगीता जारोली ने भी विचार व्यक्त किए।

## नयागांव की पुलिस चौकी क्षेत्र में युवक पर किया जानलेवा हमला

**नीमय।** जिले के नसीराबाद हाईवे स्थित नयागांव की पुलिस चौकी क्षेत्र में शुक्रवार को एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया गया। जावद रोड स्थित एक मांगलिक भवन के बाहर 8 से 10 बदमाशों ने उसे घेरकर लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। वारदात के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को तत्काल नयागांव अस्पताल ले जाया गया।फिलहाल गंभीर हालत में युवक जिला चिकित्सालय में उपचार जारी है।



## दृष्टिकोण के परिवर्तन से ही संभव है जीवन का रूपांतरण: आचार्य जिनमणिप्रभ सूरीश्वरजी

**सारंगपुर।** सुख और दुख हमारे ही कर्मों का प्रतिबिंब हैं। यदि हम अपने जीवन की दिशा और दशा को बदलना चाहते हैं, तो हमें अपनी बाहरी परिस्थितियों को कोसने के बजाय अपने आंतरिक दृष्टिकोण को बदलना होगा। उक्त ओजस्वी विचार खरतरगच्छाधिपति आचार्य भगवंत श्रीमद् जिनमणिप्रभ सूरीश्वरजी महाराजा ने कानवन प्रवास के दौरान सारंगपुर मंडोदा तीर्थ के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। सकल जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष निर्मल जैन ने बताया कि आचार्य श्री जैसलमेर से विहार कर अकलकुवा (महाराष्ट्र) जा रहे हैं। आचार्य श्री ने आध्यात्मिक चर्चा के दौरान भाव और विचार की शुद्धि पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि मनुष्य का व्यक्तित्व उसके विचारों का ही दर्पण होता है। हम जैसा सोचते हैं, अंततः वैसा ही बन जाते हैं। इसलिए, जीवन में सकारात्मकता का समावेश अनिवार्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि धर्म केवल क्रियाकांडों तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक जीव के प्रति दया, करुणा और मैत्री भाव रखना ही सच्चा धर्म है। जब तक हृदय में करुणा का वास नहीं होगा, तब तक भक्ति और साधना पूर्ण नहीं हो सकती। उल्लेखनीय है कि तप सम्राट आचार्य भगवंत इन दिनों जैसलमेर (राजस्थान) से विहार कर अकलकुवा (महाराष्ट्र) की ओर अग्रसर हैं। इसी मंगल विहार के मार्ग में कानवन में आचार्य श्री का प्रवास (पड़ाव) हुआ। जैसे ही आचार्य श्री के आगमन की सूचना क्षेत्र में फैली, बड़ी संख्या में स्थानीय एवं बाहरी तीर्थों के श्रावक दर्शन-वंदन हेतु उमड़ पड़े। कानवन प्रवास के दौरान मंडोदा तीर्थ के विभिन्ना पदाधिकारियों ने आचार्य श्री के चरणों में वंदन कर धर्म लाभ लिया और तीर्थ विकास व आध्यात्मिक उत्थान पर मार्गदर्शन प्राप्त किया।

## सप्त दिवसीय शिव महापुराण व महायज्ञ का आयोजन सम्पन्न



**सारंगपुर।** शहर में सप्त दिवसीय शिव महापुराण व महायज्ञ का विशाल भंडारे के साथ समापन हुआ। उल्लेखनीय है कि शिव महापुराण कथा वक्ता मुकेशानंद भारती जूना अखाडा उज्जैन से महायज्ञ आचार्य राहुल पंडित जी कपिलेश्वर के मुख्य पुजारी संतोष पुरीजी को उनकी माताजी लक्ष्मीबाई के पावन सानिध्य में हुआ। इसमें सत्यदेव श्री महा यज्ञ व शिव पुराण का आयोजन जिसमें 7 दिनों तक पूरी क्षेत्र की जनता उन्हें यज्ञ का कथा का आनंद लिया। पूर्णिमा के पावन अवसर पर भव्य भंडारा हुआ जिसमें कई लोगों ने भोजन प्रसादी का आनंद लिया।

## किसानों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री से मिले पूर्व सीएम

**गेहूं उपार्जन में आ रही दिक्कतों पर हुई चर्चा**



**सारंगपुर।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से शुक्रवार को भोपाल स्थित उनके निवास पर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने एक शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के किसानों के सामने आ रही वर्तमान चुनौतियों और समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराना था। बैठक में विशेष रूप से गेहूं उपार्जन की प्रक्रिया के दौरान किसानों को हो रही तकनीकी और व्यावहारिक समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री से निवेदन किया गया कि उपार्जन केंद्रों पर किसानों को होने वाली असुविधाओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए ताकि उन्हें अपनी फसल बेचने में कोई परेशानी न हो। गेहूं के साथ-साथ खाद-बीज की उपलब्धता और अन्य स्थानीय कृषि मुद्दों पर भी ध्यान आकर्षित किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किसान हितों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि सरकार किसानों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि उपार्जन प्रक्रिया में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे।

## श्री घोड़ा पछाड़ भैरव पर भैरव पूर्णिमा पर लगा 56 भोग



**महिदपुर।** वैशाखी पूर्णिमा के पावन दिवस श्री भैरव पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर श्री घोड़ा पछाड़ भैरव जी का रुद्राभिषेक कर रात्रि में विशेष श्रृंगार किया गया, प्रातः काल से दर्शनार्थी दर्शन के लिए आते रहे सायंकालीन 7:00 बजे ढोल, नगाड़ा, बेंड के साथ श्री भैरव जी की महाआरती पुजारी कैलाश जोशी पहलवान द्वारा की गई। श्री भैरव जी को 56 भोग एवं विशेष प्रसाद चूरमा का महाभोग लगाया गया । महाआरती पश्चात प्रसादी वितरण की गई सभी धार्मिक अनुष्ठान में मातृशक्ति एवं पुरुष गण ने भाग लेकर श्री भैरव जी के विशेष श्रृंगार के दर्शन कर महाप्रसादी ग्रहण की । श्री भैरव जी का श्रृंगार दगडू पहलवान के द्वारा किया गया । उक्त जानकारी अर्जुनसिंह ठाकुर के द्वारा दी गई ।

**अन्नदाताओं के बीच पहुँचे मंत्री पंवार ने किया**

# ग्राम आगर गेहूँ खरीदी केंद्र का औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा



प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नारायण सिंह पंवार ने भीषण गर्मी के बीच ब्यावरा विकासखंड के ग्राम आगर स्थित गेहूं खरीदी केंद्र का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपार्जन प्रक्रिया से जुड़े सभी दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए स्पष्ट कहा कि अन्नदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए।

निरीक्षण के दौरान मंत्री पंवार ने खरीदी केंद्र पर उपस्थित किसानों से आत्मीय संवाद किया और उनकी समस्याओं व सुझावों को गंभीरता से सुना। उन्होंने स्लॉट बुकिंग, गेहूं उपार्जन की प्रक्रिया तथा ओटीपी आधारित भुगतान प्रणाली की जानकारी ली। किसानों से सीधे संवाद करते हुए उन्होंने पूछा–हूकिसी प्रकार की समस्या तो नहीं आ रही? इस पर किसानों ने अपनी बात खुलकर रखी।

मंत्री पंवार ने किसानों को महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि गेहूं उपार्जन की अवधि को 9 मई 2026 से बढ़ाकर अब 23 मई 2026 तक कर दिया गया है, जिससे अधिक से अधिक किसानों को लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ी है।

निरीक्षण के दौरान मंत्री पंवार ने खरीदी केंद्र पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं जैसे पर्याप्त बैठक व्यवस्था, पेयजल और छाया का भी जायजा लिया। साथ ही उन्होंने अपने समक्ष गेहूं की तौल कराकर पारदर्शिता की पुष्टि की। प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था आगर द्वारा की जा रही खरीदी, परिवहन व्यवस्था और भुगतान की स्थिति की भी विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

मंत्री पंवार ने कहा, प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि किसानों को समय पर स्लॉट बुकिंग, सुचारू तौल और पारदर्शी व्यवस्था के साथ समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित हो। साथ ही, भीषण गर्मी को देखते हुए सभी खरीदी केंद्रों पर छाया और शीतल पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था अनिवार्य रूप से उपलब्ध होनी चाहिए। 28, 31

**सवार्गीण विकास एवं मूलभूत सुविधाओं के सुद्दढीकरण के संकल्प के साथ**

# विकास के विभिन्न कार्यो का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर



विधानसभा के ग्राम पंचायत उमरिया, सरसाना, घुड़ावन, बालोदालक्खा, बालोदाकोरन में विधायक जितेन्द्र उदयसिंह पण्ड्या के आतिथ्य में 2 करोड़ 57 लाख 55 हजार की लागत के विभिन्न विकास कार्यो का भूमि पूजन एवं लोकार्पण संपन्न हुआ। विकास योजना अन्तर्गत सामुदायिक भवन, शेड निर्माण, पानी की टंकी, बाउण्ड्रीवाल, सीसी रोड़, एवं नाली निमार्ण चंबल नदी पर घाट निर्माण सहित अनेक विकास कार्यो का भूमि पूजन एवं लोकार्पण किया। ये कार्य ग्रामीण क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के साथ साथ आवागमन तथा जल निकासी की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित होगी जिससे ग्रामीणजनो को बड़ी राहत मिलेगी ।

इस अवसर पर विधायक पण्ड्या ने कहा कि जनसेवा एवं क्षेत्र के विकास के लिए निरन्तर प्रतिबद्ध हूँ। जनता की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हमारी पहली प्राथमिकता है। जनसेवा के प्रति प्रतिबद्ध रहते हुए क्षेत्र के निरंतर विकास के लिए सतत प्रयासरत रहूँगा। भूमि पूजन एवं लोकार्पण के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अंतरसिंह देवड़ा, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि उमरावसिंह राठौर, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अजबसिंह देवड़ा, राप्रसाद पण्ड्या जिला पंचायत सदस्य, जगदेवसिंह बना नौगांवा, प्रहलादसिंह देवड़ा, महेश हारोड़ ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष, गोपाल आंजना इंगोरिया मण्डल अध्यक्ष, विजयराजसिंह राठौर मण्डल अध्यक्ष खरसोदकलां, इन्द्रपालसिंह पण्ड्या पूर्व मण्डल अध्यक्ष, गोरधनसिंह पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेता, आशिक पटेल उमरिया, शिवराम जाट, प्रवीण यादव, रमेश गिरवाल, विरमसिंह देवदा, सरपंचद्वय सीताबाई बाबुलाल, निर्मला मोहब्बत मकवाना, डॉ. रविकान्त त्रिवेदी, राजाराम गेहलोत, बृजलाल चैहान, कुन्दन डोडिया, युसूफ पटेल एवं समस्त पंचायतो के पंचगण, सचिव, सहायक सचिव व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## तहसील के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में घर घर हुआ गायत्री यज्ञ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में उज्जैन उपजोन समन्वयक प्रभाकर सोनेने एव राम आरण्यक आमला शक्तिपीठ के संस्थापक राधेश्याम गामी के मार्गदर्शन में ग्रहे -ग्रहे गायत्री यज्ञ के अनुक्रम में तहसील सुसनेर में 151 घरों में यज्ञ संपन्न हुआ। सोयत क्षेत्र के नेष्ठिक परिजनों एवं निष्ठावान सक्रिय कार्यकताओं की घर घर सामग्री वितरण की अनुकरणीय पहल पर विकासखंड सुसनेर अंतर्गत सोयत में 60 घरों में, मोडी में 71 घरों में, धारूरुखेड़ी में 12 व इसी प्रकार में अन्य स्थानों पर भी यज्ञ संपन्न हुवे और यह क्रम अभी भी जारी है। इसमें जैन धर्म सहित सभी धर्मावलंबियों की सक्रिय भागीदारी रही। जनपद पंचायत सुसनेर के समीपस्थ ग्राम मोडी में भी संपन्न ग्रह ग्रह गायत्री यज्ञ में सभी गायत्री परिवार जनों की सक्रिय भूमिका रही। यज्ञ पुरोहित के रूप में सूत्रधार मार्गदर्शक भेरूलाल शर्मा सहसमनव्यक एवं मोडी प्रज्ञा संस्थान संस्थापक मोहनलाल टेलर, जिला समन्वयक गोवर्धन रातडिया, गिरीश शर्मा, सत्यप्रकाश शर्मा, सत्यनारायण बंसिया, संगीता- राधेश्याम शर्मा, रेखा फूलचंद, सविता -प्रशांत शर्मा, पुरुषोत्तम टेलर, डा.जगदीश बैरागी, डा. मुकेश पाटीदार की अहम सहभागिता रही उक्त जानकारी गायत्री परिवार तहसील समन्वयक ओमप्रकाश पाटीदार मोड़ी ने दी।

## पति-पत्नी सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर रोड

महिदपुर रोड से इसन खेड़ी फंटे के बीच गोगापुर गांव के निकट एक कार चालक ने अपना वाहन लापरवाही से चला एक मोटरसाइकिल सवार दंपति को टक्कर मार कर गंभीर रूप से घा यल कर दिया सड़क पर गुजर रहे अन्य ग्रामीणों की सजगता से सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल दंपति को उपचार हेतु पुलिस की सूचना के बाद महिदपुर शासकीय चिकित्सा लय भेजा गया वहीं पुलि स ने मोटर साइकिल सवार दंपति को टक्कर मारने वाले कर चालक बहादुर पिता दीपक गुर्जर निवासी देवास जिले का हिरासत में लेकर मोटरसाइकिल को टक्कर मारने वाली कार को जप्त कर लिया है। घायल दंपति इसन खेड़ी कै डेरा नंबर 1 के लक्ष्मण झीझर के बेटी दामाद बताये जाते हैं जो ग्राम धूमा हेडा निवासी बताया जाते है जो ईसन खेड़ी की अपने गांव जा रहे थे।

**गांव में जनसुनवाई में मिली शिकायतों पर तत्काल एक्शन**

# इंजीनियर से बोले कलेक्टर आप सस्पेंड जाइए घर, दो पटवारी भी किए निलंबित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



देवास जिले के पीपरी गांव में जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर ऋतुराज सिंह एक्शन मोड में नजर आए। उन्होंने पानी की गंभीर समस्या और जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायतों पर पीएचई की सब इंजीनियर और दो पटवारियों को निलंबित कर दिया।

जनसुनवाई में ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पानी की गंभीर समस्या है और जिम्मेदार अधिकारी इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। कलेक्टर ने पीएचई की सब इंजीनियर वैष्णवी भावसार से सवाल किए। पूछताछ में सामने आया कि वैष्णवी भावसार पिछले सात-आठ महीनों में गांव में केवल एक या दो बार ही आई थीं। इस पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश दिया। कहा कि आप सस्पेंड हैं, जाइए घर।

**शिकायत पर पटवारी भी निलंबित**

इसके बाद जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायतें सामने आईं। ग्रामीणों ने बताया कि उनकी जमीन पर कब्जा हो गया है, लेकिन पटवारी को इसकी जानकारी नहीं है। कलेक्टर ने पटवारी सूरज से जवाब मांगा।

पटवारी सूरज संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। यह भी पता चला कि वह गांव में नहीं रहते और ग्रामीणों की शिकायतें नहीं सुनते। इस लापरवाही के चलते कलेक्टर ने पटवारी सूरज को भी मौके पर ही निलंबित कर दिया। जनसुनवाई के दौरान एक अन्य मामले में पटवारी नवनीत पुरंदरे को भी निलंबित किया गया। उन पर फौती नामांतरण कार्य में देरी और लापरवाही बरतने का आरोप था। कलेक्टर की इस ताबड़तोड़ कार्रवाई से प्रशासनिक महकमे में हलचल मच गई।

**दीप्ति कान्वेंट स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत**

# आईसीएसई-आईएससी परिणाम, विद्यार्थियों ने लहराया परचम



दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



आईसीएसई एवं आईएससी बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए, शहर की एक मात्र आईसीएसई सबृद्ध विद्यालय दीप्ति कान्वेंट स्कूल का कक्षा 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम इस वर्ष शत-प्रतिशत रहा। विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। कक्षा 10वीं में समृद्धि अग्रवाल ने 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं रिया मनवानी ने 94.4 प्रतिशत, नवदीप पाटीदार एवं रिद्धिमा मेहता ने 93.93 प्रतिशत, अक्षत पाटीदार ने 90.8 प्रतिशत तथा चित्रांश भवरसिया ने 90 प्रतिशत अंक अर्जित किए। इसके अलावा 18 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

इसी प्रकार कक्षा 12वीं में कॉमर्स संकाय में कुंजलिका शर्मा ने 96.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। रघुनंदन यादव ने 94.25 प्रतिशत एवं रिया यादव ने 91.5 प्रतिशत अंक हासिल किए। विज्ञान संकाय में मोनील खत्री ने 91.75 प्रतिशत, प्रिया परमार ने 84 प्रतिशत तथा चित्रांशी निगम ने 80.25 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं जीवविज्ञान संकाय में जिया सिसोदिया ने 90.5 प्रतिशत, दिव्यांशी पाल ने 86.25 प्रतिशत तथा लावण्या सोनी ने 77.25 प्रतिशत अंक अर्जित किए। विद्यार्थियों की इस उल्लेखनीय सफलता पर विद्यालय के प्रबंधक फादर कुरियन, प्राचार्या सिस्टर जैस एवं उपप्राचार्या सिस्टर ज्योति सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की तथा उन्हें बधाई दी।



## त्रिलोकेश्वर महादेव मंदिर जिर्णोद्धार का भुमि पूजन सम्पन्न

**जल स्त्रोत को सहेजने की दिशा में होगा बावड़ी का सौंदर्यीकरण**

**बड़नगर।** नगर के जर - जर धार्मिक स्थलो का हिन्दू पंचान समिति के बैनर तले भक्तो के सहयोग से जिर्णोद्धार किया जा रहा है। इसी कड़ी में संगम चौराहा, पशु चिकित्सालय के पास अति प्राचीन जल स्त्रोत (बावड़ी) पर स्थित भगवान भोलेनाथ के धाम त्रिलोकेश्वर महादेव मंदिर का जिर्णोद्धार किया जा रहा है। जिसका भुमि पुजन 1 मई वैशाख पूर्णिमा पर पुजन अर्चन व मंत्रोच्चार के साथ पण्डित जगदीश शर्मा के आचार्यत्व में हिन्दू पंचान समिति अध्यक्ष प्रेमचंद त्रिवेदी, सदस्य विराग मिश्रा, सत्यनारायण शर्मा प्रबंधक, सुरेश भावसार, सतीश वर्मा, पण्डित आशिष व्यास, कमल पांचाल, प्रेमचंद खिंची, मनीष पोरवाल, वरूण मिश्रा, ठेकेदार ओमप्रकाश, भीम सिंह सहित उपस्थित गणमान्यजन की उपस्थिति में गेती चलाकर किया गया। साथ ही जल स्त्रोत सरंक्षण व सहेजने की दिशा में उक्त जल स्त्रोत के गहरीकरण का कार्य भी शुरू किया गया। मंदिर जिर्णोद्धार व सौन्दर्यीकरण के उक्त निर्माण कार्य में तन मन धन से सहयोग की अपील हिन्दू पंचान समिति द्वारा सभी भक्तों से की गई है।

## प्रशंसा पत्र देकर सेवा निवृत होने पर यशवंत रोकड़े का स्वागत किया



**इंगोरिया।** बलेडी कृत्रिम गभार्धान केंद्र बलेडी में नन्दी रक्षक पद पर पदस्थ यशवंत रोकड़े की सेवा निवृत पर सम्मान समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। पशु चिकित्सा विभाग में उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए ग्राम पंचायत बलेडी द्वारा प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया। सरपंच दशरथ सिंह चौहान, राकेश कुशवाह, जितेंद्र चौहान, संजय बैरागी, भंवरलाल कुशवाह एवं समस्त ग्राम वासी पशु पालकों ने फूल माला से स्वागत कर प्रशंसा पत्र प्रदान किया। रोकड़े पशु चिकित्सालय इंगोरिया में भी कई वर्षों से पदस्थ रहे। नन्दी रक्षक पद पर पदस्थ श्री यशवंत रोकड़े के पशु चिकित्सा सेवा में किए गए कार्यों की ग्राम वासियों ने सराहना की। आयोजित समारोह में योगेश वर्मा, गौ सेवक लाखन चौहान,उदय सिंह , लोकेंद्र सिंह , राजाराम ,धर्मपाल सिंह , सुभाष ,नागेश्वर ने उपस्थित रहकर रोकड़े का पुष्प माला पहना कर स्वागत किया और विदाई दी गई।

## भैरव पूर्णिमा पर देव स्थानों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**सुसनेर।** शुक्रवार को भैरव पूर्णिमा का पर्व नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न देव स्थानों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने भगवान भैरव के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। नगर के प्रमुख देव स्थानों एवं मंदिरों में विशेष सजावट की गई थी। श्रद्धालु परिवार सहित पहुंचकर पूजा-अर्चना करते नजर आए, वहीं कई लोगों ने घर पर ही पूजन कर धार्मिक परंपराओं का पालन किया। मंदिरों में दिनभर भजन-कीर्तन का आयोजन भी होता रहा जिससे वातावरण भक्तिमय बना रहा। भैरव पूर्णिमा के अवसर पर नगर के व्यापारियों ने भी अपने प्रतिष्ठान बंद रखे और परिवार के साथ देव स्थानों पर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों ने उत्साहपूर्वक पर्व मनाया। पूरे क्षेत्र में दिनभर आस्था और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला।

## जनगणना कार्य के दौरान भवनों की गणना का कार्य प्रारंभ

**महिदपुर।** जनगणना कार्य के दौरान पहले चरण में भवनों की गणना का कार्य 1 मई 2026से शुरू हुआ। जिसके अंतर्गत शिक्षक कर्मचारी, लोगों के घर-घर जाकर भवन की जानकारी प्राप्त करेंगे तथा मकान में रहने वाले व्यक्तियों की संख्या व उपयोग में लिए जाने वाली ईंधन पानी बिजली इंटरनेट सुविधा जैसे 34 सवालों का उत्तर मकान मालिक से जानेंगे। इस बार की जनगणना की खूबी यह है कि जनगणना ऑनलाइन( पेपरलेस ) हो रही है। वार्ड नंबर 14, 15 और 16 में जनगणना में कार्यरत कर्मचारियों ने वार्ड के मकान सूचीकरण एवं मकानों का गणना कार्य प्रारंभ किया।

## रिलीज हुआ 'पति पत्नी और वो दो' का ट्रेलर, तिकड़ी में फंसे आयुष्मान खुराना



दर्शकों को कॉमेडी फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' का काफी इंतजार है। इससे पहले मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया है। इसमें आयुष्मान खुराना, वामिका गब्बी, रकुल प्रीत सिंह और सारा अली खान दमदार किरदार में नजर आए हैं। पहले यह फिल्म 4 मार्च 2026 को रिलीज होने वाली थी। हालांकि मेकर्स ने इसकी रिलीज डेट टाल दी थी। आइए जानते हैं कि फिल्म के ट्रेलर में क्या खास है और यह कब रिलीज होने वाली है?

### ट्रेलर में क्या है खास?

2 मिनट 51 सेकंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि आयुष्मान खुराना एक पुलिस वाले के किरदार में नजर आते हैं। वह इतने हिम्मत वाले हैं कि एक चीते को काबू में कर लेते हैं। इसके बाद वह वामिका गब्बी, रकुल प्रीत सिंह और सारा अली खान के साथ रोमांस करते हुए नजर आते हैं।

### ट्रेलर में ट्विस्ट

ट्रेलर में आगे दिखाया गया है कि आयुष्मान खुराना, रकुल प्रीत सिंह के पति हैं। उनका दूसरी लड़कियों के साथ भी चक्कर है। तीनों को मैनेज करने के चक्कर में वह परेशान हो जाते हैं। कहानी में ट्विस्ट तब आता है, जब वह अपने एक दोस्त के गाल को चूम लेते हैं।

### कब रिलीज होगी फिल्म?

हाल ही में फिल्म के मेकर्स ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी कि यह फिल्म कब रिलीज होगी। पोस्ट में फिल्म का पोस्टर था, जिसमें आयुष्मान खुराना एक चीते के साथ बैठे थे। पोस्ट के कैप्शन में लिखा था 'शिकारी खुद हो गया शिकार। अब जाल में फंस गए हमारे प्रजापति पांडे। हो जाओ 'पति पत्नी और वो दो' के लिए तैयार। क्योंकि यह 15 मई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।'

**कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा इन दिनों अपनी बेटी सरायाह के साथ फैमिली वेकेशन पर मालदीव में हैं। इस वेकेशन से कुछ तस्वीरें कियारा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए फैंस के साथ साझा की हैं।**

## फैमिली वेकेशन पर निकलीं कियारा आडवाणी

# बीच से शेयर की हॉट तस्वीरें; लिखा- 'विद लव..'

प्रोफेशनल फ्रंट पर कियारा आडवाणी की आगामी फिल्म 'टॉक्सिक' है, जिसकी रिलीज डेट हाल ही में फिर टल चुकी है। मगर पर्सनल लाइफ में अब मां बन चुकीं अभिनेत्री इन दिनों मदरहुड को एंजॉय कर रही हैं। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर अपने मालदीव वेकेशन की कुछ खास तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें वह बीच पर चिल करती नजर आईं। साथ ही लिखा- '...विद लव्स ऑफ माई लाइफ'





इस तस्वीर में एक्ट्रेस बीच पर आराम फरमा रही हैं। उन्होंने सनग्लासेस लगा रखे हैं। उनके बाल रेत पर बिखरे हैं जिनपर छोटे-छोटे शंख रखे हुए नजर आ रहे हैं। तस्वीर में वो काफी रिलेक्सड दिख रही हैं।

फोटो में एक्ट्रेस समंदर में तैरती नजर आ रही हैं। उन्होंने बिकनी पहनी हुई है। वह पानी के उपर खुद को काफी फ्री महसूस कर रही हैं।





तस्वीर में कियारा सफेद रंग के स्विम वियर में हॉट अंदाज में पोज देती दिखाई दे रही हैं।

इस फोटो में एक तरफ जहां उनके कपड़े हैंगर में लटके हुए हैं। वहीं दूसरी तरफ उनकी लाड़ली सरायाह के कपड़े भी हैं। इस फोटो के जरिए एक्ट्रेस ने बताया कि अब उनकी बेटी भी किस तरह उनके जीवन का हिस्सा बन चुकी है। एक्ट्रेस ने अपने वेकेशन पर खूब पसीना भी बहाया। इस तस्वीर में कियारा स्पोर्ट्स ड्रेस में टेनिस खेलती नजर आ रही हैं।

एक अन्य तस्वीर में कियारा याच पर ब्लैक एंड वाइट बिकनी में हवाओं का आनंद लेती दिखीं।

इसी याच से उन्होंने कुछ और तस्वीरें भी शेयर कीं। इनमें से एक में वो खुश होकर पानी को देखती नजर आ रही हैं। वहीं दूसरी फोटो में वह धूप को एंजॉय करती काफी खूबसूरत नजर आईं।

## 55वें बर्थडे पर अजीत कुमार का धमाका

# अगली फिल्म का टीजर रिलीज; दिखेगा स्पीड, जुनून और इंटरनेशनल सफर




एक्टर और रेसर अजीत कुमार के 55वें जन्मदिन पर उनकी मोटरस्पोर्ट्स जर्नी पर बनी फिल्म की पहली झलक रिलीज की गई है। इस फिल्म में उनके इंटरनेशनल रेसिंग करियर को दिखाया जाएगा, जिसमें उनकी बड़ी रेस शामिल हैं।

फिल्म का नाम 'ग्लेडिएटर्स- इन परस्यूट ऑफ चैलेंजेज' रखा गया है। इस फिल्म में उनके इंटरनेशनल रेसिंग करियर को दिखाया जाएगा, जिसमें एशियन ले मान्स सीरीज और 24H सीरीज जैसी बड़ी रेस शामिल होंगी।

### कैसी होगी फिल्म?

फिल्म को अजीत कुमार स्पोर्ट्स सर्विसेस एलएलसी प्रेजेंट कर रही है। मेकर्स ने सोशल मीडिया पर टीजर शेयर करते हुए लिखा कि यह फिल्म अजित कुमार के मोटरस्पोर्ट्स सफर को दिखाती है, जहां वे मुश्किल चुनौतियों का सामना करते हुए आगे बढ़ते हैं। फिल्म में म्यूजिक जीवी प्रकाश कुमार ने दिया है। इस झलक में अजित कुमार का रेसिंग के लिए अपना पैशन, उनकी ट्रेनिंग और उनकी टीम अजीत कुमार रेसिंग के साथ उनके अनुभव दिखाए गए हैं। इसमें मलेशिया और यूरोप के रेस ट्रैक की झलक भी देखने को मिलती है।

### थिएटर्स में ही आएगी फिल्म

करीब 90 मिनट लंबी यह फिल्म पहले एक डॉक्यूमेंट्री के रूप में प्लान की गई थी, लेकिन अब इसे फीचर फिल्म के रूप में पेश किया जाएगा। इसमें बेल्जियम में हुई 24ल्ह रेस और दुबई 24ल्ह जैसे बड़े इंटरनेशनल इवेंट्स में उनकी भागीदारी भी दिखाई जाएगी।

### कब रिलीज होगी फिल्म?

इस फिल्म का निर्देशन एएल विजय ने किया है और इसे थिएटर में रिलीज किया जाएगा। हालांकि रिलीज डेट अभी तय नहीं है, लेकिन रिपोर्ट्स के मुताबिक यह फिल्म अगले साल 1 मई को, अजित कुमार के 56वें जन्मदिन पर आ सकती है।

यह फिल्म सिर्फ अजित कुमार की कहानी नहीं है, बल्कि भारत में मोटरस्पोर्ट्स को लेकर लोगों की सोच बदलने की कोशिश भी है, जिसे अक्सर महंगा और सीमित लोगों का खेल माना जाता है।




**अगले महीने से शुरू होने वाले महिला टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम का एलान हो गया है। भारतीय टीम ग्रुप-1 में शामिल है और वह टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरूआत 14 जून को पाकिस्तान के खिलाफ करेगी। भारत ने कभी भी टी20 विश्व कप का खिताब अपने नाम नहीं किया है।**

# विश्वकप के लिए भारतीय टीम घोषित, हरलीन को नहीं मिला मौका; फुलमाली और नंदिनी शामिल

**मुंबई।** टी20 विश्व कप के लिए शनिवार को भारतीय महिला टीम घोषित हो गई। मुंबई स्थित भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के मुख्यालय में चयन समिति की बैठक के बाद टीम का एलान कर दिया गया। भारतीय टीम इस वैश्विक टूर्नामेंट में हरमनप्रीत कौर की अगुआई में खेलने उतरेगी। भारत ने पिछले साल वनडे विश्व कप का खिताब अपने नाम किया था और अब टीम की नजरें अपने पहले टी20 विश्व कप खिताब पर होंगी। महिला टी20 विश्व कप 12 जून से पांच जुलाई तक इंग्लैंड और वेल्स में खेला जाएगा।

टी20 विश्व कप के लिए चुने गए स्क्वॉड में अनकैप्ड नंदिनी शर्मा और विकेटकीपर-बल्लेबाज यास्तिका भाटिया को शामिल किया गया है। प्रतिका रावल को टीम से बाहर कर दिया गया जबकि ऑलराउंडर अमनजोत कौर चोट के कारण टीम में जगह नहीं बना पाईं। नंदिनी मध्यम गति की गेंदबाज हैं जिन्होंने महिला प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स के लिए 10 मैच खेलकर कुल 17 विकेट लिए। वह उस भारतीय टीम का भी हिस्सा थीं जिसने इस साल फरवरी में बैंकॉक में आयोजित महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था।



### भारत-पाकिस्तान एक ही ग्रुप में

टी20 विश्व कप के लिए 12 टीमों को छह-छह के दो ग्रुप में बांटा गया है। भारतीय टीम ग्रुप-1 में शामिल है। ग्रुप-1 को 'ग्रुप ऑफ डेथ' माना जा रहा है, जहां मौजूदा दिग्गज टीमों के साथ भारत-पाकिस्तान की पारंपरिक प्रतिद्वंद्विता भी देखने को मिलेगी।

**ग्रुप 1:** ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, नीदरलैंड।

**ग्रुप 2:** वेस्टइंडीज, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, श्रीलंका, आयरलैंड, स्कॉटलैंड।

### विश्व कप से पहले इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज खेलेगी टीम इंडिया

टी20 विश्व कप से पहले टीम इंडिया हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज खेलेगी। इस सीरीज की शुरूआत 28 मई को होगी।

**14 जून को भारत-पाकिस्तान महामुकाबला:** भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप चरण का मुकाबला 14 जून को एजबेस्टन में खेला जाएगा। इस हाई-वोल्टेज मैच पर दुनियाभर के क्रिकेट प्रशंसकों की नजरें रहेंगी। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका जैसे मजबूत प्रतिद्वंद्वियों के साथ भारत के मुकाबले भी रोमांचक रहने वाले हैं।

**भारत-इंग्लैंड के बीच टेस्ट मैच के लिए टीम घोषित:** टी20 विश्व कप के अलावा इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच के लिए भी टीम का एलान किया गया है। इसमें प्रतिका रावल को मौका मिला है। यह मुकाबला 10 से 13 जुलाई के बीट लॉर्ड्स के मैदान पर खेला जाएगा।

# केएल राहुल के नाम दर्ज हुआ विशेष रिकॉर्ड, रोहित-कोहली भी नहीं कर सके ऐसा

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 में दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल का बल्ला जमकर रन उगल रहा है। राहुल सिर्फ रन ही नहीं बना रहे, बल्कि लंबे-लंबे छक्के और दर्शनीय चौके भी लगा रहे हैं। शुक्रवार को जयपुर में राहुल ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 40 गेंदों पर 75 रन की पारी खेली थी। इस पारी में उन्होंने पांच छक्के लगाए। इस दौरान राहुल के नाम एक बेहद खास रिकॉर्ड दर्ज हो गया।



### राहुल ने बतौर ओपनर पूरे किए 200 छक्के

केएल राहुल आईपीएल में बतौर ओपनर 200 छक्के लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। राहुल ने बतौर ओपनर आईपीएल में छक्के लगाने के मामले में विराट कोहली और रोहित शर्मा को पीछे छोड़ दिया है। राहुल के नाम ओपनिंग करते हुए 201 छक्के हो गए हैं, जबकि विराट कोहली ने 192 और रोहित शर्मा ने 148 छक्के लगाए हैं। शिखर धवन 143 छक्के लगाकर भारतीय ओपनरों में चौथे स्थान पर हैं। वहीं, आईपीएल में बतौर ओपनर सर्वाधिक छक्के लगाने वाली ओवरऑल सूची में राहुल तीसरे नंबर पर हैं। क्रिस गेल (326 छक्के) पहले और डेविड वॉर्नर (210 छक्के) दूसरे स्थान पर हैं।

राहुल ने आईपीएल 2026 के नौ मैचों में एक शतक और तीन अर्धशतक के साथ 433 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके बल्ले से 24 छक्के और 42 चौके निकले हैं। राहुल ने इसी सीजन में पंजाब किंग्स के खिलाफ 67 गेंदों पर नौ छक्कों और 16 चौकों की मदद से नाबाद 152 रन की पारी खेली थी। यह आईपीएल में किसी भी भारतीय बल्लेबाज का सर्वाधिक स्कोर है। वहीं, आईपीएल का तीसरा सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर है।

Vividh FIN Solutions
अनुभवी अकाउण्टेंट की आवश्यकता है
जिसे TDS, PF, GST, Balance Sheet Finalization का अनुभव हो, फुल टाइम, वेतन योग्यतानुसार।
Vivek Sharma
Mob.: 9406650396, 9826669932
Viveksharma142000@yahoo.co.in
248, 2nd Floor, Giriraj Heritage, Madhav Club Road, Ujjain

मकान बेचना है
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

विज्ञप्ति
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला मो. 9406801039

आवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

कर्मचारी की आवश्यकता
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

तुरंत लोन
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

प्लाट बेचना है
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

आवश्यकता है
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

आवश्यकता है
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

अवश्यकता है
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

आवश्यकता
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

अवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

रेंट पर देना/आवश्यकता
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

कर्मचारियों की आवश्यकता है
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

वॉटर प्रुफिंग
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

न्यूज कॉलम

## दो आरक्षकों को कार ने उड़ाया, कार चलाने वाला भी पुलिसकर्मी वह नशे में था



**इंदौर।** राजेंद्र नगर थाने के दो आरक्षकों को शुक्रवार देर रात कार ने टक्कर मार दी। हादसे में एक आरक्षक गंभीर है। दोनों का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। कार चालक भी पुलिसकर्मी है, जिसे मौके से पकड़ लिया गया। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार देर रात बीट बिजलपुर में आरक्षक प्रमोद त्यागी और भूरालाल जामले ड्यूटी पर थे। उनकी ड्यूटी रात 10 से सुबह 8 बजे तक थी। बाइक से गश्त के दौरान दोनों दुर्गानगर एबी रोड के पास खड़े थे, तभी तेज रफ्तार स्विफ्ट कार ने टक्कर मार दी। टक्कर से दोनों उछलकर दूर जा गिरे। भूरालाल जामले के पेट, सिर और पैरों में चोट आई, वह गंभीर है। प्रमोद त्यागी के पैरों में चोट आई है। घटना के बाद लोग वहां जमा हो गए। उन्होंने तुरंत दोनों पुलिसकर्मियों की मदद की। लोगों ने घायल आरक्षकों को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती किया, जहां इलाज चल रहा है। पुलिस ने बताया कि जिस कार ने आरक्षकों को टक्कर मारी, उसे डीआरपी लाइन में पदस्थ पुलिसकर्मी विजय चौहान चला रहा था। वह नशे में था और मौके से पकड़ा गया। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है।

## लापता मासूम की तलाश में पुलिस ने छत-टंकी तक खंगाली, 2 घंटे बाद मंदिर में सोता मिला

**इंदौर।** एक मासूम के अचानक लापता होने से हड़कंप मच गया, लेकिन दो घंटे बाद जब वह सुरक्षित मिला तो पूरे इलाके ने राहत की सांस ली। मामला काशीपुरी का है, जो हीरा नगर थाना क्षेत्र में आता है। शुक्रवार रात करीब 10 बजे 4 साल का बच्चा अचानक घर से गायब हो गया। बताया जा रहा है कि वह अपनी मां के पीछे-पीछे घर से बाहर निकल गया था, लेकिन मां को इसकी भनक तक नहीं लगी। जब बच्चा नजर नहीं आया तो परिवार ने तलाश शुरू की और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया। एक टीम घर-घर जाकर छत, कमरे, यहां तक कि पानी की टंकियां तक चेक करती रही। दूसरी टीम आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच में जुटी। कॉलोनी के लोग भी बच्चे की तलाश में शामिल हो गए। पास में कचरा प्लांट और नाला होने से अनहोनी की आशंका भी बढ़ गई थी, जिससे माहौल और तनावपूर्ण हो गया। एसीपी ने बताया कि करीब ढाई घंटे बाद, रात साढ़े 12 बजे बच्चा घर से करीब 100 मीटर दूर एक मंदिर में सोता हुआ मिला। पुलिस के अनुसार, बच्चा खुद ही चलते-चलते मंदिर तक पहुंच गया था और वहीं एक कोने में सो गया था। दिलचस्प बात यह रही कि सर्च टीम पहले भी मंदिर के पास से गुजरी थी, लेकिन उस समय बच्चा नजर नहीं आया। बाद में दोबारा चेक करने पर वह पर्दे के पीछे सोता मिला। बच्चे के सुरक्षित मिलने के बाद पुलिस ने उसे परिवार को सौंप दिया। बेटे को देखकर परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा और पूरे इलाके ने राहत की सांस ली।

## एयरपोर्ट पर फ्यूल संकट का असर, अप्रैल में दर्ज हुई साल की सबसे बड़ी गिरावट

**इंदौर।** अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते वैश्विक तनाव ने न केवल अंतरराष्ट्रीय कूटनीति बल्कि आम आदमी के हवाई सफर को भी प्रभावित करना शुरू कर दिया है। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और विमान ईंधन के महंगे होने से हवाई टिकटों के दाम आसमान छू रहे हैं, जिसका सीधा असर अब इंदौर के देवी अहिल्या बाई होलकर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर दिखाई दे रहा है। नए वित्तीय वर्ष 2026-27 की शुरूआत ही इंदौर एयरपोर्ट के लिए निराशाजनक रही है। अप्रैल 2026 के आंकड़ों के मुताबिक बीते एक साल में यात्रियों की संख्या अपने न्यूनतम स्तर पर पहुंच गई है। पूरे महीने में कुल 3 लाख 46 हजार 8 यात्रियों ने सफर किया, जिनमें से 1 लाख 72 हजार 725 यात्री इंदौर पहुंचे और 1 लाख 73 हजार 283 यात्रियों ने यहां से उड़ान भरी। यात्रियों की इस कमी का एक बड़ा तकनीकी कारण पिछले दो महीनों से शारजाह उड़ान का संचालन बंद होना भी माना जा रहा है। विमानों की आवाजाही में भी कमी आई है और पूरे महीने में केवल 2,569 विमानों का संचालन हुआ, जो साल का सबसे कम आंकड़ा है। ट्रेवल एजेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष अमोल कटारिया ने बताया कि फरवरी अंत से अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के कारण इंदौर से चलने वाली शारजाह की एकमात्र अंतरराष्ट्रीय उड़ान बंद है, जिससे इंटरनेशनल टूरिज्म घटा है। वहीं युद्ध के कारण जेट फ्यूल महंगा हो जाने से उड़ानों का किराया भी बढ़कर दोगुना तक हो गया है। साथ ही कई घरेलू उड़ानें बंद होने से भी यात्री घटे हैं। इन सभी कारणों से इंदौर से यात्री और उड़ानों की संख्या में कमी आई है। इसके कारण गर्मी की छुट्टी का पीक सीजन भी पर्यटन के लिहाज से खराब हो रहा है। इस स्थिति को देखते हुए आने वाले समय में भी बड़ी राहत की उम्मीद नहीं है। 29 मार्च से लागू हुए उड़ानों के समर शेड्यूल के साथ ही इंदौर एयरपोर्ट को 17 महीनों बाद दोबारा 24 घंटे खुला रखा जाने लगा है। इसके बाद उम्मीद की जा रही थी कि इंदौर के खाते में रात और सुबह की कई नई उड़ानें जुड़ेंगी, लेकिन इसके उलट इंदौर में पहले से चल रही कई उड़ानें बंद हो गई हैं। उड़ानों के बंद होने से इंदौर का नासिक, उदयपुर, भुवनेश्वर और जम्मू से संपर्क भी टूट चुका है। इसके साथ ही दिल्ली, मुंबई, गोवा सहित अन्य मार्गों पर भी उड़ानें कम हुई हैं। साथ ही युद्ध के कारण 28 फरवरी से इंदौर से शारजाह उड़ान भी बंद है। इन सभी कारणों से भी उड़ानों और यात्रियों की संख्या भी घटी है।

## जिंसी इलाके में प्रस्तावित रोड का कार्य शीघ्र शुरू होगा



**इंदौर।** जिंसी इलाके में प्रस्तावित रोड का काम अब जल्द शुरू होगा। यहां नाले पर पुल बनाने का काम तो शुरू हो गया है, इसके आगे बढ़ते ही रोड का काम भी शुरू हो जाएगा। शनिवार सुबह महापौर पुष्यमित्र भार्गव यहां काम की स्थिति देखने पहुंचे और लोगों से बातचीत की। यहां रोड के काम के चलते कई लोगों ने पहले ही स्वेच्छा से अतिक्रमण हटा लिए हैं, जिन्होंने नहीं हटाए हैं उन्हें तीन दिन का समय दिया गया है। दरअसल, शहर के भविष्य को देखते हुए सड़कों के मजबूत नेटवर्क पर खासा ध्यान दिया जा रहा है। महापौर ने कहा कि साल 2023 के मास्टर प्लान के तहत शहर के बीच की प्रमुख सड़कें समय पर बनकर तैयार हों ये बहुत जरूरी है। जिंसी से लक्ष्मीबाई प्रतिमा तक बनने वाली रोड का काम जल्द शुरू किया जाएगा। नाले पर पुल बनाने का काम शुरू हो चुका है, इसके आगे बढ़ते ही रोड का काम भी शुरू हो जाएगा। महापौर ने यहां के रहवासियों से बात की। उन्हें सड़क परियोजना के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने रहवासियों से अपील की है कि वे स्वेच्छा से अपने अतिक्रमण हटाएं, ताकि काम में कोई दिक्कत ना आए। हालांकि कई लोगों ने स्वेच्छा से अपने निर्माण हटाने की सहमति भी दी। जिन लोगों ने अभी तक निर्माण नहीं हटाए हैं, उन्हें तीन दिन का समय दिया गया है। इसके बाद नगर निगम की टीम यहां पर जरूरी कार्रवाई करते हुए बाधाओं को हटाने का काम करेगी, ताकि प्रस्तावित सड़क योजना को सुचारू रूप से शुरू किया जा सके। महापौर के साथ अपर आयुक्त, पार्षद, एमआईसी मेंबर राजेंद्र राठौर, अश्विनी शुक्ल सहित कई लोग मौजूद थे।

### साउथ गाडराखेड़ी में ड्रेनेज लाइन का काम रोकने पर नगर निगम के जोन-1 ऑफिस में हंगामे की स्थिति बन गई

# पार्षद ने लगाया निगम कर्मचारी पर आरोप, कागज भी फटे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

नगर निगम के जोन-1 ऑफिस में शनिवार दोपहर उस वक्त हंगामे की स्थिति बन गई, जब साउथ गाडराखेड़ी में ड्रेनेज लाइन का काम रुक गया। पार्षद लोगों के साथ जोन ऑफिस पर पहुंचे, जहां निगम कर्मचारियों से उनकी बहस भी हो गई।

दरअसल, वार्ड 9 के पार्षद राहुल जायसवाल क्षेत्र के रहवासियों के साथ जोन 1 पर पहुंचे थे। इसके बाद ये स्थिति बनी। बताया जा रहा है कि यहां पर कुछ लोगों ने ऑफिस में कागज भी फाड़ दिए। मामले में पार्षद राहुल जायसवाल ने बताया कि साउथ गाडराखेड़ी में 25 सालों बाद ड्रेनेज लाइन डालने का काम शुरू हुआ था।





उन्होंने जोन की सब इंजीनियर मनीषा राणा पर यहां के काम को रुकवाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि दूसरी कॉलोनियों में काम के लिए उन्होंने यहां के काम को रुकवाया है। जबकि साउथ गाडराखेड़ी बस्ती में ड्रेनेज लाइन की काफी दिक्कत है। हफ्ते में चार से पांच बार यहां लाइन चौक हो जाती है। पार्षद ने आरोप लगाते हुए कहा कि मैडम अपने हिसाब से काम करवा रही हैं। इसकी शिकायत महापौर, नगर निगम कमिश्नर और पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय से भी की। उन्होंने ठेकेदार को नोटिस देने का भी आरोप लगाया, जिसके कारण काम बंद हो गया। ठेकेदार ने बताया कि वह काम बंद कर रहा है जो काम हुआ है उसका पैमेंट करवा दो। इसके चलते वे जोन पर आए हैं। हालांकि उन्होंने ऑफिस में कागज फाड़ने की बात का खंडन किया।

### गहमा-गहमी की बनी स्थिति

मामले में जोनल अधिकारी विनोद अग्रवाल ने बताया कि गाडराखेड़ी के लोग और पार्षद आए थे। गुलशन नाम का ठेकेदार यहां काम कर रहा था। उसने काम बीच में ही बंद कर दिया है। उन्होंने सब इंजीनियर पर काम बंद करवाने का आरोप लगाया है। जोनल अधिकारी ने मैडम से बात की तो उन्होंने कहा कि लैबर नहीं थी इसलिए काम बंद करवा दिया है। वहीं पार्षद का दूसरा आरोप मैडम द्वारा काम में अडंगा डालने का है। मैडम से कहा है कि जो काम चल रहा है वह नहीं रुकेगा। ऑफिस में कागज फटे होने की बात पर कहा कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है।

### गलतफहमी हो गई थी

मामले में सब इंजीनियर मनीषा राणा ने कहा कि ठेकेदार ने खुद ही काम बंद कर दिया था उसकी लेबर शादी में गई है। पार्षद को लगा कि काम हमने बंद करवाया है, ये गलतफहमी हो गई थी। हमने ठेकेदार को कोई नोटिस भी जारी नहीं किया है। इस मामले में जोनल अधिकारी को पूरी जानकारी दे दी है।

### जेल से छूटने के बाद होटल में ठहरी सोनम, शिलॉन्ग से बाहर जाने के लिए दाखिल करेगी अर्जी

# कोर्ट ने राज कुशवाह की जमानत खारिज की

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

शिलॉन्ग की अदालत ने शुक्रवार को चर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड में आरोपी राज कुशवाहा की जमानत याचिका खारिज कर दी। वहीं, सोनम को मिली जमानत को आधार बनाकर जेल में बंद अन्य आरोपी विशाल चौहान, आनंद कुर्मी और आकाश राजपूत ने भी कोर्ट में जमानत के लिए आवेदन दायर कर दिया है।

बता दें की राजा रघुवंशी हत्याकांड की मुख्य आरोपी सोनम मंगलवार रात को जेल से रिहा हो चुकी है और फिलहाल शिलांग के एक होटल में ठहरी हुई है। ऐसे में वह सुरक्षा कारणों का हवाला देकर शिलॉन्ग से बाहर जाने की अनुमति के लिए नई अर्जी दाखिल कर सकती है।

राज के वकील फुयोसा योबिन के अनुसार, सेशन कोर्ट ने जमानत याचिका को तकनीकी आधार पर निरस्त किया। आवेदन में पिछले बेल आवेदन का उल्लेख नहीं किया गया था, जिसे कोर्ट ने गंभीर माना। हालांकि, यह खारिजी मामले के गुण-दोष (मेरिट) के



आधार पर नहीं हुई। अब सोमवार को नई जमानत अर्जी दायर की जाएगी।

जमानत याचिका खारिज करते हुए शिलॉन्ग कोर्ट ने अपने आदेश में सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का हवाला दिया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि आरोपी राज के वकील ने याचिका में उसके आपराधिक रिकॉर्ड का उल्लेख नहीं किया, जो नियमों का उल्लंघन है। इसी आधार पर जमानत अर्जी निरस्त कर दी गई। कोर्ट ने अपने आदेश में अप्रैल 2025 के चर्चित फैसले मुनेश बनाम उत्तरप्रदेश का उल्लेख किया। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने साफ निर्देश दिए थे कि अब नियमित या अग्रिम जमानत मांगने वाले हर याचिकाकर्ता को अपने आपराधिक इतिहास का पूरा खुलासा करना अनिवार्य होगा।

### सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के मुताबिक इन शर्तों को मानना जरूरी

सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया था कि यदि कोई याचिकाकर्ता जानकारी छुपाता है या गलत तथ्य पेश करता है, तो उसकी जमानत याचिका तुरंत खारिज की जा सकती है। कोर्ट के अनुसार, यह व्यवस्था न्यायिक प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ाने और जमानत प्रावधानों के दुरुपयोग को रोकने के उद्देश्य से लागू की गई है। याचिकाकर्ता को बताना होगा कि उसका पिछला रिकॉर्ड साफ है या नहीं, यदि किसी भी आपराधिक मामले में संलिप्तता रही है, तो उसका पूरा विवरण देना होगा, संबंधित मामलों की वर्तमान स्थिति भी स्पष्ट करनी होगी, परिवार दूर, वकील ही कर रहे प्रक्रिया।

## सोमवार से निजी स्कूलों में गरीब बच्चों के प्रवेश का दूसरा चरण

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत इस शिक्षण सत्र में भी निजी स्कूलों में गरीब बच्चों का प्रवेश निःशुल्क कराया जा रहा है। पहले चरण के बाद अब दूसरे चरण की प्रक्रिया 4 मई यानी सोमवार से शुरू होगी। राज्य शिक्षा केन्द्र ने द्वितीय चरण की इस प्रक्रिया के लिए दिशा -निर्देश सभी जिला कलेक्टर और जिला परियोजना समन्वयक को जारी कर दिए हैं। पहले चरण के बाद बची सीटों पर यह प्रवेश प्रक्रिया होगी और इसके लिए कोई नया पंजीयन नहीं किया जाएगा। जिन अभिभावकों ने पहले चरण में आवेदन किए उन्हीं को इसमें शामिल किया जाएगा। दरअसल, 31 मार्च की बजाय शासन ने संशोधन उपरांत 30 मार्च को अवकाश घोषित कर दिया था, जिसके चलते कई बच्चों के दस्तावेज सत्यापित नहीं हो पाए।

राज्य शिक्षा केंद्र के संचालक श्री हरजिंदर सिंह ने बताया कि द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया में कोई नया पंजीयन नहीं किया जाएगा। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए केवल उन्हीं आवेदकों को शामिल किया जाएगा, जिन्होंने पहले चरण में आवेदन किया था। उन्होंने बताया कि 31 मार्च 2026 को अवकाश निर्धारित होने तथा संशोधन उपरांत 30 मार्च 2026 को अवकाश घोषित किए जाने के कारण कुछ अभिभावक अपने बच्चों का दस्तावेज सत्यापन निर्धारित समय पर नहीं करा सके। ऐसे में बच्चों के हितों को ध्यान में रखते हुए ऐसे सभी आवेदकों को एक और अवसर दिया गया है। जिन विद्यार्थियों ने इस सत्र में आवेदन किया है लेकिन सत्यापन नहीं करा पाए हैं, वे आवेदन के समय चयनित जनशिक्षा केंद्र पर जाकर सत्यापन करा सकते हैं। सत्यापन में पात्र पाये जाने पर संबंधित आवेदक द्वितीय चरण में स्कूलों की चॉइस अपडेट कर सकेंगे।

नक्शा सुधार में अनदेखी

## डिप्टी कलेक्टर बड़कुल को थमाया नोटिस, 7 दिन में जवाब मांगा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

कनाड़िया क्षेत्र में नक्शा दुरुस्ती के एक मामले में नियमों के उल्लंघन पर कलेक्टर ने तत्कालीन एसडीएम ओमनारायण बड़कुल को (डिप्टी कलेक्टर) को कारण बताओ नोटिस जारी किया और सात दिन में जवाब मांगा है। अधिवक्ता अतुल यादव की शिकायत पर हुई जांच में पाया गया कि संबंधित अधिकारी ने मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 के प्रावधानों की अनदेखी करते हुए आदेश पारित किया।

मामला ग्राम अरंडिया की जमीन से जुड़ा है। इसमें खसरे और नक्शे में गलती सुधार का केस दर्ज था। जांच में सामने आया कि गलती 5 साल से अधिक पुरानी थी, ऐसे सुधार से पहले कलेक्टर की अनुमति आवश्यक होती है। बावजूद इसके एसडीएम ने बिना अनुमति नक्शा संशोधन की प्रक्रिया आगे बढ़ाते हुए 23 जनवरी 2026 को आदेश पारित कर दिया। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख है कि अधिकारी को इस प्रक्रिया की जानकारी थी, फिर भी उन्होंने नियमों की अवहेलना की। कलेक्टर शिवम वर्मा ने नोटिस में सात दिन के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है और चेतावनी दी है कि संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर एकपक्षीय कार्रवाई कर प्रस्ताव संभागायुक्त को भेजा जाएगा।

स्कूल किराये पर देना है
नर्सरी से आठवी मान्यता प्राप्त (एमपी बोर्ड)
स्कूल किराये पर देना है।
लोकेशन- घोंसला के पास, महिदपुर रोड पर
टोटल एरिया 28500 स्क्वेयर फीट
प्लेज ग्राउंड एवं संपूर्ण फर्नीचर के साथ
6000 स्क्वेयर फीट पर बिल्डिंग बना हुआ।
मो. 8770738811

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)




पारिवारिक यात्रा स्पेशल स्लीपर बस द्वारा
केदारनाथ/अमरनाथ यात्रा 2026
गंगोत्री, यमनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, हरिद्वार ऋषिकेश, मथुरा, गोकुल, वृन्दावन एवं अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन
स्लीपर बस किराया, चाय, नाश्ता, भोजन तथा ठहरने की उत्तम व्यवस्था के साथ
यात्रा अवधि- 15 से 17 दिन रहेगी।
अमरनाथ यात्रा की बुकिंग चालू है
- संपर्क -
गिरीश श्रीवास्तव मो. 8817438104
विपीन श्रीवास्तव मो. 9826063354
अन्नपूर्णा बस सर्विस
कोयला फाटक चौराहा, उज्जैन (म.प्र.)

झारडा
मकान बेचना है
Size 12.5x30
मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा
नागदा
मकान बेचना है
Size 20x40
श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा
संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com